CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : $25^{0}$ C
न्यूनतम : $11^{0}$ C

नई दिल्ली, शनिवार 28 फरवरी 2026 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 328 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन शुक्ल पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2082 10 रमज़ान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



केजरीवाल के साथ सत्य और न्याय दोनों खड़े : अखिलेश यादव पेज 2




जम्मू-कश्मीर का पहली बार रणजी चैंपियन बनना पक्का खेल टाइम्स



विज्ञान में महिलाएं : विकसित भारत की नई ऊर्जा सम्पादकीय



न्यूयॉर्क मेयर ममदानी ने ट्रम्प से की मुलाकात पेज 12

## 10वां रोज़ा

### रहमत और बरकत का आशियाना है 10वां रोज़ा



रमजान माह के तीस रोजे दरअसल तीन अशरों पर मुश्तमिल हैं। शुरुआती दस दिनों यानी रोजों का अशरा रहमत का, बीच के दस रोजों का अशरा मगफिरत का और आखिरी दस रोजों का अशरा दोजख से निजात का है। रहमत का अशरा अल्लाह की सना करते हुए रोजेदार के लिए अल्लाह की मेहरबानी मांगने का है। कुरआने-पाक में जिक्र आया है ...तो अपने रब की सना करते हुए उसकी पाकी बयान करो और उससे बख्शीश चाहो। दरअसल शुरुआती दस रोजे यानी पहला अशरा, अल्लाह से रहमत हासिल करने का दौर है। दसवां रोज़ा अल्लाह की रहमत की रवानी और मेहरबानी के मील के पत्थर की मानिन्द है।

# पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच जंग जैसे हालात

इस्लामाबाद, वार्ता

**पाकिस्तान और अफगानिस्तान** के बीच हालात जंग जैसे हो गए हैं। पाकिस्तान एयरफोर्स ने अफगानिस्तान के कई इलाकों में फिर से एयरस्ट्राइक की है।

वहीं तालिबान ने दावा किया है कि उसने इस्लामाबाद के फैजाबाद सैन्य ठिकाने समेत कई अहम ठिकानों को निशाना बनाया। संघर्ष की शुरुआत गुरुवार रात हुई, जब अफगानिस्तान ने 22 फरवरी को हुए पाकिस्तानी हमले के जवाब में कार्रवाई की। टोलो न्यूज के मुताबिक तालिबान प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने 55 पाकिस्तानी सैनिकों को मारने का दावा किया है। इसके जवाब में पाकिस्तान ने 'गजब लिल हक' नाम का ऑपरेशन शुरू किया और काबुल समेत कई प्रांतों में हमले किए। पाकिस्तान का दावा है कि उसके हमलों में 274 अफगान लड़ाके मारे गए, जबकि 400 से ज्यादा घायल हैं। दोनों तरफ से करीब 300 से ज्यादा लोगों की मौत की खबर है। भारत ने भी पाकिस्तान के हमलों की निंदा करते हुए अफगानिस्तान का समर्थन किया है। अफगान मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक तालिबानी लड़ाकों ने एक पाकिस्तानी जेट भी मार गिराया है।



- **पाक का दावा: 274 अफगान लड़ाके मारे गए, 400 से ज्यादा घायल, दोनों तरफ से करीब 300 से ज्यादा लोगों की मौत की अटकलें**
- **भारत ने भी पाकिस्तान के हमलों की निंदा करते हुए अफगानिस्तान का किया समर्थन**
- **तालिबान बोला: फिर हमला किया, तो कड़ा जवाब देंगे**

हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। अफगान सरकार का दावा है कि 23 पाकिस्तानी सैनिकों के शव उसके पास हैं। पाकिस्तानी सेना के एक हेडक्वार्टर और 19 चौकियों पर भी कब्जा कर लिया गया है। पाक रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि हमारे सब्र की सीमा पार हो चुकी है, अब हमारे और आपके बीच खुला युद्ध छिड़ गया है। पाकिस्तानी सूचना मंत्री ने यह वीडियो एक्स पर पोस्ट किया है। वीडियो में पाकिस्तानी एयरफोर्स की अफगानिस्तान के काबुल, कंधार और पक्तिका प्रांत में स्ट्राइक के फुटेज हैं। अफगानिस्तान के सेना प्रमुख फसीहुद्दीन फितरत ने कहा है -शेष पृष्ठ दो पर

## भारत की तीसरी तिमाही की जीडीपी वृद्धि दर 7.8 % हुई

**नई दिल्ली।** भारतीय अर्थव्यवस्था ने एक बार फिर अपने मजबूत प्रदर्शन से बाजार और अर्थशास्त्रियों को चौंका दिया है। वित्त वर्ष 2026 की तीसरी तिमाही के सकल घरेलू उत्पाद के आंकड़े जारी हो गए हैं, जिसने 7.8 प्रतिशत की शानदार वृद्धि दर्ज की है। चालू वित्तीय वर्ष की दूसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 8.4 फीसदी थी। देश की अर्थव्यवस्था की इस तेज रफ्तार और इसके पीछे के मुख्य कारणों को आइए एक आसान सवाल-जवाब के जरिये विस्तार से समझते हैं।

# कोई नहीं कर सकता हमारे आदेश का उल्लंघन: सुप्रीम कोर्ट

## शीर्ष अदालत ने बंगाल एसआईआर पर सुनवाई के दौरान की टिप्पणी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में प. बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) मामले की सुनवाई हुई। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि न तो चुनाव आयोग और न ही राज्य सरकार हमारे आदेशों का उल्लंघन करेगी।

सुप्रीम कोर्ट ने ये भी कहा कि हमने स्पष्ट कर दिया है कि किन दस्तावेजों की जांच की जानी है। हमारे आदेश बिल्कुल स्पष्ट हैं। सुप्रीम कोर्ट में पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से बताया गया कि चुनाव आयोग ने राज्य में मतदाता सूचियों के एसआईआर में तैनात न्यायिक अधिकारियों के लिए एक प्रशिक्षण मॉड्यूल जारी किया था। सुप्रीम कोर्ट ने इस पर टिप्पणी की कि वह अपने न्यायिक अधिकारियों को जानता है और वे किसी भी चीज से प्रभावित नहीं होंगे। पश्चिम बंगाल की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जायमाल्या बागची की पीठ के सामने इस मामले का उल्लेख किया। उन्होंने पीठ से कहा कि चुनाव आयोग ने पीठ पीछे न्यायिक अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। एक प्रशिक्षण मॉड्यूल -शेष पृष्ठ दो पर



- **कहा: हमने स्पष्ट कर दिया है किन दस्तावेजों की जांच की जानी है, आदेश बिल्कुल स्पष्ट है**

## परिवार संग होली मना सकेगा नीतीश कटारा हत्याकांड का दोषी

- **सुप्रीम कोर्ट ने दी सात दिन की फरलो**

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को दोषी विकास यादव की याचिका मंजूर की। विकास यादव 2002 में व्यवसायी नीतीश कटारा की हत्या के लिए 25 साल की जेल की सजा काट रहा है।

उसने जेल से होली पर परिवार के साथ समय बिताने के लिए रिहाई की मांग की थी। जस्टिस एमएम सुंदरेश और विपुल एम पंचोली की बेंच ने कहा कि विकास यादव ने अब तक 23 साल की सजा पूरी कर ली है। इसलिए उसे सात मार्च तक रिहाई की अनुमति दी गई है। इस दौरान वह अपने परिवार के साथ होली मना सकेगा। बेंच ने कहा कि होली के समय परिवार के साथ समय बिताने के लिए फरलो का आवेदन किया गया है। मामले के मापदंडों में प्रवेश किए बिना हम याचिकाकर्ता को सात मार्च तक फरलो (अस्थायी रिहाई) की अनुमति देते हैं। सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने विकास यादव की रिहाई के खिलाफ याचिकाकर्ताओं की आपत्तियों को खारिज किया।

# शराब घोटाला मामला: केजरीवाल व सिसोदिया समेत सभी 23 आरोपी बरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

- **अदालत ने सीबीआई के जांच अधिकारी के खिलाफ विभागीय जांच कराने का दिया आदेश**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में पूर्व मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल और पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के साथ-साथ अन्य 21 आरोपियों को बरी करते हुए केंद्रीय जांच एजेंसी (सीबीआई) के जांच अधिकारी (आईओ) के खिलाफ विभागीय जांच कराने का आदेश दिया।

राउज एवेन्यू अदालत के विशेष न्यायाधीश जितेन्द्र सिंह ने इस मामले में जिन सभी 23 आरोपियों को बरी किया है, उनमें तेलंगाना से पूर्व सांसद के. कविता, विजय नायर, समीर महेंद्रू शामिल हैं। यह मामला 2021-22 की दिल्ली आबकारी नीति में कथित भ्रष्टाचार से जुड़ा था। इस नीति को तत्कालीन केजरीवाल सरकार ने अनियमितताओं के आरोप लगने के बाद वापस ले लिया था। फैसला आने के बाद सीबीआई ने कहा कि उसकी जांच के कई महत्वपूर्ण पहलुओं को अदालत ने या तो नजरअंदाज किया या पर्याप्त महत्व नहीं दिया। एजेंसी ने कहा है कि वह इस फैसले के खिलाफ उच्च न्यायालय में अपील करेगी। अदालत ने अपने फैसले में कहा कि अभियोजन पक्ष सीबीआई प्रथम दृष्ट्या मामला साबित नहीं कर सका है। अदालत ने कहा कि सीबीआई -शेष पृष्ठ दो पर

## मोदी व शाह ने रचा सबसे बड़ा राजनीतिक षड्यंत्र: केजरीवाल

**नई दिल्ली।** 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली आबकारी नीति मामले में बरी होने के बाद इसे सत्य की जीत करार देते हुए कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने मिलकर आजाद भारत का सबसे बड़ा राजनीतिक षड्यंत्र रचा।

श्री केजरीवाल अदालत से बरी होने के बाद पत्रकारों से बातचीत में बेहद भावुक हो गए। उनकी आंखों से आंसू गिरने लगे और उनकी जबान लड़खड़ा गई। कुछ सेकंड की चुप्पी के बाद उन्होंने कहा के केजरीवाल भ्रष्ट नहीं है। मैंने अपने जीवन में केवल ईमानदारी कमाई है। यह पूरा केस फर्जी था। आखिर में अधर्म व अन्याय हारता है और सच ही जीतता है। सत्यमेव जयते। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ सालों से भाजपा जिस तरह से बार-बार शराब घोटाला-शराब घोटाला का आरोप लगा रही थी, शुक्रवार को कोर्ट ने वे सारे आरोप खारिज कर दिए और जितने भी आरोपी थे, सबको बरी कर दिया। उन्होंने कहा कि हम हमेशा कहते थे कि सत्य की जीत होती है। हमें भारतीय न्याय प्रणाली पर भरोसा है। मैं जज साहब का बहुत-बहुत शुक्रिया अदा करता हूं, जिन्होंने हमारे साथ न्याय किया।




## संक्षिप्त समाचार

### उत्तराखंड के 6 शहरों में पारा -10 डिग्री सेल्सियस से नीचे

**नई दिल्ली।** देश के कई राज्यों में गर्मी लगातार बढ़ रही है। राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ के कई शहरों में तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया है। उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में शीतलहर की स्थिति है। उत्तरकाशी, चमोली, और पिथौरागढ़ में शुक्रवार को बारिश और बर्फबारी का अलर्ट रहा।

### भाजयुमो का सोनिया गांधी के आवास के बाहर प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** भाजपा युवा मोर्चा की केरल इकाई के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी के आवास के बाहर श्री भगवान स्वामी शरणम अयप्पा मंदिर से जुड़े स्वर्ण चोरी प्रकरण को लेकर शुक्रवार को प्रदर्शन किया। पूर्व केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के नेतृत्व में आयोजित विरोध प्रदर्शन में केरल भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने इस मामले में तत्काल, निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की मांग करते हुए कांग्रेस नेतृत्व की चुप्पी पर प्रश्न उठाया।

# योगी ने होली से पहले वेतन भुगतान के दिए सख्त निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो

- **उप्र में 2, 3 और 4 मार्च को सार्वजनिक अवकाश रहेगा**

**लखनऊ।** होली पर्व को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि नियमित कर्मचारियों सहित आउटसोर्सिंग, संविदा और सफाईकर्मियों का वेतन होली से पूर्व हर हाल में जारी किया जाए।

उन्होंने स्पष्ट कहा है कि भुगतान में किसी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि सभी विभाग अपने स्तर से वेतन वितरण की प्रक्रिया तत्काल पूरी करें, ताकि कर्मचारियों को त्योहार के दौरान किसी प्रकार की आर्थिक असुविधा का सामना न करना पड़े। शासन ने शनिवार, 28 फरवरी 2026 को कार्यदिवस घोषित किया है। वहीं कर्मचारियों को 3 मार्च 2026 का अतिरिक्त अवकाश दिया जाएगा।

# कनाडाई पीएम चार दिन के दौरे पर भारत पहुंचे

- **निवेश-ट्रेड डील पर फोकस**

**नई दिल्ली।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी शुक्रवार को 4 दिन के दौरे पर भारत पर पहुंच गए हैं। इस दौरे का मकसद भारत और कनाडा के बीच व्यापार, ऊर्जा, तकनीक और रक्षा जैसे क्षेत्रों में नए साझेदारी को मजबूत करने पर फोकस करना है।

प्रधानमंत्री के तौर पर मार्क कार्नी का यह पहला भारत दौरा है। कनाडा में निवेश को बढ़ावा देने के लिए कार्नी मुंबई में बिजनेस लीडर्स से मुलाकात करेंगे। इस दौरान इंफ्रास्ट्रक्चर, क्लीन एनर्जी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग में निवेश पर चर्चा होगी। कार्नी की भारत यात्रा से पहले कनाडा के अधिकारी अब भारत पर लगाए गए कुछ गंभीर आरोपों से पीछे हटते नजर आ रहे हैं। पहले कनाडा ने आरोप लगाया था कि भारत उसकी जमीन पर हस्तक्षेप कर रहा है और सीमापार दबाव जैसी गतिविधियों में शामिल है।




नई दिल्ली: 'आप' के संयोजक अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह और सौरभ भारद्वाज शराब घोटाला मामले में अदालत से राहत मिलने के बाद जीत का निशान दिखाते हुए।

# मुर्मू ने स्वदेशी लड़ाकू हेलीकॉप्टर 'प्रचंड' में भरी उड़ान



**नई दिल्ली।** तीनों सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को सशस्त्र बलों का मनोबल बढ़ाते हुए सुबह जैसलमेर वायुसेना स्टेशन से स्वदेशी लड़ाकू हेलीकॉप्टर 'प्रचंड' में ऐतिहासिक उड़ान भरकर इतिहास रचा। राष्ट्रपति की इस उड़ान ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण का भी संदेश दिया।

वह 2023 में लड़ाकू विमान सुखोई और 2025 में राफेल में भी उड़ान भर चुकी हैं। इस उड़ान से शुक्रवार का दिन भारतीय सैन्य इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज हो गया। श्रीमती मुर्मू की यह उड़ान एक मिशन का हिस्सा थी और इसमें वह ग्रुप कैप्टन नयन शांतिलाल बहुआ के साथ कॉकपिट में सह पायलट की भूमिका में नजर आई। ऐसा करने वाली वह देश की पहली राष्ट्रपति हैं। इस मिशन में दो हेलीकॉप्टर शामिल थे जिनमें से दूसरे हेलीकॉप्टर में स्वयं वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ग्रुप कैप्टन ए. महेंद्र के साथ सवार थे। लगभग 25 मिनट के इस मिशन के दौरान हेलीकॉप्टरों ने गडिसर झील और जैसलमेर किले के ऊपर से उड़ान भरी तथा हेलीकॉप्टर ने एक टैंक को लक्ष्य बनाकर हमला किया। राष्ट्रपति ने हेलीकॉप्टर की कॉकपिट से सैनिकों को सलामी भी दी। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पर अपना अनुभव भी साझा करते हुए लिखा कि प्रचंड हेलीकॉप्टर आत्मनिर्भरता का एक प्रबल प्रतीक है। इस समय मैं प्रसिद्ध जैसलमेर किले के ऊपर उड़ान भर रही हूं। मुझे देश के वीर वायु सैनिकों पर अत्यंत गर्व है। आगंतुक पुस्तिका में राष्ट्रपति ने एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखकर भी अपनी भावनाओं को व्यक्त किया।

> **सशस्त्र बलों का मनोबल बढ़ाया, राफेल और सुखोई लड़ाकू विमानों में पहले ही उड़ चुकी हैं राष्ट्रपति**

## क्रिकेटर रिंकू सिंह के पिता का निधन

**नोएडा।** भारतीय क्रिकेट टीम के उभरते बल्लेबाज रिंकू सिंह के पिता खानचंद सिंह का निधन हो गया है। वह लंबे समय से लीवर कैंसर से जूझ रहे थे। उनकी तबीयत बिगड़ने पर ग्रेटर नोएडा स्थित यथार्थ हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उन्हें वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया था। परिजनों के अनुसार, पिछले कुछ दिनों से उनकी हालत लगातार नाजुक बनी हुई थी।

**तुरन्त आवश्यकता**

इंडस्ट्रियल एरिया, बिजनौर स्थित फैक्ट्री के लिये

- अलमीरा कारीगर-10
- पार्टिकल बोर्ड के लिये कारपेंटर-4
- सुपरवाइजर मशीन चलाने हेतु- 2

सम्पर्क करें- मो. 7017517607,9389076177

## संक्षिप्त समाचार

### अवनीश अवस्थी को मिला एक वर्ष का सेवा विस्तार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मुख्य सलाहकार एवं पूर्व आईएएस अधिकारी अवनीश अवस्थी को एक वर्ष का सेवा विस्तार प्रदान किया गया है। शासन की ओर से जारी आदेश के अनुसार उनका कार्यकाल अब 28 फरवरी 2027 तक बढ़ा दिया गया है। अवनीश अवस्थी को मुख्यमंत्री के सबसे भरोसेमंद अधिकारियों में गिना जाता है। वे प्रशासनिक अनुभव, नीतिगत समन्वय और महत्वपूर्ण निर्णयों के क्रियान्वयन में अपनी सक्रिय भूमिका के लिए जाने जाते हैं। सरकार की विभिन्न प्रमुख परियोजनाओं और कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। सेवा विस्तार को सरकार की निरंतरता और नीतिगत स्थिरता के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### चीता गामिनी ने एक और शावक को दिया जन्म: यादव

**नई दिल्ली।** पर्यावरण और वन मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा है कि मध्य प्रदेश के कुनो राष्ट्रीय उद्यान में मादा चीता गामिनी ने एक और शावक को जन्म दिया है। इसके साथ ही गामिनी के शावकों की संख्या चार हो गई है। केंद्रीय मंत्री के अनुसार गामिनी ने इससे पहले इसी सप्ताह बुधवार को तीन शावकों को जन्म दिया था और चौथै शावक को शुक्रवार को जन्म दिया है। इसके साथ ही देश में चीतों की संख्या बढ़कर 39 हो गई है। यादव ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर गामिनी के चौथे शावक के जन्म की जानकारी देते हुए खुशी जताई कि कुनो राष्ट्रीय उद्यान में मादा चीता गामिनी ने चौथे शावक के जन्म दिया है।इससे पहले गामिनी ने तीन और शावकों को जन्म दिया था। उन्होंने लिखा- कुनो राष्ट्रीय उद्यान में मादा चीता गामिनी के चौथे शावक के जन्म की घोषणा करते हुए प्रसन्नता हो रही है।

## दिल्ली के बहुचर्चित शराब घोटाले को लेकर चढ़ा सियासी पारा

# केजरीवाल के साथ सत्य व न्याय दोनों खड़े: अखिलेश



■ राउज एवेन्यू कोर्ट से फैसला आने पर सपा अध्यक्ष ने भाजपा सरकार को आड़े हाथ लिया, केजरीवाल और सिसोदिया सहित सभी 23 आरोपी के बरी होने का 'आप' ने किया स्वागत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** शराब घोटाला केस में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री अरविद केजरीवाल और उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को सीबीआई केस में बरी किए जाने पर समा. जवादी पार्टी अध्यक्ष ने भाजपा को आड़े हाथ लिया है। उन्होंने इसे भाजपा के लिए 'नैतिक मृत्युदंड' बताते हुए कहा कि आज दिल्ली के लोकप्रिय पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ सत्य और न्याय दोनों खड़े हैं।

शुक्रवार को सोशल मीडिया के जिरए प्रतिक्रिया देते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि आरा. ेप कभी इतना बड़ा नहीं हो सकता कि वो सच को आच्छादित कर ले। आज हर ईमानदार आशा भरी सांस लेगा और भाजपा के समर्थक शर्म के मारे घोर आत्म-लज्जित हो रहे होंगे।

भाजपा ने दिल्ली के निवा. सियों से विश्वासघात किया है। उन्होंने कहा कि जो कपटजीवी सनातनी शंकराचार्य, साधु, संतों, संन्यासियों तक पर झूठे आरोप लगाने का महापाप करते हैं। वो भला किसी सरकार, दल या किसी व्यक्ति को बदनाम करने के लिए किस हद तक जा सकते हैं। इसकी कल्पना कोई शरीफ आदमी कर ही नहीं सकता है। अखिलेश यादव ने कहा कि आजादी से पहले, वर्तमान सत्ता के जो 'संगी-साथी' देश के दुश्मनों से मिले हुए थे और स्वतंत्रता सेनानियों को फांसी के फंदों तक पहुंचाने के लिए, आजादी के दीवानों के खलिाफ मुखबिरी जिनका काम रहा है, जो देश को गुलाम बनाने वाले साम्राज्यवादियों के माफी-वजीफे पर रहकर अपनी भूमिगत भूमिका निभाते रहे हैं, छल-छलावे के वो विचारवंशी भाजपाई, आज किसी को मुंह दिखाने लायक नहीं बचे हैं। वहीं दिल्ली के कथित आबकारी घोटाले में राउज एवेन्यू कोर्ट द्वारा पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं पूर्व मुख्यमंत्री अरविद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया सहित सभी 23 आरोपियों को बरी किए जाने के फैसले का आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश ने स्वागत किया है। शुक्रवार को प्रदेश मुख्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता में निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह ने कहा कि यह निर्णय न्यायपालिका की स्वतंत्रता और सत्य की विजय का प्रतीक है।

### भाजपा ने केजरीवाल के बरी होने पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के प्रमुख और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविद केजरीवाल को दिल्ली की नई शराब नीति मामले में बरी किए जाने पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने शुक्रवार को कहा कि पार्टी इस फैसले का विस्तृत अध्ययन करने के बाद अपना पक्ष रखेगी। त्रिवेदी पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में एक प्रश्न के जवाब में यह बात कही। उन्होंने कहा कि अदालत ने सबूतों के अभाव में फैसला सुनाया है, लेकिन यह एक तकनीकी विषय भी है, जिस पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है।

# ऑपरेशन धन के जरिये जब्त मादक पदार्थों की होली जलाएगी यूपी पुलिस

■ होली के दौरान यूपी में 108 व 102 एंबुलेंस सेवाएं 24 घंटे के लिए हाई अलर्ट पर रखी गई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) उत्तर प्रदेश द्वारा विभिन्न ऑपरेशनों के जिरए जब्त किए गए मादक पदार्थों के समयबद्ध विनष्टीकरण / निस्तारण के लिए यूपी पुलिस विशेष अभियान ष्ऑपरेशन दहनष चलाएगी। पहली मार्च से लेकर 31 मई तक प्रदेश के सभी जिलों में इसका समयबद्ध निस्तारण किया जाएगा।

शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय की तरफ से बयान जारी कर कहा गया है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नशा मुक्त उत्तर प्रदेश के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए, पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्णा के निर्देशन में प्रदेश में जब्त/बरामद अवैध मादक पदार्थों को नष्ट किया जाएगा। मुख्यालय की तरफ से कहा गया है कि अभियान के अंतर्गत न्यायालय से विनष्टीकरण के लिए अनुमति प्राप्त कर नियमानुसार विनिष्टी करण की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। जिसमें जनपदीय पुलिस प्रभारी डी सी पी कमिश्नरेट की व्यक्तिगत उपस्थिति में मादक पदार्थों का सुरक्षित विनष्टीकरण सुनिश्चित कराया जाएगा। संपूर्ण प्रक्रिया की वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी एवं विधिवत अभि लेखीकरण कर विनष्टीकरण कार्यवाही की पारदर्शिता सुनिश्चित की जाएगी। मुख्यालय ने कहा है कि 'ऑपरेशन दहन' केवल विनष्टीकरण की प्रक्रिया नहीं, बल्कि मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के विरुद्ध प्रदेश पुलिस की दृढ़ इच्छाशक्ति एवं शून्य सहनशीलता नीति का सशक्त प्रतिबिब है। इस अभियान के माध्यम से न केवल भंडारण संबंधी जोखिमों को न्यूनतम किया जाएगा, बल्कि नशा तस्करों के विरुद्ध कठोर एवं स्पष्ट संदेश भी प्रेषित किया जाएगा। लरदेश के सभी जिलों में इस अभियान की मॉनिटरिग एण्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स द्वारा की जाएगी। जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि विनष्टीकरण की सभी कार्यवाही नियमानुसार, पारदर्शी एवं समयबद्ध रूप से संपन्न हुई है। वहीं होली पर्व को देखते हुए उत्तर प्रदेश में 108 और 102 एंबुलेंस सेवाओं को 24 घंटे हाई अलर्ट पर रखा गया है। शासन के निर्देश के बाद सभी एंबुलेंस इकाइयों को विशेष सतर्कता बरतने के आदेश जारी किए गए हैं। किसी भी आपात स्थिति में नागरिक 108 डायल कर तत्काल सहायता प्राप्त कर सकते हैं। प्रदेश सरकार द्वारा इएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विस को 108 और 102 एंबुलेंस सेवाओं के संचालन की जिम्मेदारी दी गई है। संस्था के प्रेसीडेंट टीवीएसके रेड्डी ने बताया कि त्योहार के मद्देनजर विशेष दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, ताकि 24ग7 निर्बाध एंबुलेंस सेवा सुनिश्चित की जा सके। त्योहार के दौरान 108 एंबुलेंस को चिन्हित संवेदनशील स्थानों, दुर्घटना संभावित क्षेत्रों और थानों के आसपास तैनात रखा जाएगा, जिससे जरूरतमंदों को न्यूनतम समय में अस्पताल पहुंचाया जा सके। सभी एंबुलेंस में ऑक्सीजन, जीवनरक्षक दवाएं और आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है, जबकि सड़क दुर्घटना, जलने, हार्ट अटैक, सांस संबंधी समस्या, गर्भावस्था या अन्य किसी भी आपात स्थिति में 108 नंबर पर कॉल कर नि:शुल्क सेवा ली जा सकती है।

# दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता में सुधार

नई दिल्ली, वार्ता

पिछले कुछ दिनों से दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (दिल्ली-एनसीआर) में चल रही तेज हवाओं के कारण वायु गुणवत्ता में सुधार होने से दिल्लीवासियों को प्रदूषण से काफी राहत मिली है।

मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार राजधानी में अधिकतम तापमान लगभग 31 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है। इस सप्ताह उत्तर-पश्चिम भारत के कई हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से तीन से पांच डिग्री सेल्सियस ऊपर रहने का अनुमान जताया गया है। मौसम विभाग ने अगले सात दिनों के दौरान उत्तर-पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की क्रमिक वृद्धि का अनुमान जताया है। जिससे क्षेत्र में दिन का तापमान मौसमी औसत से ऊपर रहने की उम्मीद है। विभाग के अनुसार दो कमजोर पश्चिमी विक्षोभ 26 से 28 फरवरी और फिर दो-तीन मार्च के दौरान पश्चिमी हिमालई क्षेत्र को प्रभावित कर सकते हैं। इनके प्रभाव से कल और आज जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों में तथा आज हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में हल्की बारिश और बर्फबारी हो सकती है। दो से चार मार्च के बीच जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में कहीं-कहीं हल्की बारिश या बर्फबारी हो सकती है। मध्य भारत में अगले सात दिनों के दौरान अधिकतम तापमान तीन से पांच डिग्री सेल्सियस बढ़ने का अनुमान जताया गया है। महाराष्ट्र में अगले पांच दिनों में अधिकतम तापमान तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है, इसके बाद मौसम में कोई विशेष बदलाव नहीं होगा।

# एनसीआरटी के पाठ्यक्रम में बदलाव मोदी का बनावटीपन: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस ने कहा है कि एनसीईआरटी की पुस्तकों के पाठ्यक्रम में बदलाव को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गुस्सा बनावटी है और यदि उनका गुस्सा कृत्रिम नहीं है तो उन्हें पाठ्यक्रम बदलने से संबंधित पूरे मामले की जांच करवानी चाहिए।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शुक्रवार को एक बयान में आरोप लगाया कि श्री मोदी राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की पुस्तकों के मुद्दे पर बनावटी आक्रोश जता रहे हैं। पाठ्यक्रम में बदलाव पर वह अपनी नाराजी का सिर्फ दिखावा कर रहे हैं। उन्होंने श्री मोदी की नाराजगी को स्थिति संभालने का प्रयास बताया और कहा कि स्पष्ट रूप से एक डैमेज कंट्रोल प्रयास



के तहत यह संदेश दिया जा रहा है कि वे एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों में न्यायपालिका से जुड़े आलोचनात्मक उल्लेखों से बेहद नाखुश हैं।

पिछले एक दशक में उन्होंने ऐसे शिक्षाविदों और झोलाछाप अकादमिकों के एक नेटवर्क की अगुवाई की है, जिन्होंने अपने विचारधारात्मक वायरस से पाठ्यपुस्तकों को संक्रमित कर गंभीर नुकसान पहुंचाया है। यह कोई आकस्मिक चूक नहीं, बल्कि एक सुनियोजित वैचारिक घुसपैठ अभियान का हिस्सा है कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री पर हमला किया और कहा कि पाठ्यक्रम कैसा होना चाहिए इसकी भूमिका संघ मुख्यालय नागपुर में बनती है, जिससे श्री मोदी स्वयं सम्बद्ध हैं। उन्होंने कहा कि मोदी स्वयं नागपुर कॉम्युनल इकोसिस्टम फॉर रिराइटिग टेक्सबुक असली एनसीईआरटी- को दिशा देते और आकार देते रहे हैं।

रमेश ने कहा कि उच्चातम न्यायालय को उद्वेलित करने वाली पाठ्यपुस्तकों से स्वयं को अलग दिखाने की उनकी कोशिश महज ढोंग है। अब उच्चतम न्यायालय के लिए अगला तार्किक कदम यह होना चाहिए कि वह इस बात की विस्तृत जांच कराए कि पाठ्यपुस्तकों को किस प्रकार दोबारा लिखा गया और वे किस तरह ध्रुवीकरण तथा राजनीतिक हिंसाब-किताब चुकाने के औजार में बदल गईं।



सेंसेक्स 81287.19
निफ्टी 25178.65



सोना 164700
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 268000
प्रति किलो



# जीडीपी के आंकड़ों से पहले लुढ़के शेयर बाजार

मुंबई, वार्ता

सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़ों से पहले शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजारों में बड़ी गिरावट देखी गई। बीएसई का सेंसेक्स 961.42 अंक (1.17 प्रतिशत) गिरकर 81,287.19 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की निफ्टी-50 सूचकांक भी 317.90 अंक यानी 1.25 प्रतिशत लुढ़ककर 25,178.65 अंक पर रहा। यह दोनों सूचकांकों का लगभग चार सप्ताह का निचला स्तर है।

बाजार में यह गिरावट जीडीपी के आंकड़े जारी होने से ठीक पहले दर्ज की गई है। जीडीपी के सरकारी आंकड़े आज ही जारी होने हैं। आईटी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और मीडिया समूहों को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों में बिकवाली हावी रही। रियलटी, ऑटो, एफएमसीजी, धातु, फार्मा, बैंकिंग, स्वास्थ्य और रसायन समूहों पर अधिक दबाव रहा। मझौली और छोटी कंपनियों में भी गिरावट रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.06 प्रतिशत



और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 1.10 प्रतिशत नीचे बंद हुआ।सेंसेक्स की कंपनियों में भारती एयरटेल, बजाज फिनसर्व, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इंडिगो, मारुति सुजुकी, सनफार्मा, हिदुस्तान यूनीलिवर और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर दो से ढाई प्रतिशत के बीच गिर गए। अडानी पोर्ट्स, कोटक महिद्रा बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फाइनेंस, पावरग्रिड, टाटा स्टील, आईटीसी, एचडीएफसी बैंक और बीईएल के शेयर एक से दो प्रतिशत के बीच टूटे। रिलायंस इंडस्ट्रीज, एशियन पेंट्स, एक्सिस बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, टीसीएस, टाइटन और टेक महिंद्रा के शेयर भी लाल निशान में रहे।

# सोने में लौटी चमक 1.64 लाख रुपये के पार पहुंचा भाव, चांदी धड़ाम

**नई दिल्ली।** सर्राफा बाजार में एक बार फिर हलचल तेज हो गई है। वैश्विक व्यापारिक अनिश्चितताओं और भू-राजनी. तिक तनाव के बीच शुक्रवार को सोने की कीमतों में जबरदस्त उछाल दर्ज किया गया है। वहीं, दूसरी ओर चांदी की कीमतों में नरमी का रुख रहा। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 1,800 रुपये उछलकर 1,64,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। इससे पहले गुरुवार को यह 1,62,900 रुपये पर बंद हुआ था। इसके विपरीत, चांदी लगातार दूसरे दिन टूटकर 2,500 रुपये (करीब 1 प्रतिशत) की गिरावट के साथ 2,68,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई है, जो इसके पिछले बंद भाव 2,70,500 रुपये से कम है। स्थानीय स्तर पर आभूषण विक्रेताओं और स्टाकिस्टों की ताजा लिवाली ने सोने की कीमतों को ऊपर उठाने में मदद की है। अमेरिका की बढ़ती व्यापार संरक्षणवाद नीतियों और मध्य पूर्व में जारी तनाव के कारण निवेशकों का रुझान एक सुरक्षित निवेश के तौर पर सोने की तरफ बढ़ा है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में स्थिति थोड़ी मिश्रित है। स्पाट सिल्वर 1.42 डॉलर चढ़कर 89.72 डॉलर प्रति औंस हो गया है, जबकि सोना मामूली गिरावट के साथ 5,172.17 डॉलर औंस पर कारोबार कर रहा है।

# खाद्य तेलों में तेजी, चावल चीनी नरम, दालों में घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में शुक्रवार को चावल के औसत भाव घट गए। चावल के साथ चीनी में भी नरमी रही। गेहूं की कीमतों में टिकाव देखा गया जबकि खाद्य तेलों के दाम बढ़ गए। दालों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 11 रुपये गिरकर 3,841 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं का भाव 2,837 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा। आटा भी 14 रुपये सस्ता हुआ।

दाल-दलहनों में मिश्रित रुख देखा गया। मसूर दाल की औसत कीमत 40 रुपये प्रति क्विंटल उतर गई। तुअर दाल 28 रुपये और चना दाल 26 रुपये सस्ती हुई। मूंग दाल का भाव 16 रुपये गिर गया। उड़द दाल की कीमत तीन रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 35 रिंगिट चढ़कर 4,040 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। मई का अमेरिकी सोया तेल



वायदा भी 0.15 प्रतिशत की बढ़त में 61.85 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में पाम ऑयल की औसत कीमत 27 रुपये और वनस्पति की 35 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। सूरजमुखी तेल 20 रुपये और सोया तेल 18 रुपये महंगी हुई। मूंगफली तेल का भाव 13 रुपये और सरसों तेल का नौ रुपये प्रति क्विंटल बढ़ा। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव लगभग स्थिर रहे। चीनी आठ रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**पाकिस्तान और अफगानिस्तान...**
कि अगर पाकिस्तान फिर हमला करता है, तो अफगानिस्तान और ज्यादा कड़ा जवाब देगा। उन्होंने साफ कहा कि भविष्य में किसी भी हमले का जवाब पहले से ज्यादा सख्त होगा। दूसरी तरफ मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने दोनों देशों से शांति और संयम बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि दोनों देश तुरंत सैन्य कार्रवाई रोकें और बातचीत से मसला सुलझाएं। अनवर ने यह भी कहा कि पाकिस्तान की सुरक्षा चिंताएं भी जरूरी हैं, लेकिन अफगानिस्तान की संप्रभुता का सम्मान करना भी उतना ही अहम है। बातचीत ही इसका सही रास्ता है। पाकिस्तान सेना के मीडिया विंग के डायरेक्टर अहमद शरीफ चौधरी ने दावा किया है कि पाकिस्तानी हमलों में 274 तालिबान लड़ाके मारे गए हैं और 400 से ज्यादा घायल हुए हैं। इसके अलावा 115 टैंक, बख्तरबंद गाड़ियां और तोपें भी तबाह कर दी गई हैं। पाकिस्तान ने कहा है कि अफगानिस्तान में उसका सैन्य ऑपरेशन अभी भी जारी है। पाकिस्तानी सेना के मीडिया विंग के प्रवक्ता ने बताया कि यह कार्रवाई प्रधानमंत्री के आदेश पर की जा रही है। वहीं अल जजीरा से बात करते हुए जरगून नाम के एक अफगान नागरिक ने कहा कि गुरुवार रात जब उनके कैंप पर हमला हुआ, तो लोग अपने परिवारों के साथ भागने लगे। लोग अपना सामान छोड़कर भाग गए।

**कोई नहीं कर सकता...** जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि उन्हें क्या स्वीकार करना चाहिए और क्या नहीं। इस पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि राज्य में इस प्रक्रिया के लिए तैनात न्यायिक अधिकारी इस संबंध में फैसले लेंगे। सीजेआई ने कहा कि हम इस तरह की बातें बर्दाश्त नहीं कर सकते। इसका अंत होना चाहिए। हम अपने न्यायिक अधिकारियों को जानते हैं और वे किसी भी चीज से प्रभावित नहीं हो सकते। इसके साथ सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अदालत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि किन दस्तावेजों की जांच की जानी है। न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची ने कहा कि हमारे आदेश बिल्कुल स्पष्ट हैं। पीठ ने कहा कि न तो चुनाव आयोग और न ही राज्य सरकार इस मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा पारित आदेशों से आगे जाएगी। पश्चिम बंगाल सरकार और चुनाव आयोग के बीच चल रहे गतिरोध से निराश होकर शीर्ष अदालत ने 20 फरवरी को एक असाधारण निर्देश जारी किया। इसमें राज्य में विवादित मतदाता सूचियों की एसआईआर में चुनाव आयोग की सहायता के लिए सेवारत और पूर्व जिला न्यायाधीशों को तैनात करने का निर्देश दिया गया। गौरतलब है कि पिछले सप्ताह अदालत ने राज्य अधिकारियों की नियुक्ति को लेकर राज्य और चुनाव आयोग के बीच विवाद को देखते हुए एसआईआर प्रक्रिया में दावों पर फैसला करने के लिए न्यायिक अधिकारियों की तैनाती का निर्देश दिया था। अदालत ने कहा है कि झारखंड और ओडिशा से भी न्यायिक अधिकारियों को तैनात किया जा सकता है, क्योंकि चुनाव वाले राज्य में समय-सीमा से पहले काम पूरा करने के लिए पर्याप्त जज उपलब्ध नहीं हैं। अदालत ने कहा कि वह आज कोई और निर्देश जारी नहीं कर रहा है और कहा कि उसने एसआईआर को ठीक से चलाने में मदद के लिए राज्य के लगभग सभी न्यायिक अधिकारियों को लगा दिया है।

**शराब घोटाला मामला...** का आरोप पत्र बहुत विस्तृत था, लेकिन उसमें गंभीर खामियां भी थीं। आरोपपत्र में लगाए गए आरोप, गवाहों के बयानों या रिकॉर्ड पर मौजूद पर्याप्त सबूतों से साबित नहीं हो सके हैं। अदालत ने यह भी कहा कि श्री सिसोदिया के खिलाफ कोई प्रथम दृष्ट्या मामला नहीं बनता है और श्री केजरीवाल को पर्याप्त सबूतों के बिना फंसाया गया। अदालत ने जांच में कमियों को लेकर जांच एजेंसी को फटकार भी लगाई। इस आदेश के बाद श्री केजरीवाल ने न्यायपालिका में विश्वास व्यक्त किया और इस मामले को अपनी पार्टी को कमजोर करने के उद्देश्य से रची गई एक राजनीतिक साजिश करार दिया। श्री सिसोदिया ने कहा कि फैसले ने संविधान और कानून के शासन में उनके विश्वास को पुन: पुख्ता किया है। अदालत ने श्री सिसोदिया की भूमिका के बारे में कहा कि ऐसा कोई विश्वसनीय सबूत नहीं है, जो यह दिखाए कि उन्होंने 2021-22 की आबकारी नीति बनाने या लागू करने में गैरकानूनी तरीके से प्रभाव डाला था। अदालत ने कथित अनियमितताओं संबंधी कोई भी बरामदगी नहीं होने का भी उल्लेख किया। उसने श्री केजरीवाल के संबंध में कहा कि उनके मामले में ठोस सामग्री का अभाव था। अदालत ने इस बात पर जोर दिया कि बुनियादी सबूतों के बिना एक संवैधानिक पदाधिकारी पर साजिश का आरोप लगाना स्थापित कानूनी सिद्धांतों से मेल नहीं खाता है। मामले का केंद्र बिंदु रही आबकारी नीति दिल्ली सरकार ने आबकारी कारोबार में सुधार और राजस्व बढ़ाने के मकसद से पेश की थी। इसमें अनियमितताओं के आरोप लगने के बाद दिल्ली के उपराज्यपाल ने सीबीआई जांच की सिफारिश की थी। सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) दोनों ने आरोप लगाया था कि इस नीति से चुनिंदा निजी कंपनियों को अनुि. चत लाभ मिला था।

# शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद को हाईकोर्ट से मिली बड़ी राहत

■ कोर्ट ने गिरफ्तारी पर लगाई रोक

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से पेश हुए अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल ने याचिका पोषणीयता पर सवाल उठाए। कहा कि अग्रिम जमानत के लिए सीधे हाईकोर्ट नहीं आ सकते। उन्होने सुप्रीम कोर्ट के कई फैसलों का हवाला दिया।

शंकराचार्य के वकील ने कहा पीड़ित का मुकदमा संरक्षक के जरिए दर्ज कराया है। उसके माता-पिता और अभिभावकों का कोई पता नहीं है। सरकार ने कहा कि असाधारण हालात में ही अग्रिम जमानत सीधे हाईकोर्ट आ सकती है। इस मामले में असाधारण जैसा कुछ नहीं है। इस पर कोर्ट ने कहा कि यह कोई अनिवार्य बाधा नहीं है। शंकराचार्य के वकील ने कहा कि शंकराचार्य के खिलाफ पहले 18 जनवरी को अमावस्या के दिन हुई मारपीट की अर्जी दी गई। इस पर केस दर्ज नहीं हुआ तो पाक्सो वाली अर्जी दाखिल कर दी गई। यह दो अर्जी ही आपस में भ्रम की स्थिति पैदा कर रही है। यह मामला साजिश के तहत दर्ज कराया गया है, जो किसी के दबाव की ओर ईशारा कर रहा है।

कहा कि शंकराचार्य पर केस दर्ज कराने वाला खुद हिस्ट्रीशीटर है। उसके ऊपर गौ हत्या, दुष्कर्म, हत्या का केस दर्ज है। वह 25 हजार रुपये का इनामी है। नाबा. लिगों को अब तक बाल कल्याण समिति को क्यों नहीं सौंपा गया। बच्चों के मां-बाप कहां हैं। इस पर कोर्ट ने सरकार के अधिवक्ता से पूछा कि बच्चे कहां हैं। शंकराचार्य के अधिवक्ता ने विवेचना पर ही सवाल खड़ा किए। कहा कि जन बच्चों को पेश किया गया है उनकी मार्कशीट हरदोई की है और वहां के वह संस्थागत छात्र हैं। शंकराचार्य से विवाद मौनी अमावस्या से शुरू हुआ है। आरोप लगाया कि यह सब सरकारी की ओर से प्रायोजित है। बच्चों का मेडिकल करीब एक माह बाद हुआ है। सरकार ने बताया कि बच्चों को बाल कल्याण समिति ने उनके माता पिता को सौंपा है। इससे पहले शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई पर कहा कि झूठ की कलई कोर्ट में खुल जाएगी। कोर्ट पर भरोसा जताते हुए शंकराचार्य ने कहा कि कब तक झूठ की कहानी बनाकर बरगलाएंगे। उत्तर प्रदेश की पुलिस भी उनको संरक्षण दे रही है।

# टूरिस्ट बस सेवा 'देखो मेरी दिल्ली' को सीएम ने दिखाई हरी झंडी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रफी मार्ग से दिल्ली पर्यटन की अत्याधुनिक डबल डेकर इलेक्ट्रिक टूरिस्ट बस सेवा 'देखो मेरी दिल्ली' को हरी झंडी दिखाकर राजधानी के पर्यटन क्षेत्र में एक नई पहल की शुरुआत की।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री और पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा ने संयुक्त रूप से डबल डेकर बस का अनावरण किया। मुख्यमंत्री ने इस पहल को सरकार की दूरदर्शी नीति और सार्वजनिक-निजी सहभागिता (पीपीपी मॉडल) के सफल क्रियान्वयन का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। कार्यक्रम के उपरांत मुख्यमंत्री, पर्यटन मंत्री, मीडिया प्रतिनिधियों और अधिकारियों ने डबल डेकर बस में सवार होकर रफी मार्ग से इंडिया गेट, अकबर रोड और तीन मूर्ति मार्ग होते हुए प्रधानमंत्री संग्रहालय तक यात्रा की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल दिल्ली को आधुनिक और विश्वस्तरीय पर्यटन गंतव्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण है। दिल्ली अपनी ऐतिहासिक धरोहर के साथ-साथ भारत मंडपम, यशोभूमि, नया संसद भवन, सेंट्रल विस्टा और प्रधानमंत्री संग्रहालय जैसे आधुनिक प्रतिष्ठानों के कारण वैश्विक स्तर पर नई पहचान बना रही है। यह बस सेवा पर्यटकों को एक ही यात्रा में दिल्ली की विरासत और आधुनिकता का समग्र अनुभव प्रदान करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आधुनिक सुविधाओं, उन्नत सुरक्षा व्यवस्था और पैनोरमिक अपर डेक से सुसज्जित यह 63-सीटर बस पर्यटकों को आरामदायक और यादगार यात्रा का अनुभव प्रदान करेगी। साथ ही, यह कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस नई सेवा के माध्यम से देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को एक ही यात्रा में दिल्ली की विरासत और आधुनिकता का अद्वितीय अनुभव प्राप्त होगा। इससे राजधानी की स्वच्छ, हरित और गतिशील वैश्विक छवि और अधिक सुदृढ़ होगी।

इस अवसर पर पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि इलेक्ट्रिक डबल डेकर बस का शुभारंभ केवल वाहन की शुरुआत नहीं, बल्कि दिल्ली को ग्लोबल टूरिज्म मैप पर मजबूती से स्थापित करने की ओर एक कदम है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों में पर्यटन के क्षेत्र में विजन और सुविधाओं की कमी व पर्यावरण की अनदेखी, दिल्ली को ट्रांजिट सिटी तक सीमित कर रही थी। लेकिन अब मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली अब 'ट्रांजिट सिटी' से 'डेस्टिनेशन सिटी' बन रही है।

## 2 मार्च को लांच होगा 'सहेली पिंक स्मार्ट कार्ड'

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आगामी 2 मार्च को दिल्ली सरकार सहेली पिंक स्मार्ट कार्ड लॉन्च करेगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में होने वाले एक समारोह में इसे लॉन्च करेंगी। दो पिंक कार्ड मिलने से महिलाओं को अब पिंक टिकट खरीदने की जरूरत नहीं होगी। इन कार्ड से वे बस में मुफ्त सफर कर सकेंगी। सिर्फ दिल्ली में रहने वाली महिलाएं ही इस फायदे के लिए एलिजिबल होंगी।

यह कार्ड क्ब्ब और क्लस्टर बसों में महिलाओं/ट्रांसजेंडर लोगों के लिए मुफ्त सफर के लिए पेपर टिकट की जगह लेगा। इससे 12 साल से ज्यादा उम्र की महिलाओं और ट्रांसजेंडर लोगों को मुफ्त, सुरक्षित और आसान बस सफर मिलेगा। यह कार्ड एक छब्डब (नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड) होगा, जो क्ब्ब और क्लस्टर बसों में वैलिड होगा। कार्ड पाने के लिए एप्लिकेंट के पास दिल्ली का आधार कार्ड होना जरूरी होगा। दिल्ली में अलग-अलग जगहों पर कार्ड जारी करने वाले बूथ बनाए जाएंगे। इनमें बड़े डिपो, पास सेंटर और ऑथराइज्ड बैंकों की चुनी हुई जगहों पर बूथ शामिल होंगे।

# जेएनयू में फैकल्टीसदस्यों ने खोला मोर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विवि (जेएनयू) में बृहस्पतिवार को हुए बवाल के बाद छात्र संघ और शिक्षक संघ के खिलाफ अब फैकल्टी सदस्यों ने मोर्चा खोल दिया है। स्कूलों की तालाबंदी, छात्रों की पढ़ाई प्रभावित करने, तोड़फोड़ और हंगामे के विरोध में जेएनयू ऐतिहासिक अध्ययन केंद्र के प्रोफेसर क्रिस्टु दास ने जेएनयू परिसर के साब. रमती टी प्वाइंट पर आमरण अनशन बैठ गए है। प्रोफेसर के समर्थन में कई दूसरे फैकल्टी सदस्य और छात्र भी समर्थन के लिए मैदान में उतरे है।

जेएनयू प्रोफेसर क्रिस्टु दास ने कहा कि यहां तीन अलग-अलग भूमिकाओं में आमरण अनशन पर बैठा हूं। पहला जेएनयू में इतिहास के पूर्व छात्र के तौर पर, दूसरा राष्ट्र के जिम्मेदार नागरिक के रूप में और तीसरा संकाय सदस्य के रूप में आमरण अनशन कर रहा हूं। परिसर में चल रही घटनाओं से सभी अवगत है। लाइब्रेरी में तोड़फोड़, उसके बाद छात्र संघ पदाधिकारियों के निष्कासन और फिर छात्र संघों ने विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया। विवि में हड़ताल के नाम पर कक्षाओं में जबरन ताला लगाकर जेएनयू छात्र के पदाधिकारी जेएनयू शिक्षक संघ के समर्थन से तोड़फोड़ और गुंडागर्दी कर रहे हैं। छात्रों को कक्षाओं से बाहर जाने के लिए मजबूर किया गया। यह आमरण अनशन उन तोड़फोड़ करने वालों के खिलाफ है जिन्होंने लो. कतंत्र के नाम पर हंगामा, दरवाजे बंद और छात्रों और शिक्षकों को कक्षा में प्रवेश करने से रोका। हम बौद्धिक बहसों और चर्चाओं का स्वागत करते हैं।

जेएनयू शिक्षक संघ और छात्र संघ को आकर बहस और खुली चर्चा करनी चाहिए। यह तोड़फोड़ के खिलाफ आमरण अनशन है। उन्होंने कहा कि अगर जेएनयू प्रशासन निष्कासन रद्द करने के लिए तैयार नहीं है तो छात्र संघ अदालत का रुख क्यों नहीं करता है उनको अदालत जाने से कौन रोक रहा है। जेएनयू कुलगुरु शांतिश्री डी पंडित की टिप्पणियों में छात्र संघ को कुछ कमियां नजर आती है तो जेएनयू हमेशा से बौद्धिक संस्कृति में विश्ववास रखने वाला संस्थान रहा है। उन्हें सार्वजनिक बहस के लिए आमंत्रित करना चाहिए था।

## होली पर कई विशेष ट्रेनों की घोषणा

**नई दिल्ली।** होली पर यात्रियों की भारी भीड़ देखते हुए रेलवे अब तक कई विशेष ट्रेनों की घोषणा कर चुका है जबकि रेलगाड़ियों के फेरे बढ़ाए हैं। बृहस्पतिवार को उत्तर रेलवे ने आनंद विहार टर्मिनल-बलिया-आनंद विहार टर्मिनल स्पेशल ट्रेन की अवधि बढ़ाई है। कलबुर्गी और हजरत निजामुद्दीन के बीच विशेष ट्रेन का संचालन होगा। दो जोड़ी आरक्षित होली स्पेशल ट्रेनें भी चलेंगी।

# सीएम श्री स्कूलों में दाखिले के लिए आवेदन शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शिक्षा निदेशालय ने नए सत्र 2026-27 के लिए सीएम श्री स्कूलों में दाखिले की प्रक्रिया शुरू कर दी है। छात्र अब कक्षा 6, 9 और 11 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। फॉर्म भरने की शुरुआत 27 फरवरी 2026 से हो गई है और आखिरी तारीख 12 मार्च 2026 तय की गई है।

सीएम श्री स्कूलों में दाखिले के लिए इच्छुक विद्यार्थी और उनके अभिभावक आधिकारिक वेबसाइट मकनकमस.दपब.पद पर जाकर आसानी से आवेदन कर सकते हैं। अंतिम तिथि से पहले फॉर्म जमा करना जरूरी है। आधिकारिक सूचना के अनुसार, केवल दिल्ली निवासी और 2025-26 शैक्षणिक सत्र के दौरान दिल्ली के किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय में अध्ययनरत छात्र ही आवे. दन करने के पात्र हैं। पात्रता मानदंड अनिवार्य हैं और इन शर्तों को पूरा न करने वाले आवेदन अस्वीकृत किए जा सकते हैं। जारी नोटिस के अनुसार, कुल सीटों में से 50 प्रतिशत सीटें दिल्ली के सरकारी स्कूलों से कक्षा 5, 8 और 10 पास कर चुके छात्रों के लिए आरक्षित रहेंगी। बाकी बची सीटों पर ऐसे अन्य पात्र छात्र आवेदन कर सकते हैं, जो तय की गई निवास और शिक्षा संबंधी शर्तों को पूरा करते हों।

मुख्यमंत्री श्री विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2026 के लिए एडमिट कार्ड अलग से जारी किया जाएगा। विभाग द्वारा जारी कार्यक्रम के मुताबिक, कक्षा 6 और 9 की प्रवेश परीक्षाएं मार्च 2026 के अंतिम सप्ताह तक कराई जाएंगी, जबकि कक्षा 11 की परीक्षा मई 2026 में होगी। पीटीआई की रिपोर्ट के अनुसार, विभाग का लक्ष्य कक्षा 6 और 9 की प्रवेश प्रक्रिया 30 अप्रैल 2026 तक पूरी करने का है परिपत्र के अनुसार, कक्षा 6 का प्रश्न पत्र द्विभाषी (हिंदी और अंग्रेजी) होगा, जबकि कक्षा 9 और 11 के प्रश्न पत्र केवल अंग्रेजी में दिए जाएंगे।

कक्षा 6 की प्रवेश परीक्षा में नकारात्मक अंकन लागू नहीं होगा, लेकिन कक्षा 9 और 11 की परीक्षाओं में गलत उत्तर पर अंक काटे जाएंगे। अंक विभाजन की बात करें तो कक्षा 6 की परीक्षा 300 अंकों की होगी, जबकि कक्षा 9 और 11 की परीक्षाएं 400-400 अंकों की आयोजित की जाएंगी। दिल्ली सरकार की एक पहल, सीएम श्री स्कूल, आधुनिक बुनियादी ढांचे, अद्यतन पाठ्यक्रम और समग्र शिक्षण पद्धतियों पर केंद्रित शिक्षा प्रदान करती है। ये स्कूल सार्वजनिक शिक्षा को मजबूत करने और छात्रों को बेहतर शैक्षणिक और सह-पाठ्यक्रम अवसर प्रदान करने के सरकारी प्रयासों का हिस्सा हैं।




मुख्यमंत्री डबल डेकर इलेक्ट्रिक टूरिस्ट बस सेवा 'देखो मेरी दिल्ली' को रवाना करती हुईं।

## एक नजर

### फेशियल किट लांच की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** डाबर के फेशियल ब्लीच ब्रांड, फेम ने दो एडवांस्ड सिंगल-यूज फेशियल ट्रीटमेंट किट: नियासिनमाइड ग्लास ग्लो और हयालूरोनिक लूमी ब्राइट लॉन्च करने की घोषणा की है। इस लॉन्च को एक प्रभावशाली और डिजिटल-फर्स्ट कैंपेन का समर्थन प्राप्त है, जिसमें लोक. प्रिय कॉमेडियन गुरलीन पन्नू और स्वाति सचदेवा शामिल हैं।

### इंद्रप्रस्थ संजीवनी की नई टीम गठित

**नई दिल्ली।** दिल्ली की सुप्रसिद्ध सर्वश्रेष्ठ सामाजिक संस्था इन्द्रप्रस्थ संजीवनी के अध्यक्ष डॉ संजीव अरोड़ा गंगापुत्र ने आज संवाददाताओं को संबोधित करते हुए अपनी नई टीम के गठन की जानकारी दी। डॉ अरोड़ा ने बताया कि महासचिव श्रीमती रश्मि मल्होत्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए श्री जतिन नारंग, श्री सुधीर सेठी एवं सरदार बलबीर सिंह तथा उपाध्यक्ष पद के लिए श्रीमती प्रतिमा सिंह, श्री संजीव जैन, श्री नसीम अख्तर एवं श्री योगेश चौधरी मनोनित किए गए हैं। सह सचिव के रूप में श्री अमित शर्मा, श्री अभिषेक अनल, श्री राहुल शर्मा, श्रीमती पूनम मेहता, श्री रबिंद्र कुमार गुप्ता, श्रीमती वीना जाजोरिया, श्री विकास उज्जैनवाल एवं श्री विक्रम नारंग को मनोनित किया गया है। कोषाध्यक्ष के रूप में श्री अमन कालरा एवं प्रेस सचिव के पद पर अंकुश शर्मा मनोनीत किए गए।

### छोटी बहन को लेने जा रही महिला की बाली छीनी, धरा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तरी पूर्वी जिला पुलिस के दयालपुर थाने की टीम ने रॉबरी का मामला सुलझाकर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से चोरी की बाली बरामद की है।आरोपी पहले भी लूट, चोरी और आर्म्स एक्ट से जुड़े दस आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। आरोपी ने अपनी छोटी बहन को स्कूल से लेने जा रही महिला की बाली छीनी थी।

दिल्ली के उत्तरी पूर्वी जिला पुलिस अधिकारी ने बताया कि 24फरवरी को दोपहर में दयालपुर थाने में रॉबरी की एक घटना की सूचना मिली। इस दौरान एक बीस साल की महिला ने बताया कि जब वह अपनी छोटी बहन को स्कूल से लेने जा रही थी, तो गली नंबर 11 के पास बाइक पर एक आदमी पीछे से उसके पास आया, उसकी बाली छीन कर मौके से भाग गया।इसके बाद दयालपुर थाने के तहत मामला दर्ज कर एसएचओ दयालपुर परमवीर सिंह के नेतृत्व में स्पेशल टीम ने जांच शुरू की। जांच के दौरान टीम ने जरूरी सबूत इकट्ठा किए और सुरागों के आधार पर, आरोपी नासिर (34) नाम के एक संदिग्ध को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ के दौरान, आरोपी नासिर ने जुर्म कबूल कर लिया। पीड़ित की चोरी हुई बाली उसके पास से बरामद कर ली गई। आगे की जांच में पता चला कि आरोपी पहले भी लूट, चोरी और आर्म्स एक्ट से जुड़े दस आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। आगे की जांच जारी है।

### आखिर में सच की जीत होती है: केजरीवाल

**नई दिल्ली।** राउज एवेन्यू कोर्ट द्वारा दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया को शराब घोटाले में बरी करने के फैसले के बाद केजरीवाल ने कहा, ष्आखिर में अधर्म और अन्याय हारता है और सच ही जीतता है।ष इसके बाद से केजरीवाल और सिसोदिया अपने समर्थकों के साथ रोड शो किया। आप दफ्तर पहुंचने के बाद केजरीवाल ने लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा, आज बहुत ऐतिहासिक जीत हुई। आम आदमी पार्टी को खत्म करने के लिए षड्यंत्र रचा गया था। लेकिन आज जज साहब ने बहुत हिम्मत दिखाई। साबित हो गया कि केजरीवाल बहुत कट्टर ईमानदार है। केजरीवाल ने आगे कहा, श्मैं कोई नेता नहीं, मैंने सिर्फ ईमानदारी कमाई। बीजेपी वालों नें मेरे पीछे म्क-ब्ठप् और पुलिस को लगा दिया गया था। मैं जब जेल में था तो मेरी मां बीमार थी। मेरे परिवार ने बहुत कुछ भुगता है। उन्होंने मोदी सरकार को चुनौती देते हुए कहा कि हिम्मत है तो दोबारा चुनाव करवाओ। आम आदमी पार्टी जो भ्रष्टाचार से लड़कर सत्ता में आई और फिर भ्रष्टाचार के आरोपों के कारण सत्ता से बाहर हो गई।

### वानखेड़े के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही जारी रखने कीअनुमति दी

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने आईआरएस अधिकारी समीर वानखेड़े के खिलाफ 2021 के कोरडेलिया क्रूज ड्रग्स मामले से जुड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही जारी रखने की मंजूरी दे दी है। न्यायमूर्ति अनिल क्षेत्रपाल और न्यायमूर्ति अमित महाजन की खंडपीठ ने केंद्र सरकार की याचिका को मंजूर करते हुए कहा, श्यह याचिका मंजूर की जाती है। केंद्र सरकार ने केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण के 19 जनवरी के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें समीर वानखेड़े को जारी किया गया 'चार्ज मेमोरेंडम' (18 अगस्त 2025 को केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड द्वारा जारी) रद कर दिया गया था और अनुशासनात्मक कार्यवाही को खारिज कर दिया गया था।

## जेईई मेन 2026 में शानदार प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** परीक्षा की तैयारी कराने वाले देश के दिग्गज संस्थान, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के छात्रों ने एक बार फिर जेईई मेन 2026 (सेशन 1) में अपनी काबिलियत का लोहा मनवाया है। देशभर से आए इन बेहतरीन नतीजों ने इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा की तैयारी में आकाश के राष्ट्रीय नेतृत्व को एक बार फिर साबित कर दिया है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा 16 फरवरी 2026 को घोषित परिणामों के अनुसार, आकाश ने राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। संस्थान के 4,276 छात्रों ने 95 पर्सेंटाइल और उससे अधिक अंक प्राप्त किए, जिनमें से 1,094 छात्रों ने 99 पर्सेंटाइल और उससे ऊपर का स्कोर किया। चार होनहार छात्र अपने-अपने राज्यों में टॉपर बने, जबकि 17 छात्र श्सिटी टॉपरश रहे।

# सर्बानंद सोनोवाल ने किया 3 परियोजनाओं का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री श्री सर्बानंद सोनोवाल ने राष्ट्रीय जलमार्ग-2 (ब्रह्मपुत्र नदी) पर तीन प्रमुख अंतर्देशीय जलमार्ग अवसंरचना परियोजनाओं का उद्घाटन किया, जिसे उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'विकास और विरासत' के संतुलित दृष्टिकोण का उदाहरण बताया।

इन परियोजनाओं में बोगीबील और धुबरी में कस्टम्स और आप्रवासन कॉम्प्लेक्स तथा डिब्रूगढ़ में भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण का नवीनीकृत विरासत भवन शामिल हैं।

चौकीडिंगी मैदान में आयोजित कार्यक्रम में असम के ऊर्जा मंत्री प्रशांत फुकन, लोक निर्माण मंत्री जोगेन मोहन, उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री बिमल बोरा उपस्थित रहे। असम से राज्य सभा सांसद रामेश्वर तेली,



असम विधानसभा के सदस्य तेराश गोवाला, चक्रधर गोगोई, बिनोद हजा. रिका, पोनाकन बरुआ, तरंग गोगोई, संजय किशन और भास्कर शर्मा भी कार्यक्रम में मौजूद थे। कार्यक्रम में केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के सचिव विजय कुमार और भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (प्ॅ।प्) के अध्यक्ष सुनील पालीवाल सहित मंत्रालय और प्ॅ।प् के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। सभा को संबोधित करते हुए सोनोवाल ने कहा कि ये परियोजनाएँ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गतिशील शासन मॉडल को दर्शाती हैं, जिसमें सांस्कृतिक पहचान को बनाए रखते हुए तेजी से विकास का लक्ष्य पाने का विश्वास है।

# रेखा गुप्ता ने पेश किया एक वर्ष का रिपोर्ट कार्ड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 'प्रवास कार्यक्रम' के तहत उत्तर-पश्चिमी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र के लोगों के बीच पहुंचीं। यहां उन्होंने सरकार के पिछले एक वर्ष के कामों का वार्षिक रिपोर्ट कार्ड साझा किया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली अब सिर्फ विज्ञापनों तक सीमित नहीं है, बल्कि जमीन पर असली विकास हो रहा है। उन्होंने पिछली सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि यह क्षेत्र लंबे समय तक उपेक्षित रहा। लेकिन पिछले एक साल में भाजपा सरकार ने 'अंत्योदय से ग्रामोदय' के लक्ष्य के साथ यहां विकास की ठोस शुरुआत की है।मुख्यमंत्री ने कहा कि जब भी वह इस क्षेत्र के मुंडका, बवाना, नरेला, किराड़ी और सुल्तानपुर माजरा जैसे ग्रामीण इलाकों में आती हैं तो उन्हें अपने परिवार के बीच होने का अनुभव होता है। उन्होंने अपने एक वर्ष के कार्यकाल को 'बदहाली से बदलाव' की यात्रा बताते हुए कहा कि इस दौरान क्षेत्र में सड़क, पानी और सीवरेज जैसी बुनियादी सुविधाओं का युद्धस्तर पर विस्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए नए प्रोजेक्ट्स को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। मुंडका विधानसभा क्षेत्र के लिए 264 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया जाना यहां के लिए बड़ी सौगात है।



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता 'प्रवास कार्यक्रम' के तहत उत्तर-पश्चिमी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र के लोगों के बीच पहुंचीं। यहां वह सरकार के पिछले एक वर्ष के कामों का वार्षिक रिपोर्ट कार्ड साझा करते हुए।

# जैविक गुलाल तैयार करा महिलाओं को बनाया स्वावलम्बी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** रोहतास नगर विधानसभा से विधायक जितेंद्र महाजन के द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए एक मजबूत कदम आशा की किरण स्वरोजगार की दिशा में एक कदम सुमंगलम जैविक गुलाल जरूर स्वाभिमानी एवं स्वाबलंबी महिलाओं द्वारा फलों एवं सब्जियों से निर्मित गुलाल इसके बारे में विस्तार से बताया विधायक जितेंद्र महाजन जी की पत्नी सीमा महाजन ने उन्होंने कहा यह जो गुलाल है पूरी तरीके से प्रकृति है और मार्केट में जो गुलाल बिक रहा है वह केमिकल से बने होते हैं जबकि जो गुलाल हमारे यहां वह फूलों से सब्जियों से गाजर चुकंदर पालक फलों से बनता है। इसलिए यह बिल्कुल सेफ है चाहे बच्चों के लिए हो या बड़ों के लिए इससे स्किन पर भी कोई फर्क नहीं पड़ता है। सीमा महाजन ने कहा यह रंग जो है होली का तो है लेकिन बड़ी बात यह है कि इससे जो महिलाएं हैं उन्हें रोजगार भी मिलता है।



जब सर्वे कराया गया तो पता चला कुछ महिलाएं तो ऐसी थी जो कभी अपने घर से निकली ही नहीं थी इसके बाद निर्णय किया गया कि हम इनको रोजगार देंगे इसलिए रोजगार का माध्यम रंगों से ही शुरुआत करते हैं। महिलाएं अपने घर से समय निकालकर एक-दो घंटे के लिए आती है लगभग पिछले 4 वर्ष पहले इसकी शुरुआत की गई विधायक जितेंद्र महाजन जी के नेतृत्व में और आज लगभग 600 महिलाएं हैं जिनको यहां से रोजगार मिल रहा है और वह इसको सीख कर अच्छे से काम कर रही हैं जब इसके नाम रखने की बात आई तो सोचा कि यह एक मंगल कार्य है महिलाओं को ध्यान में रखते हुए इसका नाम सुमंगलम रखा गया।

# त्रिवेणी कला संगम ने किया हेरिटेज महोत्सव का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** कनॉट प्लेस में किराए के सिर्फ दो कमरों से शुरू हुई त्रिवेणी की छोटी-सी पहल आज मंडी हाउस में स्थित अपने मशहूर और पहचान बन चुके भवन तक पहुंच गई है। देश के कला क्षेत्र में अहम स्थान रखने वाले त्रिवेणी कला संगम ने अपनी स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने पर विशेष महोत्सव की शुरुआत की है। यह समारोह दिल्ली के केंद्र में कला, शिक्षा और खुले सांस्कृतिक वातावरण के साढ़े सात दशकों की यात्रा का उत्सव है।

27 फरवरी से 15 मार्च 2026 तक चलने वाले इस खास महोत्सव का सबसे बड़ा आकर्षण श्फ्रॉम टू रूम्सङ्क टू अ लैंडमार्कश नाम की प्रदर्शनी है। इस प्रदर्शनी में त्रिवेणी की शुरुआत से जुड़े पुराने और दुर्लभ फोटो, महत्वपूर्ण दस्तावेज और उस समय की यादगार कहानियां दिखाई जा रही हैं। इन सबके




माध्यम से यह बताया गया है कि आजादी के बाद दिल्ली के बदलते सांस्कृतिक माहौल में त्रिवेणी ने कैसे छोटे स्तर से शुरुआत की और धीरे-धीरे एक बड़े और सम्मानित कला संस्थान के रूप में अपनी पहचान बनाई। इस महोत्सव में सिर्फ प्रदर्शनी ही नहीं बल्कि कई और विशेष कार्यक्रम भी रखे गए हैं। इसमें प्रसिद्ध कलाकारों की प्रस्तुतियां, कला से जुड़ी चर्चाएं, कलाकारों से सीधी बातचीत, हस्तशिल्प की झलकियां और आम लोगों के लिए खुले सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल हैं। वर्षगांठ समारोह की शुरुआत करते हुए त्रिवेणी कला संगम के मानद महासचिव अमर श्रीधरानी ने कहा कि "75 साल पूरे होना इस बात का सबूत है कि संस्था ने लगातार मेहनत की है और अपनी परंपरा को संभालते हुए समय के साथ आगे बढ़ती रही है।

## आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने कायम रखा भरोसा

**नई दिल्ली।** आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने चंडीगढ़ स्थित अपनी एक शाखा में हरियाणा सरकार के कुछ विभागों के खातों से जुड़े हालिया मामले पर अपनी पूर्व जानकारी का संदर्भ दिया है।

प्रारंभिक जाँच में संकेत मिले हैं कि शाखा के कुछ कर्मचारियों ने कथित रूप से जाली दस्तावेजों और भुगतान निर्देशों को क्लियर करने में धोखाधड़ी की और संभव है कि इसमें बाहरी लोगों की मिलीभगत भी रही हो। जाँच जारी रहने के बावजूद, बैंक ने तुरंत कदम उठाते हुए हरियाणा सरकार के संबंधित विभागों द्वारा दावा की गई मूल राशि और ब्याज का 100% भुगतान कर दिया है, जिसकी कुल राशि 583 करोड़ रुपए है।


# पावरिंग इनक्लूसिव ग्रोथ सम्मेलन आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** इंटरनल समूह की कंपनियों जोमैटो और ब्लिंकिट ने स्टार्टअप इंडिया और डीपीआईआईटी के सहयोग से नई दिल्ली में 'पावरिंग इनक्लूसिव ग्रोथ: रोल ऑफ प्लेटफॉर्म्स' सम्मेलन के तीसरे संस्करण का आयोजन किया। इस सम्मेलन में वरिष्ठ नीति निर्माता, प्रमुख प्लेटफॉर्म कंपनियां, सिविल सोसायटी संगठन, शैक्षणिक संस्थान और नवाचार से जुड़े विशेषज्ञ शामिल हुए। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में श्रम एवं रोजगार मंत्रालय और युवा मामले एवं खेल मंत्रालय के मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया शामिल हुए। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की सदस्य डॉ. शमिका रवि, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की अतिरिक्त सचिव सुश्री मनमीत कौर नंदा और पेंशन फंड नियामक एवं विकास प्राधिकरण के पूर्णकालिक सदस्य (कानून) रणदीप सिंह जगपाल विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए और सम्मेलन को संबोधित किया।

मुख्य अतिथि डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा, "यह देखना उत्साहजनक है कि उद्योग जगत के नेता, नवाचार से जुड़े लोग और प्लेटफॉर्म कंपनियां डिलीवरी कर्मियों के कल्याण के लिए एक साथ आ रही हैं।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं


फैसल कुरैशी
भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

### एसडीजीआई ग्लोबल विश्वविद्यालय में

# वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव संकेत का भव्य उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** एस.डी.जी.आई ग्लोबल विश्वविद्यालय में दो दिवसीय वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव श्संकेत-2026श का भव्य एवं रंगारंग उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा विश्वविद्यालय परिवार की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को विशेष बना दिया। इस अवसर पर अनेक प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों जैसे कि University of Delhi, Hindu College, Indraprastha College



for Women, KIET Group of Institutions, ABES Engineering College तथा Amity University के विद्यार्थियों ने भी सक्रिय सहभागिता की, जिससे कार्यक्रम को व्यापक अंतर-संस्थागत स्वरूप प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ कुलाधिपति महेन्द्र अग्रवाल, वाइस चेयरमैन अखिल अग्रवाल, प्रो चांसलर नितिन अग्रवाल, गवर्निंग बॉडी सदस्य राजीव अग्रवाल, प्रो चांसलर (एकेडमिक्स) विमल कुमार शर्मा, प्रो-चांसलर (प्रशासन) पीयूष श्रीवास्तव, कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रसेनजीत कुमार, कुलसचिव डॉ. राजीव रतन द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया एवं छात्रों द्वारा गणेश वंदना की गयी। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी सुभाष शर्मा तथा विश्वविद्यालय के सभी निदेशक एवं शिक्षकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कुलसचिव डॉ. राजीव रतन ने स्वागत भाषण देते हुए सभी अतिथियों, संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों का अभिनंदन किया। अपने संदेश में कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रसेनजीत कुमार ने समग्र शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सांस्कृतिक गतिविधियों विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। प्रो चांसलर (प्रशासन) पीयूष श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ-साथ रचनात्मक क्षेत्रों में भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कुलाधिपति महेन्द्र अग्रवाल ने विद्यार्थियों को जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में श्रेष्ठता प्राप्त करने का संदेश दिया। यह आयोजन केवल सांस्कृतिक प्रतिभा के प्रदर्शन का मंव ही नहीं, बल्कि एकता, सहयोग, विविधता एवं अंतर-संस्थागत सहभागिता की भावना को सुदृढ़ करने का माध्यम भी बनेगा।

# हादसे में बुजुर्ग की मौत, तीन घायल

**अफजलगढ़।** दो बाइकों की जोरदार टक्कर में वृद्ध की घटना स्थल पर ही मौत हो गई तथा तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्राप्त समाचार के अनुसार मौहल्ला किला निवासी मौहम्मद आलम पुत्र मौहम्मद सरवर अपनी चचेरी बहन सानिया पुत्री रफीक अहमद के साथ इंटरमीडिएट की दूसरी पाली में परीक्षा देने बाइक से राजबाला इंटर कॉलेज कासमपुर गढ़ी जा रहे थे। जैसे ही वह ग्राम उद्योवाला पहुंचे, तो विपरीत दिशा से आ रही बाइक से उनकी जोरदार टक्कर हो गई। जिससे उक्त बाइक के चालक की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई तथा पीछे बैठी महिला व दोनों परीक्षार्थी गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान जितेंद्र सिंह (60 वर्ष) पुत्र दीनदयाल सिंह निवासी ग्राम सुहागपुर (धामपुर) के रूप में हुई। बाइक पर पीछे बैठी रिश्तेदार महिला अर्चना पत्नी तेजपाल सिंह निवासी कासमपुर गढ़ी गंभीर रूप से घायल हो गई। जितेंद्र सिंह अपनी साली अर्चना सिंह को लेकर अपने ग्राम सुहागपुर जा रहे थे। सूचना पाकर पहुंची कासमपुर गढ़ी चौकी पुलिस ने शव को कब्जे में ले कर घायलों को पीएचसी में भर्ती कराया। चिकित्सक द्वारा मौहम्मद आलम, सानिया तथा अर्चना की गंभीर अवस्था देखते हुए तीनों को हायर सेंटर रैफर कर दिया।

# एमएमएच कॉलेज में किया गया अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आई.सी.ए एस.एस.आर निक्सी दिल्ली आई.आई.एम नई दिल्ली व सेन्ट्रल बैंक के सहयोग से ष्क्लाइमेट चेंज एण्ड सोशल जस्टिस चौलेंजेस एण्ड सैल्यूशंस्स आफ इन्वायरमेंटल जस्टिसष (जलवायु परिवर्तन एवं सामा. जिक न्याय : चुनौतियां, समाधान एवं पर्यावरणीय न्याय) विषय पर अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।



संगोष्ठी के पहले दिन उद्घाटन सत्र में आमन्त्रित अतिथि प्रोफेसर राणा प्रताप सिंह कुलपति गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय ग्रेटर नोएडा, विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर बी. डब्लू पाण्डेय डीन सेंटर फार हिमालयन स्ट्डीज दिल्ली, रमनकान्त फाउण्डर नीर फाउण्डेशन दिल्ली, अतुल , प्रोफेसर हीरामन तिवारी डायरेक्टर आई. सी. एस. एस. आर. प्रोफेसर आर.के. सोनी चौधरी चरणसिंह विश्वविद्यालय मेरठ, डा. एस. के. त्यागी एक्स डायरेक्टर सी .पी. सी .बी. अमित सक्सेना डी. आर. डी . ओ. उपस्थित रहे। तत्पश्चात् महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर संजय सिंह, प्रोफेसर आर. एस. यादव प्रोफेसर रोजी मिश्रा, प्रोफेसर शालू त्यागी, डा. अलका व्यास, डा. राजपाल त्यागी तथा हरिदत्त शर्मा ने पौधा देकर अतिथियों का स्वागत किया।

संगोष्ठी का प्रारंभ प्रोफेसर ओलीम रूजीमुरादेव उज्बेकिस्तान की आभासी मंच पर उपस्थिति से हुई प्रोफेसर ओलीम रूजीमुरादेव आज के बीज वक्ता थे। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि प्रोफेसर राणा प्रताप सिंह कुलपति गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय ग्रेटर नोएडा ने सामाजिक अकादमिक महत्व की संगोष्ठी में जलवायु परिवर्तन और सामाजिक न्याय जैसे विषय पर बोलते हुए कहा कि जलवायु परिवर्तन विश्व के लिए बड़ा संकट है। अतुल कुमार ने कहा कि हमें प्रकृति से प्राप्त निश्चित संसाधनों का प्रयोग करना चाहिए अनधिकार दोहन विनाश का कारण है।

जलपानोपरान्त आडिटोरियम में प्रथम तकनीकी सत्र डा. एस के त्यागी की अध्यक्षता में प्रारंभ हुआ। इस सत्र के वक्ता प्रोफेसर आर. के .सोनी चौधरी चरणसिंह विश्व. विद्यालय मेरठ ने - 'एडवांस आक्सीडेशन टेक्नोलॉजीस फार फार्मास्युटिकल एण्ड माइक्रो प्लास्टिक रिमूवल सपोर्टिंग क्लाइमेट अडाप्शन एण्ड एनवायरनमेंटल जस्टिस' विषय पर अपना वक्तव्य दिया। डा. एस. के. त्यागी डायरेक्टर सीपीसीबी, एम ओ ई एफ सी सी ने इण्टर लिंकेज भी/ डब्लू क्लाइमेट चेंज-एण्ड सोशल इन इक्वलिटी: की इशूस हेल्थ एण्ड इक्विटी क्राइसेस एण्ड द वे अहेड पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत सरकार ने विविध तरीकों को अपनाया है किन्तु प्रदूषण को पूरी तरह से खत्म करने में असमर्थ रही।

# हाउस टैक्स बढ़ोतरी पर सपा का तीखा प्रहार, जनआंदोलन की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** नगर निगम द्वारा हाउस टैक्स में की गई हालिया बढ़ोतरी के खिलाफ समाजवादी पार्टी ने मोर्चा खोल दिया है। पार्टी ने इसे सीधा-सीधा "जनविरोधी फैसला" करार देते हुए चेतावनी दी है कि यदि निर्णय तत्काल प्रभाव से वापस नहीं लिया गया तो व्यापक जनआंदोलन किया जाएगा। समाजवादी पार्टी, जनपद गाजियाबाद के जिला अध्यक्ष ने जारी बयान में कहा कि मौजूदा समय में आम नागरिक पहले ही महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक अस्थिरता से जूझ रहा है। ऐसे दौर में हाउस टैक्स में बढ़ोतरी करना जनता की कमर तोड़ने जैसा कदम है। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर निगम प्रशासन



ने बिना व्यापक जनसंवाद और पारदर्शिता के यह निर्णय थोप दिया, जिससे मध्यम वर्ग, छोटे व्यापारी, श्रमिक वर्ग और आम गृहस्वामियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। जिला अध्यक्ष ने कहा कि कर बढ़ाने से पहले जनता की आर्थिक स्थिति और स्थानीय परिस्थितियों का आकलन किया जाना चाहिए था। नगर निगम को यह स्पष्ट करना चाहिए कि आखिर बढ़ोतरी की आवश्यकता क्यों पड़ी, किस आधार पर दरें तय की गई और इससे मिलने वाली अतिरिक्त राशि का उपयोग किन विकास कार्यों में होगा। जब तक इन सवालों का संतोषजनक जवाब नहीं दिया जाता, तब तक पार्टी का विरोध जारी रहेगा। सपा ने यह भी कहा कि लोकतंत्र में कराधान का अधिकार मनमाने तरीके से नहीं, बल्कि जवाबदेही और पारदर्शिता के साथ प्रयोग किया जाना चाहिए। यदि प्रशासन जनता की आवाज अनसुनी करता है तो पार्टी जनपद के सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों के साथ सड़कों पर उतरकर शांतिपूर्ण लेकिन व्यापक आंदोलन करेगी।

# फूलों की प्रदर्शनी का हुआ आगाज खिल उठा शहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** लैण्डक्राफ्ट डवलपर्स द्वारा हॉर्टिकल्चर एण्ड फ्लोरिकल्चर सोसायटीज के सहयोग से 'फ्लावर शो एवं चटकारे' गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी बारहवें पलावर शो का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष यह आयोजन 27 फरवरी, 2026 से 01 मार्च, 2026 समय दोपहर 12 बजे से रात्रि 10 बजे तक गोल्फलिंक्स, एन०एच०-09, गाजियाबाद में हो रहा है। कार्यक्रम का उदघाटन जिलाधिकारी के कर कमलों द्वारा किया गया। इस बार पर्यावरण/प्रदूषण के साथ-साथ ऑक्सीजन एवं इम्यूनिटी बूस्टर पौधे एवं योगा मुख्य आकर्षण का केन्द्र हैं।

साथ ही साक्षरता, रीसाइक्लिंग सामग्री का उपयोग तथा कम्पोस्टिंग इत्यादि प्रमुखता से प्रदर्शित किये जा रहे हैं। किचन गार्डन, हँगिंग गार्डन, अर्बन माइनिंग, टेरेस गार्डन, वर्टिकल गार्डन, लैण्डस्कैपिंग, विभिन्न प्रकार की मेडिसनल प्लांट्स, वायु शोधन करने वाले पौधे, बोनसाई, कैक्टस, सैलुलेण्डस, हाइपरसोनिक, स्वदेशी पुष्प, फल एवं रसायन रहित (आर्गेनिक) सब्जियों का प्रदर्शन किया गया है। फ्लावर शो में मनो. रंजन एवं अनेक प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया है जैसे-नृत्य, योग साधना, सांस्कृतिक कार्यक्रम, गायन एवं फैशन शो, मेहंदी, टेटू, रंगोली. पतंग बाजी, झूले, बर्डस, बटर फ्लाई, विभिन्न प्रकार के स्टॉल आदि आकर्षण का केन्द्र हैं।

इस बार विशेष रूप से अर्बन गार्डिनिंग जैसे हाइड्रोपोनिक, एक्यापोनिक एवं एरोपो. निक के द्वारा पौधे किस प्रकार उगाये जा सकते हैं प्रदर्शित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त पर्यावरण एवं सनातन का बहुत सुन्दरता से समायोजन किया गया है। सनातन की दृष्टि से धनुषवाण द्वार के साथ शिववालय डमरू, वन्दे मातरम-शब्द नही संकल्प, वैज्ञानिक दृष्टिकोण से सैटेलाइट, पर्यावरण ऑक्सीजन पार्लर, बंटर पलाई, मोर, बत्तख, खरगोश, विभिन्न प्रकार की मछलियों एवं एक्जोटिक प्लान्ट के साथ-2 बहुत सुन्दर लैण्डस्केपिंग का मनमोहक प्रदर्शन किया गया है।

फूलों की छटा तो निहारते बनती है। स्वाद का भी विशेष ध्यान रखा गया है। मनो. रंजन के साथ-साथ चटकारे में विभिन्न शहरों से फूड स्टॉल्स में मुख्य रूप से सीताराम बाजार वाले छोटे लाल की फुट कुलिया और काठी कबाब, फत्ते की कचौड़ी, आगरा के पराठे, चाँदनी चौकी की जलेबी, नागपाल के छोले-भठूरे, डोलमा मोमोज, योग्बे स्पेशल भेल पूरी, लखनऊ के मशहूर टुन्डे कबाब एवं एवं प्रमुख नगरीय स्वादिष्ट व्यंजन है। आयोजन भव्य, ज्ञानवर्धक, मनो. रंजक एवं प्रेरणादायक होगा।

बागवानी से सम्बन्धित वर्कशॉप का भी आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में लैण्डक्राफ्ट तथा फ्लोरिकल्चर सोसाइटी गाजियाबाद के साथ-2, एकेजी इन्टीट्यूट, जीडीए, नगर निगम गाजियाबाद, नोएडा अथॉरिटी इत्यादि ने भी बहुत सुन्दर प्रस्तुति दी है। धन्यवाद सहित।

# एचएलएम कॉलेज में राष्ट्रीय सम्मेलन का सफल आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** एचएलएम कॉलेज ने शारीरिक शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ और फिजिकल एजुकेशन फॉउंडेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त सहयोग से एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का सफल आयोजन किया।



सम्मेलन का शुभारंभ चेयरमेन सुनील मिगलानी, वाइस चेयरपर्सन मिस सोनिया मिगलानी और ग्रुप डायरेक्ट डॉ अनुज अग्रवाल, सहायक निद. ेशक डॉ धीरज शर्मा, और बीटेक डायरेक्ट डॉ पंकज कुमार सिंह के द्वारा किया गया।

इस सम्मेलन में मुख्य अथिति प्रॉफ भीष्म सिंह, डॉ. संदीप कुमार, डॉ. प्रवीण कुमार, डॉ. हरदेव सिंह व शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागअध्यक्ष डॉ अर्जुन सिंह पंवार, डॉ अनिल कुमार बाजपेयी व डॉ राजकुमार शर्मा उपस्थित रहे। डीन ऑफ अकेडमिक डॉ. मोहित जिंदल व रजिस्टार डॉ अरुण गोयल और बीएड प्रिंसिपल ममता चौधरी उपस्थित रहे। मुख्य अथिति प्रॉफ भीष्म सिंह ने खेल शिक्षा के बदलते स्वरूप, फिटनेस संस्कृति, खेल प्रबंधन और आधुनिक अनुसंधान तकनीकों पर अपने महत्वपूर्ण विचार साझा किए। फिजिकल एजुकेशन डायरेक्टर डॉ. संदीप कुमार ने विशेषज्ञों ने खेल प्रबंधन, खेल मनोविज्ञान और प्रदर्शन सुधार तकनीकों पर आधारित अपने अनुभव प्रतिभागियों के साथ साझा किए। ग्रुप डायरेक्ट डॉ अनुज अग्रवाल ने बताया की आधुनिक जीवनशैली में शारी. रिक शिक्षा का महत्व लगातार बढ़ता जा रहा है।

एचएलएम कॉलेज के सहायक निदेशक डॉ धीरज शर्मा ने अंत में सभी मुख्य अतिथियों का दिल से धन्यवाद ज्ञापन किया और बताया कि इस तरह के सम्मेलन छात्रों और शिक्षकों को राष्ट्रीय स्तर पर सीखने और जुड़ने का अवसर प्रदान करते हैं। कॉलेज भविष्य में भी ऐसे शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रतिबद्ध है। मंच का सञ्चालन श्रीमती मृदुला भरद्वाज और नेहा शर्मा के द्वारा किया गया।

# एडवोकेट बिजेंद्र जाटव ने डॉ. सचिन कुमार त्यागी को बेटे की मौत का बताया जिम्मेदार, इलाज में लापरवाही व डिग्री पर उठाए सवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** एडवोकेट बिजेंद्र जाटव ने बेटे की मौत पर हंस हैल्थ केयर सेंटर के प्रबंधक डा सचिन कुमार त्यागी पर बेटे के इलाज में लापरवाही व डिग्री पर सवाल उठाते हुए प्रेस वार्ता में बताया कि जनवरी 2025 में 26 वर्षीय बेटा आशुतोष तोमर की मौत फर्जी व जालसाज डा सचिन कुमार त्यागी की इलाज में लापरवाही से दवाईयों की ओवर डोज देने से हुई है। उन्होंने डा सचिन कुमार त्यागी पर आरोप लगाते हुए बताया कि वह विशेषज्ञ छाती हृदय पेट संबंधित बिमारियों का एमडी होने का प्रचार प्रसार कर फर्जी हंस अस्पताल के नाम चलाया था।



उन्होंने बताया कि डा सचिन कुमार त्यागी के फर्जीवाड़े व चिकित्सा की डिग्री को बढ़ा चढ़ा कर अपने आपको चिकित्सक एमडी विशेषज्ञता की अयोग्यता होने की मुझे जानकारी दी। जिसके कारण मेरे बेटे की मौत हुई है। डा सचिन कुमार त्यागी के खिलाफ सीएमओ से शिकायत पर करने पर सीएमओ संज्ञान लेते हुए जांच में डा सचिन कुमार त्यागी को फर्जी डॉक्टर का दोषी पाया और क्षेत्रीय आयुर्वेदिक यूनानी अधिकारी ने जिला में चिकित्सा का व्यवसाय करने पर प्रतिबंध लगाकर उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ को उसका लाइसेंस निरस्त करने की संस्तुति के लिए भेजा है। एडवोकेट बिजेंद्र जाटव ने डा सचिन कुमार त्यागी के पिता अशोक त्यागी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। एडवोकेट बिजेंद्र जाटव ने ग्रामीणो प्रधानों नगरपालिका चेयरमैन सभासदों व सामाजिक चिंतनशील लोगों से अपील कि क्षेत्र में चिकित्सा के नाम पर हमारे जीवन के साथ खिलवाड़ न हो। ऐसे फर्जी व जालसाज चिकित्सकों के खिलाफ आवाज उठाए। फर्जी व जालसाज डा सचिन कुमार त्यागी की लापरवाही से मेरे 26 वर्षीय जवान बेटे युवा वैज्ञानिक को खो दिया। मैं नहीं चाहता कि ऐसी क्षति किसी और परिवार के साथ नहीं हो सके।

### गणेश अस्पताल का नारी शक्ति उत्सव शुरू

# तीन दिवसीय नि:शुल्क इंफर्टिलिटी कैंप का शुभारंभ, एसीपी उपासना पांडेय ने किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** महिलाओं के स्वास्थ्य और मातृत्व से जुड़े मुद्दों के समाधान हेतु गणेश अस्पताल द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नारी शक्ति उत्सव का भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर तीन दिवसीय विशेष इंफर्टिलिटी (बांझपन) कैंप का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि एसीपी उपासना पांडेय ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान डॉ. रंजना शर्मा, डॉ. निधि वर्मा, डॉ. अर्चना शर्मा, डॉ. मोनिशा शर्मा और डॉ. प्रतीक शर्मा भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसीपी उपासना पांडेय ने कहा कि समाज में महिलाओं का स्वास्थ्य सर्वोपरि है और चिकित्सकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार उत्तर प्रदेश पुलिस जनसेवा में दिन-रात तत्पर रहती है, उसी प्रकार चिकित्सक भी मरीजों की सेवा



में निरंतर समर्पित रहते हैं। ऐसे स्वास्थ्य शिविर जरूरतमंद महिलाओं के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होंगे। अस्पताल की वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अर्चना शर्मा ने बताया कि इस तीन दिवसीय कैंप के दौरान महिलाओं को इंफर्टिलिटी से संबंधित परामर्श, जांच और उपचार की सुविधाएं विशेष रियायती दरों पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। कई महत्वपूर्ण जांचें नि:शुल्क की जा रही हैं तथा विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा नि:शुल्क परामर्श भी दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बदलती जीवनशैली और बढ़ते तनाव के कारण कई महिलाएं मातृत्व संबंधी समस्याओं का सामना कर रही हैं, ऐसे में यह कैंप उनके लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। अस्पताल प्रशासन ने बताया कि नारी शक्ति उत्सव का उद्देश्य महिलाओं को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और उन्हें बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

इस आयोजन के माध्यम से विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद महिलाओं को लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं और परिजनों ने अस्पताल की इस पहल की सराहना की और कहा कि इस प्रकार के शि. विर समाज के लिए अत्यंत उपयोगी हैं। अस्पताल प्रशासन ने अधिक से अधिक महिलाओं से इस कैंप का लाभ उठाने की अपील की है, ताकि समय रहते स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान किया जा सके और मातृत्व का सुख प्राप्त किया जा सके।

# दो बाइकों की भिड़ंत में एक की मौत, दो घायल

**हल्दौर।** क्षेत्र के गांव वाजिदपुर के समीप दोपहर हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी और दूसरी बाइक पर सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली शहर क्षेत्र के गांव जीतपुरा निवासी सचिन कुमार (40) अपनी पत्नी बृजेश के साथ बाइक से नहटौर क्षेत्र के गांव तमरौला स्थित अपने फूफा के यहां शोक संवेदना व्यक्त करने जा रहे थे। इसी दौरान हल्दौर-गंज मार्ग पर गांव वाजिदपुर के निकट सामने से आ रही एक अन्य बाइक से उनकी आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई। दूसरी बाइक पर गंज निवासी राहुल कुमार सवार था, जो हल्दौर से रंग-गुलाल खरीदकर अपने घर लौट रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों बाइक सवार सड़क पर दूर जा गिरे। हादसे में गंभीर रूप से घायल सचिन कुमार ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। उनकी पत्नी बृजेश और राहुल कुमार को गंभीर अवस्था में अस्पताल भेजा गया है, जहां उनका उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन मौके पर पहुंच गए। अचानक हुए हादसे से परिवार में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आमने-सामने की टक्कर का प्रतीत हो रहा है।

# आईटीएस में वार्षिकोत्सव नवतरंग एवं विजविग का हुआ भव्य समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आईटीएस मोहननगर संस्थान में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव नवतरंग एवं विजविग इंटर कॉलेज कल्चरल फेस्ट का भव्य समापन हुआ। समारोह का औचारिक उद्घाटन आईटीएस - दी एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित विख्यात कत्थक नृत्यांगना माया कुलश्रेष्ठ, आई टी एस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के निद. ेशक डॉ अजय कुमार, आईटीएस यूजी कैंपस की प्राचार्या डॉ नैंसी शर्मा एवं आईटीएस के निदेशक डॉ सुनील कुमार पांडेय ने माँ सरस्वती के चरणों मे दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस वार्षिकोत्सव का उद्देश्य प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को एक ऐसा मंच प्रदान करना था जहाँ




पर वो अपनी अतिरिक्त कला का बेहतरीन प्रदर्शन कर सके। इस वार्षिकोत्सव में आयोजित 23 तरह की विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे क्विज, क्रॉसवर्ड, बिजनेस प्लान, सोलो डांस, ग्रुप डांस, टी शर्ट पेंटिंग, क्रिएटिव राइटिंग, नेल आर्ट, स्ट्रीट प्ले, सोलो सिंगिंग, बैटल ऑफ बैंड, पोस्टर मेकिंग, फेस पेंटिंग, फैशन शो, पोएट्री, मिमिक्री, अंताक्षरी, डुएट सिंगिंग, डिबेट कम्पटीशन, रंगोली, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, सुडोकु आदि में 100 से भी अधिक संस्थानों के लगभग 1500 छात्रों ने पंजीकरण कराया था। सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट्स दिए गए और विज. ेताओं को पुरूस्कार स्वरुप नकद राशि प्रदान की गयी। आईटीएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रत्येक छात्र के भीतर अद्वितीय क्षमता और प्रतिभा निहित है, जिसे समय-समय पर विभिन्न मंचों पर प्रस्तुत करते रहना चाहिए। आई.टी. एस की प्राचार्या प्रोफेसर (डॉ) नैंसी शर्मा ने सभी प्रतिभागियों का हार्दिक स्वागत किया। वार्षिकोत्सव के प्रथम दिवस पर प्रख्यात इंडियन क्लासिकल डांसर माया कुलश्रेष्ठ विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। पार्श्व गायक लक्ष्य कपूर को सेलिब्रिटी नाईट के लिए विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। बैटल ऑफ बैंड प्रतियोगिता में आईटीएस की टीम प्रथम एवं रामा मेडिकल कॉलेज की टीम द्वितीय स्थान पर रही। अंताक्षरी प्रतियोगिता में आईटीएस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट से रूही सिंह प्रथम एवं एचआरआईटी यूनिवर्सिटी से दृष्टि द्वितीय स्थान पर रही। इस अवसर पर आईटीएस ग्रुप ऑफ इंस्टीटूशन्स के चेयरमैन डॉ आरपी चड्ढा, वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा, आईटीएस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के डायरेक्टर डॉ अजय कुमार, आईटीएस के डायरेक्टर डॉ सुनील कुमार पांडेय, यूजी कैंपस की प्रिंसिपल प्रोफेसर डॉ. नैंसी शर्मा, यूजी कैंपस की ऐकडेमिक डीन डॉ विदुषी सिंह, इवेंट कोऑर्डिनेटरस, अध्यापकगण एवं भरी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### संबंध विच्छेद

हम पूजा रानी पत्नी हरवीर सिंह व हरवीर सिंह पुत्र चंदर सिंह निवासी- म. नं- 00, गुप्ता मार्केट पुरसी मुरादनगर जिला-गाजियाबाद अपनी पुत्री पुष्पांजली को गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखलकर सम्बन्ध विच्छेद करते हैं। भविष्य में अपने कृत्यों की ये स्वयं जिम्मेदार होगी।

# अनाथालय की स्थापना मानकों के अनुरूप सुनिश्चित की जाए:डीएम

## जनपद में प्रस्तावित अनाथालय स्थल का जिलाधिकारी ने किया स्थलीय निरीक्षण





**बागपत।** शुक्रवार को सरूरपुर गांव में प्रस्तावित अनाथालय स्थल का जिलाधिकारी अस्मिता लाल द्वारा संबंधित उपजिलाधिकारी अमरचंद वर्मा के साथ स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने भूमि की उपलब्धता, पहुंच मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था, स्वच्छता, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, शौचालय व्यवस्था तथा बच्चों के लिए प्रस्तावित आवासीय कक्षों एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का विस्तृत जायजा लिया। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि अनाथालय की स्थापना शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप सुनिश्चित की जाए। साथ ही बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण एवं सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं को प्राथमिकता के आधार पर विकसित किया जाए, ताकि निराश्रित एवं जरूरतमंद बच्चों को सुरक्षित एवं सुसज्जित वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को आवश्यक औपचारिकताएं समयबद्ध रूप से पूर्ण करते हुए प्रस्ताव को शीघ्र क्रियान्वित करने के निर्देश दिए गए। प्रशासन द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया कि अनाथालय के संचालन में पारदर्शिता एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

## नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा का पार्टी कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के पुट्टी धनोरा गांव के रहने वाले वरिष्ठ भाजपा नेता नीरज शर्मा को पार्टी हाई कमान द्वारा जनपद का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है।

नीरज शर्मा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य खेलकूद प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक 2024 लोकसभा चुनाव में मुजफ्फरनगर के लोकसभा प्रभारी अन्य कही महत्वपूर्ण पदों पर भारतीय जनता पार्टी में कार्य कर चुके हैं अब उन्हें जनपद बागपत की नई जिम्मेदारी देकर जनपद का जिलाध्यक्ष बनाया है। इससे पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई है। आखिरकार लंबे इंतजार के बाद पार्टी हाई कमान ने नीरज शर्मा के नाम पर बागपत का नया ताज उनके सर पर बांध दिया है। नीरज शर्मा ने 2007 व 2012 में भाजपा से विधानसभा का चुनाव भी लड़ा था इस मुद्दे पर जब नवनियुक्त जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि जो जिम्मेदारी पार्टी हाई कमान द्वारा मुझे सोपी गई है।

मैं उसे जिम्मेदारी को जिम्मेदारी समझते हुए पार्टी के निर्देशों का पालन करते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ 24 घंटे उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का काम करूंगा। जिला मीडिया प्रभारी डा. पवन शर्मा के नेतृत्व में नवनियुक्त जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा का फूलों का गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया गया।

## मंडलायुक्त से शिष्टाचार भेंट कर किए विचार विमर्श



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर पालिका परिषद के वरिष्ठ समाजसेवी अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के उत्तर प्रदेश सचिव लोकेश वत्स के नेतृत्व में आज मेरठ मंडल के मंडलायुक्त(कमिश्नर) भानु चन्द्र गोस्वामी से शिष्टाचार भेंट कर सामाजिक विषयों पर विचार विमर्श किया तथा उनके द्वारा मंडल में किये जा रहे कार्यों की सरहाना करते हुए उनको साल तथा भगवान परशुराम की प्रतिमा भेंट की गई। मौके पर अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष चिन्मय भारद्वाज ने कहा कि भानु चंद्र गोस्वामी का कार्यकाल मेरठ मंडल में दिन रात तरक्की का रास्ता अपना रहा है। सामाजिक कार्यों में में हमेशा सच्चाई के रास्ते पर चलने का कार्य करते हैं। मुलाकात के अवसर पर उत्तर प्रदेश सचिव लोकेश वत्स, राकेश शर्मा जिलाध्यक्ष, राजपाल शर्मा संरक्षक, अमित शर्मा जिला उपाध्यक्ष, दीपक शर्मा जिला संगठन प्रभारी, रविदत्त शर्मा, देवेंद्र शर्मा, उमेश शर्मा चौधरी खेकड़ा आदि मौजूद रहे।

## ईट बनाने वाली मशीन से कुचलकर श्रमिक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिनौली।** बिजवाड़ा गांव के ईंट भट्टे पर गुरुवार देर रात रायबरेली के श्रमिक की ईंट बनाने व मिट्टी तैयार करने वाली मशीन से कुचल. कर मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया है।

रायबरेली जनपद के डीह तहसील के खरहैटी गांव निवासी 24 वर्षीय देशराज पुत्र रामआधार बिजवाड़ा गांव के जंगल में स्थित शिव ब्रिक फील्ड पर ईंट जलाई काम करता था। वह यहां करीब बीस दिन पहले ही आया था। रात में वह भट्टा परिसर में खड़ा था। इसी दौरान ईंट बनाने वाली मशीन के चालक ने लापरवाही से टैक्टर को पीछे कर दिया, जिसके चलते पीछे खड़ा श्रमिक देशराज मशीन से कुचलने से गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसको साथी श्रमिकों ने इलाज के लिए बड़ौत के एक निजी हॉस्पिटल में ले जाकर भर्ती कराया। जहां से उसे मेरठ रेुर किया गया। मेरठ पहुं. चने पर श्रमिक ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल भिजवाया।



मृतक का फाइल फोटो

## एक नजर

### दो मार्च को होलिका दहन, चार मार्च को मनाया जाएगा रंगोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** होलिका पूजन और दहन का त्योहार दो मार्च ओर रंगोत्सव का त्योहार चार मार्च को मनाया जाएगा। इस बार तीन मार्च को चंद्र ग्रहण और शाम 5 बजकर सात मिनट तक पूर्णिमा तिथि रहेगी। रंगोत्सव का त्योहार प्रतिप्रदा तिथि में मनाना ही शास्त्र संगत है। दो मार्च को शाम पांच बजकर 56 मिनट पर पूर्णिमा तिथि का प्रवेश होगा। रात्रि में 12 बजकर 50 मिनट से रात्रि में दो बजे तक भद्रा के पुच्छ काल में हो. लिका दहन का शुभ मुहूर्त है। तीन मार्च को दोपहर तीन बजकर 20 मिनट पर चंद्र ग्रहण शुरू होगा जो शाम छह बजकर 47 मिनट पर संपन्न होगा। चंद्र ग्रहण के कारण सुबह 6 बजकर 20 मिनट पर सूतक लग जाएगा। सूतक काल में मंदिरों के कपाट बंद रहेंगे। ज्योतिषाचार्य पंडित राजकुमार शास्त्री ने बताया कि इस बार होली और रंगोत्सव के त्योहार को लेकर लोगों मे भ्रम की स्थिति है। शास्त्रों के अनुसार होलिका दहन पूर्णिमा तिथि और रंगोत्सव का त्योहार प्रतिप्रदा तिथि में मनाने का विधान है। इस बार दो मार्च को शाम 5 बजकर 56 पर पूर्णिमा तिथि का प्रवेश होगा और तीन मार्च को शाम 5 बजकर 7 मिनट तक पूर्णिमा तिथि समाप्त होगी। दो मार्च को होलिका पूजन सुबह से ही शुरू होगा। माताएं और बहनें सुबह के समय होलिका का पूजन कर सकती है। दो मार्च को रात्रि में 12 बजकर 50 मिनट से रात दो बजे तक होलिका दहन का शुभ मुहूर्त है। तीन मार्च को चंद्र ग्रहण और प्रतिपदा तिथि शाम को आने से रंगोत्सव का त्योहार चार मार्च को मनाया जाएगा। तीन मार्च को सुबह छह बजकर 20 मिनट पर सूतक लग जाएगा। दोपहर 3 बजकर 20 मिनट पर चंद्र ग्रहण शुरू होगा और शाम 6 बजकर 47 मिनट पर ग्रहण समाप्त होगा। ऐसे में तीन मार्च को रंगोत्सव का त्योहार मनाना शास्त्र संगत नही है।



## नगर पालिका परिषद के डंपिंग ग्राउंड में लगी भीषण आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** नगर पालिका परिषद के डंपिंग ग्राउंड में आग लग गई है। इस आग के कारण बड़ौत-किरठल लाइन की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई है। आग घंटों से धधक रही है। आग पर काबू पाने के लिए कोई इंतजाम नहीं किए गए हैं। सूचना दिए जाने के बावजूद पालिका के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचे।

यह डंपिंग ग्राउंड बागपत के प्रमुख नगर बड़ौत के पूर्वी यमन नहर मार्ग पर स्थित है। इसके ऊपर से 440 केवी की हाई टेंशन लाइन गुजरती है। ट्रांसमिशन विभाग ने नगर पालिका को इस संबंध में दर्जनों बार नोटिस जारी किए हैं। ट्रांसमिशन विभाग ने नगर पालिका को कई बार चेतावनी दी है, लेकिन हाईटेंशन लाइन के नीचे कूड़ा डालने का काम जारी है।



सफाईकर्मी जोखिम भरे माहौल में काम करते हैं।

मोहित राव, अधिशाषी अभियंता, ट्रांसमिशन विभाग ने बताया कि इस मामले में नगर पालिका कर्मचारियों से कई बार शिकायत की गई है, लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। उन्होंने अधीक्षक अधिकारी को आग लगने की सूचना दी, जिस पर उन्हें किसी और को जानकारी देने को कहा गया। राव ने बताया कि पहले भी ऐसे कई हादसे हो चुके हैं। कूड़े के ढेर पर चढ़ने से कई पशु घायल हो चुके हैं और कई लोगों को करंट भी लग चुका है। उन्होंने इस समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की है।

## नीरज शर्मा को जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर खेकड़ा में बाटी मिठाइयां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** भारतीय जनता पार्टी ने नीरज शर्मा को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। इस घोषणा के बाद खेकड़ा नगर में भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा गया। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया और इसे हर कार्यकर्ता की जीत बताया।

भाजपा के नगर महामंत्री दीपक शर्मा ने इस निर्णय को पार्टी का सराहनीय और दूरदर्शी कदम बताया। उन्होंने कहा कि नीरज शर्मा एक कर्मठ, जुझारू और समर्पित नेता हैं, जो पार्टी की विचारधारा को मजबूती से आगे बढ़ाएंगे। शर्मा ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा मिलेगी। इस अवसर पर पुष्पेंद्र कुमार, नवीन शर्मा प्रधान, चेतन चंदेला, सन्नी गुप्ता, कपिल शर्मा बसी, राकेश धमा (जिला संयोजक सांस्कृतिक प्रकोष्ठ) और प्रमोद गोस्वामी सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने नीरज शर्मा को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं और संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया।



## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** सुप्रसिद्ध शिक्षण संस्थान जनता वैदिक कॉलेज उ.प्र.में विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2026 (जनपद स्तरीय) का सफल एवं गरिमामय आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को लोकतांत्रिक मूल्यों से जोड़ते हुए विकसित भारत के निर्माण में उनकी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करना रहा। यह आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। कार्यक्रम हेतु जनपद बागपत के युवाओं से मेरा युवा भारत पोर्टल पर आवे. दन आमंत्रित किए गए, जिनमें 160 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए। वर्ष 2026 की यूथ पार्लियामेंट का विषय आपातकाल के 50 वष भारतीय लो. कतंत्र के लिए सबक निर्धारित किया गया। इस अवसर पर भाषण एवं संवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें प्रत्येक प्रतिभागी को तीन मिनट में अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर दिया गया। प्रतिभागियों का मूल्यांकन विद्वान एवं अनुभवी ज्यूरी सदस्यों द्वारा विषय-वस्तु, तार्किकता, अभिव्यक्ति कौशल, आत्मविश्वास एवं प्रभावशीलता के आधार पर किया गया। जनपद स्तर से चयनित पाँच प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु अनुशंसित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद, बागपत डा.राजकुमार सांगवान की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही प्रबंध समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र पाल सिंह विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कॉलेज के प्राचार्य प्रो.डा.वीरेंद्र प्रताप सिंह के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम की ज्यूरी में डा.प्रतेश कुमार, बबीता तोमर, प्रो. डा.अशोक चौधरी, डा.राजीव कुमार एवं अमन कुमार सम्मिलित रहे। कार्यक्रम का संचालन डा.गीता रानी द्वारा प्रभावशाली ढंग से किया गया। आयोजन क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय सेवा योजना, उत्तर प्रदेश डा.समरजीत सक्सेना के आहवान तथा राज्य संपर्क अधिकारी, एनएसएस, उत्तर प्रदेश शासन डा.मंजू सिंह के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम समन्वयक डा.दुष्यंत कुमार चौहान के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, जनता वैदिक कॉलेज, बड़ौत एवं मेरा युवा भारत, बागपत के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों डा.इंदु, डा.अमित कुमार नागर, डा.अमृत गुप्ता एवं डा.सरिता का आयोजन में विशेष योगदान रहा। पूर्व कार्यक्रम अधिकारी डा.मुकेश कुमार का मार्गदर्शन भी कार्यक्रम की सफलता में महत्वपूर्ण रहा। यह आयोजन युवाओं में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास एवं लोकतांत्रिक चेतना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम सिद्ध हुआ। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## नीरज शर्मा के जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं ने मनाई खुशी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** अमीनगर सराय में भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा के जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर अमीनगर सराय में कार्यकर्ताओं ने खुशी मनाई। इस अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कार्यकर्ताओं ने नीरज शर्मा को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष पिलाना संजय उपाध्याय ने कहा कि नीरज शर्मा के इस उपलब्धि से पार्टी को मजबूती मिलेगी और वे पार्टी को आगे ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। व्यापार संघ अध्यक्ष राकेश बंसल ने कहा कि नीरज शर्मा के नेतृत्व में पार्टी को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। इस अवसर पर पूर्व जिला महामंत्री श्याम सुंदर गर्ग, जिला कार्यकारणी सदस्य अमित बंसल, नमामि गंगे संयोजक संजय गर्ग, पूर्व मंडल महामंत्री सतीश मित्तल, पूर्व युवा मोर्चा उपाध्यक्ष सौरभ कंसल, पूर्व मंडल उपाध्यक्ष संजीव विश्वकर्मा, पूर्व मंडल उपाध्यक्ष अजय पालीवाल, वरिष्ठ कार्यकर्ता पंकज राणा, वरिष्ठ कार्यकर्ता जन संघ रामकिशन बाल्मीकि, भाजपा सदस्य अनुज बंसल, वरिष्ठ कार्यकर्ता भाजपा विकास मंगल, व्यापार संघ कोषाध्य शिवकुमारमित्तल, नवीन गुप्ता, संजय मित्तल मंडल महामंत्री, रुद्र बंसल, हर्ष वर्मा, शेखर शर्मा आदि उपस्थित रहे।



## संस्कृति पब्लिक स्कूल में होली मिलन समारोह आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के संस्कृति पब्लिक स्कूल शबगा में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें सभी विधार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरमैन धर्मेन्द्र शर्मा, प्रधानाचार्य हरिदत्त शर्मा, पूर्व प्रधानाचार्य रामपाल सिंह, पूर्व इंस्पेक्टर भोपाल सिंह, एमिटी स्कूल की प्रशासक मीनाक्षी शर्मा, पूर्व प्रधानाचार्य मनोज शर्मा आदि ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित करके किया। कार्यक्रम में सरस्वती वंदना पर तानिया ने शानदार प्रस्तुति दी। मोबाइल बुरी बला नाटिका की प्रस्तुति पर खूब तालियां बजीं। इन बेटियों को खूब पढाईयो रे लोकगीत पर अवनी तथा परमंश ने सुंदर प्रस्तुति दी। आज बिरज में होली मेरे रसिया एमी की टीम ने शानदार प्रस्तुति दी। मैं बरसाने की छोरी पर ईसा ने बहुत सुंदर नृत्य किया। कार्यक्रम में सभी ने फूलों वाली होली खेली। इस अवसर पर प्रधानाचार्य हरिदत्त शर्मा ने सभी को होली की शुभकामनाएं दीं एवं स्कूल में उपलब्ध तथा प्रस्तावित सुविधाओं के विषय में जानकारी दी। इस अवसर पर रंगोली कॉम्पीटिशन भी आयोजित किया गया जिसमें कक्षा छरू को प्रथम चुना गया।कार्यक्रम का संचालन नीतू चौधरी ने किया। इस कार्यक्रम में बहुत से अभिभावक एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।




## विजेता खिलाड़ियों का फूलमाला किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** मेरठ मंडल 39 वी मंडलीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता खेलों का आयोजन जेएमएस वर्ल्ड स्कूल दिल्ली लखनऊ रोड हापुड में 25 व 26 फरवरी 2026 को सफलतापूर्वक हुआ। प्रतियोगिता में पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय असारा कंपोजिट ब्लॉक छपरौली जनपद के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेकर निम्नलिखित मेडल प्राप्त किया। प्राथमिक स्तर पर रेयान 100 मीटर दौड़ में गोल्ड मेडल, रेयान लंबी कूद में गोल्ड मेडल, रेयान 200 मीटर दौड़ में सिल्वर मेडल कुल तीन मेडल पर कब्जा किया, जोया लंबी कूद में गोल्ड मेडल, जया 50 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त किया, शबनूर कुश्ती में गोल्ड मेडल, सोफ़िया कुश्ती में गोल्ड मेडल इंशा ऊंची कूद में तृतीय स्थान, कबड्डी बालिका वर्ग प्राइमरी सिल्वर मेडल, बास्केटबॉल टीम बालिका गोल्ड मेडल, शपक टकरा टीम ने गोल्ड मेडल प्राप्त कर अपने विद्यालय, ब्लॉक व जनपद का नाम रोशन किया। रमन कंपोजिट हैवा कुश्ती में गोल्ड, अंश कुश्ती में गोल्ड कंपोजिट बछोड़, राहुल कुश्ती में गोल्ड ब्लॉक बागपत, मेडल प्राप्त किया। विद्यालय पहुंचने पर विद्यालय परिवार व अभिभावकों ने विजेता खिलाड़ियों को फूल माला पहनकर स्वागत किया। बीएसए गीता चौधरी के मार्गदर्शन में सुनील, कुलदीप, दर्शन, प्रवीण, दिलशाद, राकीब, मनोज कुमार, रीना रानी आबिद आदि सभी का सहयोग रहा। असारा कंपोजिट को 8 गोल्ड 2 सिल्वर 2 कांस्य मेडल। कुल 12 मेडल प्राप्त हुए छपरौली ब्लॉक को कुल 14 मेडल प्राप्त हुए।

## इमाम मुफ्ती खालिद कासमी ने अमन-चैन और भाईचारे की दी नसीहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर की मस्जिदों में नमाज अदा करते हुए नवाजी रमजान माह के दूसरे जुमे पर शहर की मर्कज़ी मस्जिद में नमाज अदा करने के लिए हजारों नमाजियों की भीड़ उमड़ पड़ी। पवित्र महीने की फज़ीलत और दूसरे जुमे की अहमियत को लेकर खास इंतज़ाम किए गए थे। नमाज से पहले शहर इमाम मुफ्ती खालिद कासमी ने बयान करते हुए रमजान की बरकतों और दूसरे जुमे के फायदे विस्तार से बताए।

उन्होंने अपने बयान में कहा कि रमजान सब्र, इबादत और आत्मशुद्धि का महीना है। इस माह में रखा गया हर रोजा इंसान को गुनाहों से दूर करता है और अल्लाह की रहमतों का हकदार बनाता है। उन्होंने रोजा रखने के फायदे गिनाते हुए कहा कि यह इंसान को परहेज़गार बनाता है, वहीं बिना किसी मजबूरी के रोजा छोड़ना बड़ा नुकसानदेह है और इससे इंसान सवाब से महरूम हो जाता है। नमाज मुकम्मल होने के बाद खास दुआ कराई गई, जिसमें देश में अमन-चौन, तरक्की और आपसी भाईचारे की दुआ मांगी गई। हजारों नमाजियों ने एक साथ हाथ उठाकर मुल्क की सलामती और खुशहाली के लिए दुआ की। अपने बयान के दौरान मुफ्ती खालिद कासमी ने आगामी होली पर्व को लेकर भी अपील की। उन्होंने मुस्लिम समाज से अपील करते हुए कहा कि होली के दिन बिना किसी आवश्यक कारण के घर से बाहर न निकलें और आपसी सौहार्द बनाए रखें। उन्होंने सभी समुदायों से मिलजुल कर त्योहार मनाने और शांति व्यवस्था कायम रखने का संदेश दिया।



## गर्म पानी गिरने से झुलसी 19 वर्षीय युवती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** थाना क्षेत्र के ग्राम गोठड़ा में शुक्रवार सुबह एक 18 वर्षीय छात्रा गर्म पानी से गंभीर रूप से झुलस गई। कक्षा 12 की छात्रा तनुष्का लगभग 40 प्रतिशत जल गई है।

यह घटना 27 फरवरी 2026 को सुबह हुई तनुष्का, जो जयसिंह की पुत्री है, घर की छत से गर्म पानी का बर्तन लेकर नीचे उतर रही थी। सीढ़ियों पर पैर फिसलने के कारण उबलता पानी उसके शरीर पर गिर गया। शोर सुनकर परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे और तनुष्का को उपचार के लिए जिला संयुक्त चिकित्सालय बागपत ले गए। वहां चिकित्सकों ने उसे प्राथमिक उपचार प्रदान किया। चिकित्सकों ने बताया कि छात्रा की जलने की चोटें गंभीर हैं, जिसके लिए विशेष चिकित्सा सुविधा की आवश्यकता है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए, उसे उच्च चिकित्सा केंद्र रेुर कर दिया गया। इसके बाद परिजन तनुष्का को दिल्ली स्थित सफदरजंग अस्पताल ले गए हैं। विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में उसका उपचार जारी है।

# हापुड़ में 665 स्थानों पर होलिका दहन, ड्रोन निगरानी और फ्लैग मार्च से कड़ी सुरक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** होली और रंगोत्सव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा व्यवस्था लागू कर दी है। जनपद में 665 स्थानों पर होलिका दहन प्रस्तावित है, जिनमें 84 स्थान संवेदनशील चिन्हित किए गए हैं। पर्व के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल, क्यूआरटी टीमों और क्लस्टर मोबाइल यूनिट्स को सक्रिय कर दिया गया है।

होलिका दहन और रंगोत्सव के दिन थाना व चौकी स्तर पर फ्लैग मार्च कराया जाएगा। संवे. दनशील और मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में ड्रोन कैमरों से निगरानी के साथ पैदल गश्त बढ़ाई जाएगी।



प्रत्येक होलिका स्थल पर मोहल्ला स्तर की निगरानी समिति गठित कर जिम्मेदारी तय की गई है, जबकि गैर-परंपरागत या विवादित स्थानों पर होलिका रखने पर रोक लगा दी गई है।

पुलिस ने स्पष्ट किया है कि हुड़दंग, अफवाह या साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की किसी भी को. शिश पर सख्त वैधानिक कार्रवाई होगी। पुलिस प्रशासन ने आयोजकों और स्थानीय संभ्रांत व्यक्तियों के साथ समन्वय बैठकें कर भीड़ प्रबंधन, जुलूस मार्ग, बिजली तारों से सुरक्षा और आपात व्यवस्था की समीक्षा की है।

सोशल मीडिया पर भी विशेष निगरानी रखी जा रही है ताकि किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना को तुरंत रोका जा सके। अवैध व जहरीली शराब की बिक्री रोकने के लिए आबकारी विभाग के साथ संयुक्त अभियान चलाया जा रहा है। कलानिधि नैथानी, पुलिस उप महा. निरीक्षक, ने कहा, हापुड़ सहित पूरे परिक्षेत्र में होली के अवसर पर बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है। संवेदनशील क्षेत्रों की विशेष निगरानी ड्रोन और सीसीटीवी से की जा रही है, जबकि पर्याप्त पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च और एरिया डोमिनेशन कराया जा रहा है। प्रत्येक होलिका स्थल पर स्थानीय समितियों के माध्यम से जिम्मेदारी तय की गई है, ताकि किसी भी विवाद या अफवाह की स्थिति में तत्काल नियंत्रण किया जा सके। अवैध शराब के विरुद्ध अभियान जारी है और सोशल मीडिया पर भ्रामक सामग्री प्रसारित करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। हमारा उद्देश्य है कि नागरिक परंपराओं के अनुरूप सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाएं, कानून व्यवस्था से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

# हाईवे लूट कांड में 20 हजार का इनामी दबोचा, अवैध तमंचा बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में हाईवे पर हुई लूट की घटना के मामले में फरार चल रहे 20 हजार रुपये के इनामी अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

थाना सिम्भावली पुलिस के अनुसार बीएनएस में वांछित चल रहे इनामी बदमाश को खुडलिया सर्विस रोड से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के दौरान उसके पास से 32 बोर का अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस का कहना है कि आरोपी हाईवे लूट की घटना के बाद से फरार चल रहा था और उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही थी। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार



अभियुक्त हसरत अली पुत्र इसरार अली उर्फ हसन निवासी जगतपुरा नई बस्ती शाहमतगंज थाना बारादरी जनपद बरेली है। आरोपी के खिलाफ विभिन्न जनपदों में गंभीर धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं। इनमें हत्या के प्रयास, लूट के प्रयास, आर्म्स एक्ट और गैंगस्टर एक्ट से जुड़े मामले शामिल हैं। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी का आपराधिक इतिहास लंबे समय से सक्रिय रहा है और वह कई घटनाओं में वांछित चल रहा था। थाना प्रभारी ने बताया कि अपरा. धियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई है। हाईवे पर सुरक्षा व्यवस्था और सुदृढ़ की गई है तथा संदिग्ध व्यक्तियों की लगातार चेकिंग की जा रही है।

# छापेमारी के बाद चौंकाने वाला नजारा-कूड़ेदान से मिठाई ले जाते दिखे लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग की छापेमारी के दौरान मिठाई की गुणवत्ता को लेकर चौंकाने वाली तस्वीर सामने आई। मंगलवार को विभागीय टीम ने शहर की कई मिठाई दुकानों पर निरीक्षण किया, जहां मानक पर खरी न उतरने वाली मिठाइयों को नष्ट कराया गया। लेकिन हैरानी की बात यह रही कि बाद में कुछ लोगों ने नगरपालिका के कूड़ेदान से वही नष्ट की गई मिठाई उठाकर अपने साथ ले ली।

मीनाक्षी रोड स्थित मिठाई दुकानों पर कार्रवाई के दौरान विभाग की टीम ने खोया, बर्फी और पनीर के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे। जांच प्रक्रिया के बीच कुछ मिठाइयों को प्रथम दृष्टया गुणवत्ता मानकों के विपरीत पाया गया, जिसके बाद उन्हें नष्ट करने के निर्देश दिए गए। विभागीय कर्मचारियों ने इन मिठाइयों को नियमानुसार कूड़ेदान में डलवा दिया। इसी दौरान वहां मौजूद कुछ लोगों ने कूड़ेदान से मिठाई निकाल ली। यह कूड़ेदान न केवल बदबूदार था, बल्कि उसमें अन्य कचरा भी पड़ा हुआ था। इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिससे लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। खाद्य विशेषज्ञों के अनुसार, इस तरह की मिठाई खाने से फूड प्वाइजनिंग, पेट संक्रमण, उल्टी-दस्त, बुखार और गंभीर मामलों में लीवर व आंतों से जुड़ी समस्याएं भी हो सकती हैं। इस मामले में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट



किया कि मिठाई को पूरी प्रक्रिया के तहत नष्ट कराया गया था। सहायक आयुक्त सुनील कुमार ने कहा कि कुछ लोगों द्वारा वीडियो को तोड़-मरोड़ कर वायरल किया गया, जिससे भ्रम फैलाने का प्रयास किया गया है। उन्होंने साफ कहा कि मिलावटी और मानकविहीन खाद्य पदार्थों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और जनस्वास्थ्य से किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा।

# अदालत के फैसले पर आप में खुशी की लहर, नेताओं ने बताया न्याय की जीत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** दिल्ली के कथित शराब प्रकरण में अदालत से राहत मिलने के बाद आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने खुशी जताते हुए एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और निर्णय का स्वागत किया। पार्टी नेताओं ने इसे न्याय की जीत बताया।

राऊज एवेन्यू कोर्ट द्वारा मामले में आरोप खारिज किए जाने और अरविंद केजरीवाल व मनीष सिसोदिया सहित अन्य आरोपितों को बरी किए जाने के बाद आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने निर्णय पर संतोष व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला प्रभारी डा. नरेंद्र सोलंकी ने कहा कि पार्टी और उसके नेताओं के खिलाफ लगाए गए आरोप निराधार



थे और अदालत के निर्णय से सच्चाई सामने आ गई है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक द्वेष के कारण झूठे आरोप लगाए गए, लेकिन न्यायालय के फैसले ने सभी भ्रम दूर कर दिए। जिला प्रवक्ता एडवोकेट ऋषिपाल सैनी ने कहा कि अदालत के निर्णय से राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप की सच्चाई उजागर हुई है। वहीं पूर्व जिला अध्यक्ष जोगेंद्र दास ने कहा कि लो. कतंत्र में न्यायपालिका के निर्णय सर्वोपरि होते हैं और सभी को उसका सम्मान करना चाहिए। कार्यक्रम में हीरालाल जैनवाल, मनोज गुप्ता, मुस्लिम कुरैशी, टीकाराम उपाध्याय, राम पाठक, आजाद, रोहताश, रवि कोरी, सहजाद, उदयवीर शर्मा और चौधरी ब्रह्मपाल सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मथुरा में हीट वेव से निपटने की तैयारी

**मथुरा।** भीषण गर्मी और लू के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ. पंकज कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने सिटी हीट एक्शन प्लान के तहत ठोस कदम उठाने की रणनीति तैयार की है। जिला आपदा विशेषज्ञ पूजा राणा द्वारा सुझाई गई। त्रिस्तरीय रणनीति के अनुसार, शहर में लू से बचाव के लिए अल्पकालिक, मध्यकालिक और दीर्घकालिक योजनाओं पर काम किया जाएगा। प्रशासन ने निर्णय लिया है कि मार्च के अंत तक सभी प्रमुख सरकारी भवनों और संस्थानों की छतों को श्कूल रूफश् तकनीक के तहत सफेद रंग से रंगा जाएगा, ताकि इमारतों के भीतर के तापमान को कम रखा जा सके। ग्लोबल वार्मिंग के प्रभाव को कम करने के लिए शहर में ग्रीन बेल्ट के विस्तार पर जोर दिया जा रहा है, जिसमें स्थानीय नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। जिला आपदा विशेषज्ञ पूजा राणा ने स्थानीय स्तर पर की गई तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि स्कूलों और कॉलेजों में जागरूकता अभियान चलाकर अभिभावकों और लोगों को जागरूक किया जाएगा। बैठक के दौरान जनपद के समस्त वरिष्ठ अधिकारी एवं आपदा मित्र अशोक यादव, अमित वर्मा, आपदा बाबू दीपू ,अरुण कुमार, शुभम कुमार आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे और आपदा मित्र एवं मास्टर ट्रेनर्स के माध्यम से आम जनमानस को हीट स्ट्रोक से बचाव व प्राथमिक उपचार के गुर सिखाने की रणनीति साझा की।

# नाव से गंगा में गिरी 9 साल की बच्ची, सीसीटीवी में कैद पूरा हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़/ब्रजघाट।** गंगा तट पर नौ वर्षीय बच्ची के नदी में गिरने की घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। फुटेज में बच्ची नाव से संतुलन खोकर गंगा में गिरती दिखाई दे रही है। घटना के बाद से पुलिस, गोताखोरों और स्थानीय नाविकों की मदद से सर्च अभियान जारी है, लेकिन समाचार लिखे जाने तक बच्ची का पता नहीं चल सका था।

जानकारी के अनुसार हापुड़ के काकाढेर गांव निवासी हेतराम की पुत्री शीतल (09) गंगा तट पर श्रद्धालुओं को आटे की गोलियां बेचती थी। गुरुवार शाम के बाद से वह अचानक लापता हो गई थी। परिजनों ने देर रात पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद खोजबीन शुरू की गई। पुलिस जांच में सामने आया



कि बच्ची नाव पर खड़ी थी और दूसरी नाव पर जाने का प्रयास कर रही थी। इसी दौरान उसका संतुलन बिगड़ गया।

घाट क्षेत्र में लगे कैमरों की फुटेज खंगालने पर घटना स्पष्ट हो गई। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया कि बच्ची नदी में पड़े नारियल को पकड़ने की कोशिश कर रही थी, उसी दौरान वह फिसलकर गंगा में जा गिरी। पुलिस चौकी ब्रजघाट प्रभारी इंद्रकांत यादव ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर तलाशी अभियान शुरू कराया। गोताखोरों और नाविकों की मदद से गंगा में लगातार खोजबीन की जा रही है, लेकिन तेज बहाव के कारण अभियान में कठिनाई आ रही है। पुलिस ने घाट क्षेत्र में सतर्कता बढ़ाते हुए लोगों से अपील की है कि नावों पर आवागमन करते समय विशेष सावधानी बरतें और बच्चों को नदी किनारे अकेला न छोड़ें। घटना के बाद क्षेत्र में शोक और चिंता का माहौल है।


**एक नजर**

# युवती पर अभद्र टिप्पणी कर वायरल करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सोशल मीडिया के माध्यम से युवती को परेशान करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरा. पी युवती के सोशल मीडिया अकाउंट पर अभद्र टिप्पणी कर उसका स्क्रीनशॉट वायरल कर रहा था। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना हापुड़ देहात पुलिस ने बीएनएस तथा 67 आईटी एक्ट में वांछित आरोपी को मोहल्ला तगासराय क्षेत्र से गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी के मुताबिक गिरफ्तार अभियुक्त शहजाद पुत्र इरफान निवासी अजराडा थाना मुण्डाली जनपद मेरठ है। आरोपी द्वारा युवती के सोशल मीडिया अकाउंट पर अभद्र टिप्पणी कर उसकी छवि धूमिल करने का प्रयास किया गया था। मामले की शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की पहचान कर उसे दबोच लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि महिलाओं से जुड़े साइबर अपराधों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है और सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक सामग्री प्रसारित करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। जनपद में ऐसे मामलों की निगरानी के लिए साइबर टीम को सक्रिय किया गया है और संदिग्ध गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है।

# संस्कृति विवि में विश्व के लीडरों ने कहा कि मिलकर दुनियां को सुंदर बनाएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय में आयोजित 'विकसित भारत 2047 के परिदृश्य में अंतर्राष्ट्रीय लीडरशिप सम्मेलन ' में विभिन्न देशों से आए अपने–अपने क्षेत्र के दिग्गजों ने भारत की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने संस्कृति विवि के विद्यार्थियों के बीच लीडरशिप, इनोवेशन, एजूकेशन, कल्चर और एंटरप्रिन्योरशिप को केंद्रित करते हुए वैश्विक नजरिये को बताया। सम्मेलन में बदलती दुनिया में एक मकसद के साथ जुटकर इंसानियत के लिए काम करने की बात की गई।

पोर्टियो रीको की डा. वर्जिनिया रिवेरा ने बड़े जोशीले अंदाज में कहा कि दुनिया सिर्फ बदलाव देखने के लिए ही नहीं, बल्कि उसे बनाने के लिए भी इकट्ठा होती है। इस साल, भारत दूसरी बार वह जीता–जागता मंच बन रहा है जहाँ लीडरशिप, इनोवेशन, एजुकेशन, कल्चर और एंटरप्रेन्योरशिप मिलकर भविष्य को फिर से लिख रहे हैं। भारत में हमारी यात्रा सिर्फ एक ट्रैवल रूट से कहीं ज़्यादा है, यह एक बदलाव को दिखाती है। यूनेस्को हेरिटेज से लेकर रूरल इनोवेशन हब तक, ग्लोबल थॉट लीडर्स से लेकर उभरती युवा आवाजों तक, जीएफ2026 इस बात का जश्न है कि जब हम मकसद के साथ एकजुट होते हैं तो इंसानियत क्या हासिल कर सकती है। आज दुनिया को ऐसे लीडर्स की जरूरत है जो विभिन्न संस्कृतियों के बीच पुल बना सकें, कल्पना को जगा सकें और मौकों को एक्टिवेट कर सकें। आइए, हम सब मिलकर सुंदर भविष्य बनाएँ।

# चिन्हित टीबी मुक्त पंचायत भ्रमण लिए लिए पहुंची टीम, ग्रामवासियों से की वार्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पूरनपुर क्षेत्र में टीवी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत मुख्य चिकित्सा अधिकारी के आदेश अनुसार मरीजों को चिन्हित किया गया। टीवी मुक्त पंचायत के भ्रमण के लिए सहायक प्रधानाचार्य डॉक्टर उमा खान मेडिकल कॉलेज पीलीभीत के टीम द्वारा चिन्हित पंचायत का भ्रमण किया गया। जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टीवी यूनिट, आयुष्मान आरोग्य मंदिर जमुनिया जगतपुर एवं नारायणपुर ता घुघचियाई के कम्युनिटी हेल्थ ऑफीसर एवं आशा के साथ गांववासियों के साथ संबंधित प्रधान से बात की गई। जिसमें यह पाया गया कि संबंधित पंचायत में कोई भी टीवी का मरीज नहीं है। जिसके उपरांत उपरोक्त पंचायत को टीवी मुक्त पंचायत घोषित करने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आलोक कुमार को रिपोर्ट प्रेषित की जाएगी। टीम में डॉक्टर मनीषराज शर्मा, गोविंदर, आशीष यादव, अब्दुल खालिद, अजीत कुमार एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जिला पंचायत अध्यक्ष पति पर गुंडागर्दी का आरोप

**पूरनपुर।** सत्ता और रसूख के नशे में चूर दबंगों ने पूरनपुर में एक राइस मिल मालिक और उनकी पत्नी के साथ जो सलूक किया, उसने जिले की कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अशोक कॉलोनी निवासी व्यापारी संजीव अग्रवाल ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र भेजकर सनसनीखेज आरोप लगाए हैं कि उनकी शिरडी राइस इंडस्ट्रीज को कौड़ियों के भाव हड़पने और बिना पैसे दिए कब्जा करने के लिए उन पर और उनकी पत्नी प्रीति अग्रवाल पर जानलेवा हमला किया गया। संजीव अग्रवाल के मुताबिक, बैंक का 2. 60 करोड़ का बकाया चुकाने के लिए उन्होंने अपनी मिल का सौदा दलजीत कौर और भजन सिंह के साथ 6 करोड़ रुपये में तय किया था।आरोप है कि खरीदारों ने न तो तय समय पर रकम दी और न ही बैनामा कराया। उल्टा, पीड़ित को अंधेरे में रखकर दबंगई के बल पर मिल के ताले तोड़ दिए गए और वहां अपनी बसें खड़ी कर सिक्योरिटी गार्ड तैनात कर दिया गया। जब व्यापारी ने रजिस्ट्री से पहले कब्जे का विरोध किया, तो उन्हें जान से मारने की धमकियां दी जाने लगीं। पत्नी के बाल पकड़कर घसीटा, शिकायतकर्ता ने अपनी तहरीर में रोंगटे खड़े कर देने वाला वाकया बयान किया है। उनके अनुसार, 26 फरवरी को दोपहर करीब 2 बजे जब वह अपनी पत्नी के साथ मिल में पेंटर से नाम लिखवा रहे थे, तभी गुरभाग सिंह, भजन सिंह और सिक्योरिटी गार्ड बलजीत सिंह चाहल उत्तर प्रदेश सरकार लिखी इनोवा गाड़ी से वहां पहुंचे। गाड़ी से उतरते ही इन लोगों ने दंपत्ति को गंदी गंदी गालियां देनी शुरू कर दीं।आरोप है कि दबंगों ने संजीव की पत्नी के बाल पकड़कर उन्हें जमीन पर गिरा दिया और थप्पड़ घूंसों से बेरहमी से पिटाई की। पीड़ित संजीव अग्रवाल ने गंभीर आरोप लगाया है कि सिक्योरिटी गार्ड ने अपनी सर्विस पिस्टल और भजन सिंह ने राइफल तानकर उन्हें मौके पर ही गोली मारने की धमकी दी। पेंटर को भी पीटकर वहां से भगा दिया गया। शिकायतकर्ता का कहना है कि ये लोग सत्ता का अनुचित लाभ उठाकर उनकी करोड़ों की संपत्ति छीनना चाहते हैं। एक तरफ बैंक का ब्याज बढ़ रहा है और दूसरी तरफ दबंगों की गुंडागर्दी से उनकी जान खतरे में है। पीड़ित ने एसपी से गुहार लगाई है कि इन रसूखदारों के खिलाफ तत्काल मुकदमा दर्ज कर उनकी संपत्ति को सुरक्षित किया जाए।

# छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु केएम विश्वविद्यालय कटिवद्ध : कुलसचिव

**मथुरा।** केएम विश्वविद्यालय के सभागार में साइबर सिक्योरिटी पर ईसी काउंसिल सेमीनार का आयोजन हुआ, जिसका शुभारंभ विवि के कुलपति डा. एनसी प्रजा. पति, कुलसचिव डा. पूरन सिंह, परीक्षा नियंत्रक समीक्षा भारद्वाज, मेडीकल प्राचार्य डा. पीएन भिसे ने संयुक्त रूप से सरस्वती मां के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया एवं सक्सेस टेल्स के सीईओ ( इसी काउंसिल से अनुबंधित सहयोगी कंपनी) अनुपम गुप्ता, डायरेक्टर सौरभ गुप्ता फैकल्टी सदस्य उज्जवल वारदानी, सेंटर हैड आशू शुक्ला का पटुका पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। ईसी काउंसिल सेमीनार को संबोधित करते हुए सक्सेस टेल्स के सीईओ अनुपम गुप्ता ने कहा इंटरनेट के बढ़ते चलन के साध्थ ही भारत में साइबर सिक्ध्योरिटी को भी खतरा बढ़ रहा, साइबर सिक्ध्योरिटी को अपने जीवन का अहम अंग बनाकर ही लोग साइबर क्राइम का शिकार होने से बच सकते हैं। ईसी–काउंसिल, दुनिया की सबसे बड़ी साइबर सुरक्षा तकनीकी प्रमाणन संस्था है, जो छात्र–छात्राओं के उज्जवल भविष्य के लिए सर्टिफाइड एथिकल हैकर , कंप्यूटर हैकिंग फोरेंसिक्स इन्वेस्टिगेटर (सीएचएफआई), सर्टिफाइड सिक्योरिटी एनालिस्ट , लाइसेंस पेनिट्रेशन टेस्टिंग प्रोग्राम आदि से प्रशिक्षित कर रहा है। जिन छात्र– छात्राओं ने ईसी–काउंसिल प्रमाणपत्र प्राप्त किए हैं, वह रिलायंस जियो, एचसीएल, वेदांता, एनटीपीसी, गेल, आईओसी, भारतीय नौसेना, भारतीय सेना सर्विस कर रहे है। इसी प्रकार से डायरेक्टर सौरभ गुप्ता फैकल्टी सदस्य उज्जवल वारदानी, आशू शुक्ला ने एथिकल हैकिंग एसेंशियल्स (ईएचई), प्रमाणित साइबर सुरक्षा तकनी. शियन सर्टिफाइड साइबर सिक्योरिटी टेक्नीशियन ईसी काउंसिल द्वारा विकसित एक एंट्री–लेवल साइबर सिक्योरिटी प्रोग्राम पर विस्तार से विवि के छात्र–छात्राओं को समझाया।

# एआरटीओ ने चलाया चेकिंग अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** होली पर्व में सुरक्षित परिवहन की दृष्टिगत एआरटीओ वीरेंद्र सिंह द्वारा शुक्रवार को जनपद के विभिन्न मार्गों पर यात्री वाहनों की चेकिंग का विशेष अभियान चलाया गया जिसमें मार्गो से गुजर रहे यात्री वाहनों एवं बस इत्यादि की सघन चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान एक ऐसी बस जो परिवहन विभाग के पोर्टल पर परमिट शर्तों का उल्लंघन करने के अभियोग में ब्लैक लिस्ट थी, मार्ग पर पाए जाने पर इसके विरुद्ध सीज की कार्रवाई की गई। इसी के साथ एक मैक्सी कैब एवं एक ऑटो जिसमें क्षमता से अधिक सवारियां बैठाकर वाहन संचालन किया जा रहा था। इन दोनों वाहनों के विरुद्ध भी यात्रियों की सुरक्षा से खिलवाड़ करने के अभियोग में सीज की कार्रवाई की गई। इसी प्रकार दो अन्य यात्री वाहन परमिट समाप्त होने की स्थिति में भी मार्ग पर संचालित होते पाए जाने एवं दो वाहन क्षमता से अधिक सवारियों का परिवहन करते पाए जाने पर इन चार वाहनों के विरुद्ध चालान की कार्यवाही अमल में लाई गई। एआरटीओ द्वारा जनपद में पंजीकृत समस्त यात्री वाहनों के स्वामियों एवं चाल. कों को चेतावनी दी।

# लखनऊ से लौटे पूर्व राज्यमंत्री हेमराज वर्मा ने बढाई पीलीभीत में सक्रियता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** समाजवादी पार्टी पीलीभीत के जिला उपाध्यक्ष पवन सिंह यादव एवं सछास के पूर्व प्रदेश सचिव / पूर्व जिलाध्यक्ष नोमान अली वारसी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से भेंट कर लौटे पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा के पूरनपुर आगमन पर भेंट की। पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा ने हाल ही में पार्टी के माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से शिष्टाचार मुलाकात की थी जिसके बाद भेंट कर लौटे पूर्व मंत्री हेम. राज वर्मा ने जनपद मे सक्रियता बढ़ा दी इसी क्रम मे उन्होंने पूरनपुर के सपा नेताओं से मुलाकात का सिलसिला शुरू किया उनके जनपद आगमन पर यह सपा नेताओं की प्रथम सौहार्दपूर्ण मुलाकात हुई, जिसमें राजनीतिक एवं सामाजिक विषयों पर सकारात्मक और सार्थक चर्चा की गई। बैठक के दौरान जनपद की वर्तमान परिस्थितियों, संगठन की मजबूती तथा आगामी समय की रणनीति पर विस्तार से विचार–विमर्श हुआ। सभी नेताओं ने एकजुट होकर संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा जनता की समस्याओं को मजबूती से उठाने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर आपसी विश्वास, समन्वय और समर्पण की भावना को और प्रगाढ़ करने पर बल दिया गया।

# भाकियू टिकैत ने नौ सूत्रीय ज्ञापन दिया सदर एसडीएम को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ताओं ने सदर एसडीएम कार्यालय पर धरना दिया। शिकायत में आरोप लगाया गया है तहसीलदार व लेखपालों द्वारा जमीन के दाखिल खारिज, विरासत,पैमाईश को लेकर प्रताड़ित किया जाता है। जमीन के पट्टों को लेकर समस्या मुख्य बिंदु में रही भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने संगठन ने लिखित रूप में अपनी 9 सूत्रीय समस्या को ज्ञापन दिया। वेद प्रकाश शर्मा ने कहा उक्त सभी समस्याओं के समाधान को अवगत करे अन्यथा आंदोलन के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे। ज्ञापन में मंडल अध्यक्ष सतविंदर सिंह कहलो, जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश शर्मा, बलजिंद्र सिंह, नेमचंद वर्मा, नागेन्द्र सिंह, मीडिया प्रभारी गुरजीत सिंह, वीरपाल राजपूत, नागेन्द्र आदि रहे।

# एनएचआरसी की टीम ने शहर का किया निरीक्षण

■ व्यवस्थाओं की सराहना



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) के विशेष मॉनिटर श्री विद्या भूषण कुमार ने गुरुवार को नोएडा प्राधिकरण क्षेत्र का विस्तृत निरीक्षण कर विभिन्न परियोजनाओं और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए।

सबसे पहले सेक्टर-94 स्थित आइ ए स ट ी ए म ए स (आईएसटीएमएस) में वायु प्रदूषण से जुड़े प्रकरणों पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि एंटी-स्मॉग गन और स्प्रिंकलर्स में एसटीपी से उपचारित जल का उपयोग किया जा रहा है, जिससे पेयजल संरक्षण सुनिश्चित हो रहा है। विशेष मॉनिटर ने वायु गुणवत्ता सुधार के लिए प्रभावी और सतत कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके बाद आईएसटीएमएस एवं कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का निरीक्षण किया गया। प्राधिकरण की मॉनिटरिंग प्रणाली को विस्तार से समझते हुए श्री कुमार ने इसकी सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रदेश के अन्य शहरों में इस प्रकार की उन्नत मॉनिटरिंग व्यवस्था उपलब्ध नहीं है। साथ ही ग्रेटर नोएडा में भी इसी तर्ज पर प्रणाली विकसित करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण क्रम में बीओटी आधारित सार्वजनिक शौचालयों का अवलोकन किया गया। निवासियों को बिना शुल्क उच्च स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने पर प्राधिकरण की प्रशंसा की गई।

नवनिर्मित जंगल ट्रायल में अपशिष्ट सामग्री से निर्मित पशु आकृतियों की कारीगरी को भी सराहा गया। इसके बाद सेक्टर-54 स्थित वेटलैंड पार्क का निरीक्षण किया गया। सेक्टर-34 स्थित बायोमेथेनाइजेशन प्लांट में जैविक अपशिष्टों के वैज्ञानिक निस्तारण और ऊर्जा उत्पादन की प्रक्रिया की जानकारी ली गई। वहीं सेक्टर-80 स्थित सी एंड डी प्लांट में निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्टों के पुनर्चक्रण की प्रक्रिया का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रस्तुत की गई सुविधाओं और अपनाई जा रही व्यवस्थाओं पर विशेष मॉनिटर ने संतोष व्यक्त करते हुए प्राधिकरण के प्रयासों की सराहना की।

इस अवसर पर एस.पी. सिंह (महाप्रबंधक), ओएसडी इन्दु प्रकाश सिंह, कपिल सिंह (वरिष्ठ प्रबंधक,H-SWM), आर.के. शर्मा (वरिष्ठ प्रबंधक), राहुल गुप्ता (प्रबंधक, H-SWM), क्षेत्रीय अधिकारी उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, केपीएमजी सलाहकार एवं एनजीओ 'ळनपकमक थ्वतजनदम समिति' के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# होली पर फैशन की धूम, लहरिया दुपट्टे और टाई-डाई टी-शर्ट से सजे बाजार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सड़कों पर चलते ही अबीर-गुलाल की खुशबू और दुक. ानों पर सजीं रंग-बिरंगी पिचका. रियां बता रही हैं कि होली बस आने ही वाली है। शहर में त्योहार की हलचल दिखने लगी है। बाजार आधुनिक फैशन और खाने के सामानों से सज चुके हैं। वहीं मोहल्लों और चौराहों पर होलिका दहन की तैयारियां भी शुरू हो चुकी हैं।

सेक्टर-18 स्थित एक दुकान के मालिक रिंकू ने बताया कि इस बार महिलाओं में लहरिया दुपट्टा, टाई-डाई टी-शर्ट, फ्लोरल कॉलर जैकेट और येलो डाई साड़ी का खास क्रेज है। खासकर टी-शर्ट का ट्रेंड देखने लायक है। 150 रुपये में दो टी-शर्ट की स्कीम ग्राहकों को खूब आकर्षित कर रही है। महिलाएं इन्हें जींस, शॉर्ट्स और स्कर्ट के साथ पेयर कर रही हैं। इसी तरह सेक्टर-71 में दुकान लगाने वाली एक महिला बताती हैं कि लड़कियों में सफेद और ऑफ-व्हाइट कुर्तियों की मांग बढ़ी है, जो होली के रंगों के साथ खास लुक देती है। कट स्लीव्स, फुल और हॉफ बाजू के डिजाइन 500 से 2000 रुपये तक उपलब्ध हैं। सेक्टर-59 के दुकानदार निहाल के अनुसार, बच्चों के लिए भी खास कुर्ते आए हैं, जिनकी कीमत 150 से 1000 रुपये तक है।

**राइस पापड़, चटपटा पापड़ भी डिमांड में:** दुकानदार बॉबी बताते हैं कि होली पर स्नैक्स की भी खूब मांग रहती है। जीरा राइस पापड़, चटपटा पापड़, आलू प्लेन चिप्स, साबुत दाना चिप्स और पापड़ की बिक्री शुरू हो चुकी है। भंगेल के दुकानदारों का कहना है कि इस बार लोग स्किन-फ्रेंडली और हर्बल रंगों को प्राथमिकता दे रहे हैं। पहले जहां पक्के रंगों का चलन था, वहीं अब ऑर्गेनिक गुलाल, सूखा अबीर और हल्के गीले रंग ज्यादा बिक रहे हैं। लोग पांच किलो तक रंग के पैकेट खरीद रहे हैं। पानी के गुब्बारे, पार्टी स्प्रे, रंगीन चश्मे, टोपी और फैंसी लाइट वाली पिचकारियां भी बच्चों को खूब लुभा रही हैं।

**चौराहों पर होलिका दहन की तैयारी:** उधर शहर के सेक्टर-12, 34, 51, 59, 71, 110, भंगेल, बरौला, गेझा, सुल्तानपुर, गिझोड़, हरौला और होशियारपुर समेत कई इलाकों में होलिका के लिए सूखी लकड़ियां और उपले रखे जाने लगे हैं। होलाष्टक से शुरू हुई यह प्रक्रिया अब अंतिम चरण में है। मान्यता है कि होलिका की लकड़ियां घर नहीं लानी चाहिए।

## मेडिकल स्टोर से नगदी और दवाइयां चोरी

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट के चिपियाना बुजुर्ग गांव स्थित मेडिकल स्टोर के शटर का ताला तोड़कर बदमाश करीब एक लाख रुपये और दवाइयां चोरी कर ले गए। पीड़ित दुक. ानदार की शिकायत पर पुलिस ने मुक. दमा दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक चिपियाना बुजुर्ग स्थित चौधरी मार्केट में मनोज का मेडिकल स्टोर है। पीड़ित मनोज ने पुलिस को बताया कि वह 20 फरवरी की रात शटर बंद कर घर चले गए। वह 21 फरवरी की सुबह स्टोर पहुंचा तो शटर का ताला टूटा मिला। पीड़ित ने अंदर जाकर देखा तो दुकान में रखे एक लाख रुपये और कीमती दवाइयां गायब थीं। पीड़ित ने तुरंत घटना की शिकायत पुलिस से की। पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन की। बिसरख कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# युवक पर बांके से हमला कर उतारा मौत के घाट, गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** ईकोटेक तीन कोतवाली क्षेत्र में एक कार्यक्रम में लोगों के सामने अपशब्द बोलने से नाराज आरो. पित ने हरदोई निवासी युवक की बांका से हमला कर हत्या कर दी। कार्यक्रम से निकलने के बाद गांव के बाहर दोनों में दोबारा कहासुनी होने के बाद आरोपित ने वारदात अंजाम दी। पुलिस ने आरोपित को हिरासत में लेकर कार्रवाई शुरू की है।

मूल रूप से हरदोई जनपद के मझिला थाना अंतर्गत ग्राम चठिया निवासी मनोज उर्फ लालू (30) ईकोटेक क्षेत्र के तुस्याना गांव में किराए के मकान में रह कर मेहनत मजदूरी करता था। बताया जा रहा है कि बृहस्पतिवार को तुस्याना में फिरी राम के कुआं पूजन कार्यक्रम का आयोजन चल रहा था। इसमें मनोज भी शामिल होने गया था। यहां किसी बात को लेकर मनोज का गांव निवासी जगवीर भाटी से विवाद हो गया। मनोज ने लोगों की मौजूदगी में जगवीर को अपशब्द बोल दिए। सार्वजनिक रूप से खुद को अपमा. नित किए जाने से क्षुब्ध होकर जगवीर अपने घर चला गया। कुछ देर बाद मनोज भी कार्यक्रम से निकल कर गांव में घूमने लगा। इधर, अपमान से क्षुब्ध जगवीर बदला लेने की फिराक में घर से बांका उठा कर मनोज की तलाश करने लगा। बताया जा रहा है कि गांव के बाहर बुग्गी गाड़ी के पास दोनों का आमना-सामना हो होने पर दोबारा विवाद शुरू हो गया। धक्का मुक्की के बाद जगवीर ने मनोज पर बांका से वार कर दिया। गंभीर घायल होने से मनोज की मौके पर ही मौत हो गई।

**मौके से भाग निकला आरा. ेपी:** वारदात को अंजाम देकर आरोपी मौके से भाग निकला। घटना स्थल की ओर पहुंचे ग्रामीणों ने शव पड़ा देख पुलिस को सूचना दी। मौके पर एसीपी राजीव कुमार, स्थानीय पुलिस और फारेंसिक टीम पहुंची। पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर हत्या में प्रयुक्त बांका बरामद कर लिया है। एसीपी ने बताया जांच व आरोपी से पूछताछ के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## एक नजर

### आवारा सांडों का खूनी आतंक, दो अलग-अलग हमलों में एक की मौत और दूसरा गंभीर रूप से घायल

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा की सड़कों पर आवारा सांडों का आतंक इस कदर बढ़ गया है कि अब लोगों का घर से निकलना दूभर हो गया है। शहर के अलग-अलग सेक्टरों में सांडों के हमले की दो बड़ी घटनाओं ने पूरे इलाके में दहशत फैला दी है। सेक्टर-2 में हुई एक हृदयविदारक घटना में एक 44 वर्षीय व्यक्ति की जान चली गई, जबकि सेक्टर-4 में एक ऑफिस कर्मी पर जानलेवा हमला हुआ।

पहली घटना सेक्टर-2 की है, जहां 44 वर्षीय सेवेंद्र कुमार अपनी साइकिल से जा रहे थे। इसी दौरान एक आवारा सांड ने उन्हें इतनी जोरदार टक्कर मारी कि वह सड़क पर दूर जा गिरे और मौके पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई। यह पूरी घटना पास में लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसमें सांड के हमले की भयावहता साफ देखी जा सकती है। वहीं, दूसरी घटना सेक्टर-4 की है, जहां अपने ऑफिस के बाहर खड़े एक ग्राफिक्स डिजाइनर पर सांड ने अचानक हमला कर दिया। इस हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है। इन लगातार हो रही घटनाओं से नोएडा के निवासियों में भारी आक्रोश और डर का माहौल है। स्थानीय लोगों ने नोएडा प्राधिकरण की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया है कि प्रशासन की घोर लापरवाही के कारण निर्दोष लोगों की जान जा रही है। लोगों का कहना है कि शहर की मुख्य सड़कों से लेकर गलियों तक आवारा सांडों का जमावड़ा लगा रहता है, लेकिन उन्हें पकड़ने या गौशाला भेजने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं।

शहर में चल रही गौशालाओं की जमीनी हकीकत पर भी अब सवाल उठने लगे हैं। आरोप है कि पशुओं के संरक्षण के नाम पर केवल कागजी कार्रवाई की जा रही है, जबकि हकीकत में आवारा पशु सड़कों पर मौत बनकर घूम रहे हैं। इससे पहले भी शहर में सांडों के हमले के कई मामले सामने आ चुके हैं, लेकिन हर बार प्रशासन की ओर से केवल आश्वासन ही मिला। अब देखना यह होगा कि इन ताजी घटनाओं के बाद नोएडा प्राधिकरण और जिला प्रशासन कब गहरी नींद से जागता है और जनता की सुरक्षा के लिए ठोस रणनीति तैयार करता है।

### चाकू से गला काटने वाले हत्यारोपी को अस्पताल से मिली छुटी, भेजा जेल

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** लुक्सर गांव में पानी प्लांट और ई-रिक्शा एजेंसी संचालक कारोबारी नितिन नागर की हत्या में आरोपी जितेंद्र उर्फ जीते को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद ईकोटेक-1 कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया। वहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया। आरोपी ने कारोबारी की हत्या के बाद खुद को गोली मार ली थी ताकि घटनाक्रम को नया मोड़ दिया जा सके। पुलिस जांच में आरा. ेपी का झूठ पकड़ गया। पुलिस के अनुसार, जीते ने नितिन को गोली मारने के साथ ही चाकू से गर्दन पर कई वार किए थे। वारदात को अंजाम देने के बाद वह साजिश के तहत मृतक के घर से करीब 150 मीटर दूर स्थित सह-आरोपी नितिन नागर पुत्र अतर सिंह के घर पहुंचा था। जीते ओमेगा-1 स्थित यथार्थ अस्पताल में भर्ती था।

पुलिस जांच में पता चला है कि वारदात के एक दिन पहले कारोबारी के भतीजे के यहां कुआं पूजन में आरोपी नितिन नागर भी पहुंचा था। यहां पुरानी बातों को भूलकर माफी भी मांगी थी। आरोपी करीब एक घंटे तक रुक कर पूरे माहौल को देखता रहा। मृतक के परिजन का आरोप है कि नितिन ने करीब 30 लाख रुपये में सुपारी देकर हत्या कराने की भी साजिश रची थी। कारोबारी के परिजन जानकारी होने पर तब सतर्क हो गए थे। आरोपी कई महीने से घर के बाहर रेकी कर रहा था। घटना के बाद से गांव में सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल शुक्रवार को भी तैनात रहा।

## वीडियो-फोटो वायरल करने की धमकी से परेशान युवती ने जान दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-66 स्थित गांव में फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी से परेशान होकर एक युवती ने खुदकुशी कर ली। युवती की बहन ने इस मामले में एक युवती समेत तीन लोगों के खिलाफ गुरुवार को मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मूलरूप से जिला औरेया निवासी युवती ने पुलिस को बताया कि वह वर्तमान में नोएडा में दो बहनों और एक भाई के साथ रहती हैं। तीनों बहन सेक्टर-64 स्थित एक कंपनी में नौकरी करतीं। उनकी एक छोटी बहन को पिछले कुछ दिनों से ग्यासी राजपूत, प्रीति सैनी और विपिन यादव फोन कर परेशान कर रहे थे।

वह उसे ब्लैकमेल कर कई बार रुपये भी ऐंठ चुके। युवती को उसकी छोटी बहन ने बताया कि आरोपियों के पास कुछ आपत्तिजनक वीडियो और फोटो हैं और वह उन्हें वायरल करने की धमकी दे रहे। शिकायतकर्ता ने आरोपियों से फोन पर संपर्क किया तो उन्होंने कानूनी कार्रवाई करने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी। इसके बावजूद आरोपियों ने उनकी बहन को ब्लैकमेल करना जारी रखा। ब्लैकमेल किए जाने से तंग आकर 21 फरवरी को शिकायतकर्ता की बहन ने आत्महत्या कर ली। पीड़िता के मुता. बिक, आरोपियों द्वारा भेजे गए वीडियो और व्हाट्सऐप चौट उसके पास साक्ष्य के रूप में मौजूद हैं। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर एक आरोपी ग्यासी राजप. ूत को गिरफ्तार कर लिया है। जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## किसान के खाते से चार लाख रुपये गायब

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र के कनारसी गांव में किसान के बैंक खाते से 4 लाख रुपए गायब होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने शुक्रवार को कोतवाली की साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई है। किसान सतवीर ने बताया कि उनके बैंक खाते में करीब 4 लाख रुपए जमा थे। शुक्रवार को जब वह बैंक से रुपए निकालने पहुंचे, तो उन्हें पता चला कि खाते में कोई शेष राशि नहीं है। बैंक कर्मचारियों द्वारा जांच करने पर सामने आया कि पिछले कुछ महीनों में चार अलग-अलग ट्रांजैक्शन के जरिए यह रकम निकाली गई है। प्राथमिक जांच में पता चला है कि यह धनराशि यूपीआई के माध्यम से पांच अलग-अलग व्यक्तियों के खातों में ट्रांसफर की गई है। पीड़ित सतवीर का कहना है कि उन्होंने कभी भी यूपीआई सेवा का उपयोग नहीं किया।

## सेक्टर 18 के ट्रांसफार्मर में लगी आग, दो लोग झुलसे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-18 में एक ट्रांसफार्मर में आग लग गई। आग लगने के कुछ सेकेंड बाद उसमें हल्का विस्फोट हुआ। इसकी चपेट में दो लोग आ गए। दोनों लोग झुलस गए। प्राथमिक इलाज के लिए दोनों को जिला अस्पताल भेजा गया है। वहां उनका इलाज किया जा रहा है। एक की हालत सेक्टर-18 व्यवसायिक केंद्र है। यहां मल्टीलेवल कार पार्किंग के पास नोएडा प्राधिकरण के ग्रीन बेल्ट में ट्रांसफार्मर लगा है। शाम को पहले उसमे अचानक आग लगी। इसके बाद तेज आवाज के साथ ब्लास्ट हो गया।।इसी ट्रांसफार्मर के पास फुटपाथ पर कुछ लोग खड़े थे। ट्रांसफर का तेल उन पर आकर गिरा। जिससे उनके कपड़े जल गए। साथ ही हाथ पैर और मुंह झुलस गया। आनन फानन में दमकल विभाग और पुलिस को जानकारी दी गई। मौके पर पहुंची दमकल की एक गाड़ी ने आग को बुझाया। लाइन सप्लाई को बंद किया गया। मौके पर शांती व्यवस्था कायम है। घायलों का इलाज किया जा रहा है। घायलों की पहचान विजय कुमार पुत्र संतोष कुमार निवासी गली नंबर 3 सेक्टर 44 और हर्ष पुत्र रविकांत निवासी अशोक नगर दिल्ली दोनों सैक्टर 18 में मल्टीलेवल पार्किंग के पास बिजली का ट्रांसफार्मर अचानक फटने से गंभीर रूप से घायल हो गए है।

# ग्रेनो पुष्प प्रदर्शनी: आकृतियां संग सेल्फी की लगी होड़






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से सिटी पार्क में आयोजित पुष्प प्रदर्शनी का बड़ी संख्या में लोगों ने लुत्फ उठाया। पुष्प प्रदर्शनी में बनी आकृतियों संग सेल्फी लेने की हो दिखी। ऑपरेशन सिंदूर की थीम पर बनी आकृति लोगों को खूब आकर्षित कर रही है। फूलों से बने राष्ट्रीय पक्षी मोर, कैटरपिलर, टाइगर, बटरफ्लाई आदि आकृतियां भी आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। प्रदर्शनी में 50 से अधिक वैरायटी के 70 हजार से अधिक पुष्प प्रदर्शित किए गए हैं। प्ले एरिया में बच्चे खूब एंजॉय करते दिखे। प्राधिकरण की तरफ से पुष्प प्रदर्शनी में प्रवेश और पार्किंग निशुल्क रखा गया है।

प्रदर्शनी में ही निरंतर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। शुक्रवार को 18 स्कूलों के बच्चों ने फैशन शो में हिस्सा लिया। लोगों ने खूब सराह। 17 स्कूलों के बच्चों ने नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। नाटक मंचन के जरिए पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया गया। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस ने जिले के निवासियों से पुष्प प्रदर्शनी में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है।

## धोखाधड़ी के मामले में कोर्ट के आदेश पर दर्ज होगा मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** एक रियल एस्टेट कंपनी के लिए जमीन की खरीद फरोख्त के लिए डेढ़ करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले अदालत ने नोएडा सेक्टर 39 थाना पुलिस को मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। पीड़ित महेश कुमार पंवार का कहना है कि वह मैसर्स महावीर हनुमान डेवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड और मैसर्स केसरी नंदन प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर और अधिकृत प्रति. निधि हैं। पीड़ित के अनुसार कंपनी में कार्यरत रतन सिंह को बागपत जिले के गांव सुभानपुर खादर की कृषि भूमि खरीदने के लिए जिम्मेदारी सौंपी गई थी। भूमि अनुसूचित जाति के काश्तक. ारों की थी, जिसके कारण कंपनी के नाम सीधे बैनामा कराने में विधिक अड़चनें थीं।

रतन सिंह ने स्वयं को सक्षम प्राधिकारी से अनुमति प्राप्त कर कंपनी के हित में बैनामा कराने का आश्वासन दिया और किसानों से बातचीत कर भूमि विक्रय के लिए राजी किया। कंपनी के अनुसार 25 फरवरी 2008 से 24 अगस्त 2012 के बीच नैनीताल बैंक सेक्टर-50 नोएडा स्थित खाते से रतन सिंह के खाते में कुल 74,80,500 रुपये ट्रांसफर किए गए। इसके अतिरिक्त छह फरवरी 2008 से 16 अगस्त 2012 के बीच भूमि क्रय के लिए 81,19,300 रुपये नगद दिए गए। इस प्रकार कुल 1.56 करोड़ रुपये की राशि रतन सिंह को दी गई।

उक्त धनराशि से लगभग 45 बीघा कृषि भूमि खरीदी गई। मगर विक्रय पत्र रतन सिंह के नाम कराए गए। हालांकि, 25 मार्च 2019 को रतन सिंह ने महेश कुमार पंवार के पक्ष में विक्रय संधि, शपथ पत्र में यह स्वीकार किया कि भूमि का पूरा प्रतिफल कंपनी द्वारा अदा किया गया है और वास्तविक अधिकार कंपनी के हैं।

## सॉफ्टवेयर डेवलपर पर 12 लाख रुपये हड़पने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** कंपनी प्रबंधन ने भरोसे का गलत फायदा उठाकर 12 लाख रुपये से ज्यादा की रकम हड़पने और डाटा अपने कब्जे में लेने के आरोप में सॉफ्टवेयर डेवलपर के खिलाफ साइबर क्राइम थाने में केस दर्ज कराया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। ललित अग्रवाल ने पुलिस को शिकायत दी कि उसकी कंपनी ने साल 2017 में रवि राज को अपने सर्वर, ईआरपी सिस्टम, वेबसाइट और अन्य डिजिटल कामकाज की देखरेख के लिए नियुक्त किया। उसे कंपनी के सर्वर, बैकएंड डाटा, सोर्स कोड और वेबसाइट कंट्रोल पैनल तक पूरा एडमिन एक्सेस दिया गया। एक लैपटॉप भी आधिकारिक काम के लिए दिया गया।

आरोप है कि जुलाई 2025 के पहले हफ्ते में पता चला कि रवि राज ने बिना अनुमति कंपनी के सर्वर और डाटा तक पहुंच बनाई और उस पर नियंत्रण कर लिया। इससे कंपनी का एडमिन एक्सेस बंद हो गया और कामकाज प्रभावित होने लगा। कंपनी ने उससे सभी पासवर्ड, सोर्स कोड और कंट्रोल वापस देने को कहा तो उसने मना कर दिया और बदले में रुपये की मांग करने लगा। कंपनी को मजबूरी में उसकी मांग पूरी करनी पड़ी। बाद में भी वह सिस्टम ठीक करने और डाटा वापस देने के नाम पर अलग-अलग माध्यमों से रुपये लेता रहा। कंपनी के अनुसार उसे नगद, चेक और यूपीआई के जरिए कुल 12 लाख 21 हजार 628 रुपये का भुगतान किया गया। इसके बावजूद सिस्टम पूरी तरह से बहाल नहीं किया गया। आरोपी ने कंपनी का लैपटॉप भी बार-बार मांगने के बाद वापस नहीं किया। शिकायतकर्ता ने पुलिस से मांग की है कि आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाए। कंपनी का सर्वर, ईआरपी सिस्टम और सोर्स कोड सुरक्षित कर वापस दिलाया जाए तथा हड़पी गई रकम की रिकवरी कराई जाए।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सभी बैंक लेनदेन और तकनीकी साक्ष्यों की जांच की जा रही है।

## होली पर मिलेगा मालिकाना हक 3410 फ्लैटों की होगी रजिस्ट्री

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा और ग्रेनो वेस्ट के करीब 3410 फ्लैट खरीदारों को होली पर मालिकाना हक मिलेगा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण से 11 आवासीय प्रोजेक्टों में ओसी जारी कर दी है। अब इन योजनाओं में बनाए गए फ्लैटों की रजिस्ट्री का रास्ता खुल गया है। प्राधिकरण ने बिल्डरों से रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूरी कराने के निर्देश दिए हैं। इनमें कुछ प्रोजेक्ट में बिल्डर आवासीय उपयोग के लिए कब्जा भी दे चुके हैं हालांकि बकाया भुगतान या तकनीकी कारणों से ओसी जारी नहीं होने से मालिकाना हक नहीं दिया गया था। खरीदार करीब छह साल से रजिस्ट्री का इंतजार कर रहे थे।

प्राधिकरण के एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव ने बताया कि बिल्डरों की ओर से जरूरी प्रक्रिया पूरी कराने के बाद ओसी जारी कर दी गई है। अब यहां रजिस्ट्री कराई जा सकती हैं। प्राधिकरण भी इन 3410 खरीदारों को जरूरी सहूलियत देगा जिससे रजिस्ट्री में दिक्कतें नहीं आएं। प्राधिकरण से मिली जानकारी के मुताबिक जिन 11 बहुमंजिला आवासीय प्रोजेक्टों में रजिस्ट्री शुरू कराई गई है। उनमें से छह प्रोजेक्ट ग्रेनो वेस्ट के सेक्टर-1, सेक्टर-2, टेकजोन-4, सेक्टर-16बी में मौजूद हैं। वहीं बाकी के पांच प्रोजेक्ट ग्रेटर नोएडा के चाई-5, फाई-4, बीटा-2, ईटा-2 सेक्टरों में हैं।

अहम है कि इन परियोजनाओं के खरीदार पिछले दिनों सीईओ एनजी रवि कुमार से अपनी शिकायत लेकर भी मिले थे। इसके बाद प्राधिकरण ने बिल्डर्स को बुलाकर दिक्कतों को समझा और रजिस्ट्री शुरू कराने के लिए समाधान तलाशा। कुछ प्रोजेक्टों में कोर्ट में भी वाद प्रचलित थे। कोर्ट से खरीदारों को राहत मिलने से रजिस्ट्री का रास्ता खुलने में मदद मिली है।

# डीएम ने विधिवत पूजन कर बस को किया सुपुर्द




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** यामाहा मोटर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा सी0एस0आर0 के तहत राजकीय बाल गृह बालिका, सेक्टर-62 नोएडा की बालिकाओं के लिए विद्यालय आने-जाने हेतु एक बस डोनेट की गई है। उक्त बस महिला कल्याण विभाग को प्रदान की गई, जिससे बालिकाओं की शिक्षा तक सुरक्षित, सुगम एवं नियमित पहुंच सुनिश्चित हो सके।

कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर ने विधिवत् पूजा-अर्चना कर तथा रिबन काटकर बस को राजकीय बाल गृह बालिका, सेक्टर-62 के लिए सुपुर्द किया।

जिलाधिकारी ने संस्था की बालि. काओं हेतु यामाहा के इस अभिनव प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस सराहनीय पहल से बालिकाओं को विद्यालय आने-जाने में अब अधिक सुविधा और सुरक्षा प्राप्त होगी। यह सहयोग न केवल उनकी शिक्षा को प्रोत्साहित करेगा, बल्कि उनके आत्मविश्वास, सशक्तिकरण और उज्ज्वल भविष्य की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) मंगलेश दुबे, जिला प्रोब. ेशन अधिकारी मनोज कुमार पुष्कर, संरक्षण अधिकारी विभा त्रिपाठी, बाल गृह की अधीक्षिका सहित यामाहा कंपनी से विनायक गुप्ता, कौशल कुमार तिवारी, श्यामलाल कुमार आचार्य उपस्थित रहे।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# अकीदत के साथ जुमे की नमाज की अदा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** मुकद्दस माह रमजान के दूसरें जुमा की नमाज नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अकीदत के साथ अदा की गई। इस दौरान अकीदतमंदों ने बारगाह-ए-इलाही में देश व दुनिया में अमन व शांति के लिए दुआएं की।

दारुल उलूम देवबंद की रशीदिया मस्जिद में जुमा की नमाज मुफ्ती अफ्फान मंसूरपुरी ने अदा कराई। उन्होंने नमाज के बाद कुरआन की फजीलत और रोजों की अहमियत पर ब्यान किया। दारुल उलूम की छत्ता मस्जिद में पेश इमाम और मरकजी जामा मस्जिद में मोहम्मद राफे उस्मानी ने नमाज-ए-जुमा अदा कराई इनके अलावा शहर व देहात की सभी प्रमुख जामा मस्जिदों में अकीदतमंदों ने जुमा की नमाज अदा कर देश में अमनो अमान और समृद्धि के लिए दुआएं की। मस्जिद-ए-रशीदिया में नमाज के बाद खिताब करते हुए मुफ्ती अफ्फान





मंसूरपुरी ने कहा कि माह-ए-रमजान में ही कुरआन को पैगंबर मोहम्मद पर अता किया गया। उन्होंने अकीदतमंदो से कहा कि रमजान का पहले की इबादत पूरी हो चुकी है। अब दूसरें अशरे की इबादत बिना किसी गफलत के ओर मेहनत के साथ कर अपने रब को राजी करना चाहिए। दारुल उलूम की छत्ता मस्जिद में जमीयत उलेमा-ए-हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि हमे रमजान में अपने गुनाहो की तलाफी कर लेनी चाहिए। कहा कि पूरी ताकत के साथ कोशिश करें कि हमसे अल्लाह की नाफरमानियां न हो। साथ ही जन्नत की तलब करनी चाहिए। नगर में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर मस्जिदों व चौक चौराहों पर पुलिस बल तैनात रहा। उधर, देहात क्षेत्र से आए भारी संख्या में अकीदतमंदों ने जुमा की नमाज के ईद के लिए जमकर खरीदारी की। जिसके चलते बाजारों में खरीदारी से दुकानदारों के चेहरे खिले रहे।

# घर-घर यज्ञ मुहिम को सफल बनाने वाले कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित

**देवबन्द।** आर्य समाज के 150वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में वैदिक धर्म जागृति सम्मेलन एवं शोभायात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें स्वतंत्रता आंदोलन, नारी शिक्षा, सामाजिक समरसता तथा कुरीतियों के उन्मूलन में आर्य समाज के महत्वपूर्ण योगदान का बखान हुआ। इस दौरान वैदिक यज्ञ हुआ और घर-घर यज्ञ मुहिम को सफल बनाने वाले कार्यकर्ताओं तथा अतिथियों को सम्मानित किया गया। जिला आर्य उप प्रतिनिधि के तत्वावधान में स्टेट हाइवे स्थित एक सभागार में हुए कार्यक्रम में उत्तराखंड के पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतिश्वरानंद ने कहा कि यदि भारत को पुन: विश्वगुरु बनाना है तो वसुधैव कुटुंबकम की भावना को समाज में सशक्त करना होगा। देश की उन्नति और प्रगति का मार्ग सामा. जिक सौहार्द, समरसता और नैतिक मूल्यों से होकर गुजरता है। आर्य



समाज द्वारा जातिवाद, सांप्रदायिकता, धार्मिक अंधविश्वास, नारी उत्पीडन, नशाखोरी जैसी कुरीतियों से मुक्त समाज के निर्माण का सतत प्रयास किया जा रहा है। सार्वदेशिक आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी आदित्यवेश ने कहा कि आजादी के आंदोलन में आर्य समाज का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। एक वर्ष में विभिन्न संगठनों के माध्यम से एक लाख युवाओं को आर्य समाज से जोडने का लक्ष्य रखा गया है। अनूप राठी, अशोक बहादुर व चौधरी विपिन आर्य ने भी आर्य समाज द्वारा किए जा रहे कार्य बताए। अमरेश शास्त्री ने यज्ञ संपन्न कराया। स्वामी शांतनु महाराज, कृष्णानंद स्वामी, महीपाल आर्य, डा. सुरेंद्र आर्य, जनेश्वर प्रसाद, अजब सिंह, राजबीर आर्य, अवनीश आर्य, रामकिशोरी आर्य, मांगेराम आर्य, देवेंद्र आर्य, मुकेश आर्य आदि शामिल रहे।

# सीडीओ ने किया खंड विकास कार्यालय का निरीक्षण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) ने गुरुवार को देवबंद स्थित खंड विकास कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शासन द्वारा संचालित सभी महत्वपूर्ण एवं लाभार्थीपरक योजनाओं का शत-प्रतिशत अनुश्रवण कराए जाने को निर्देशित किया। साथ ही सरकार द्वारा विकासकारी योजनाओं को परिसर की दीवारों पर पेंटिंग कराए जाने को निर्देशित किया।

सीडीओ सुमित राजेश महाजन ने देवबंद विकास खंड कार्यालय का निरीक्षण करते खंड विकास अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान ब्लॉक परिसर में निष्प्रोज्य आवासो के संबंध में नियमानुसार कार्रवाई को निर्देशित करते हुए परिसर में स्थित



विभिन्न कार्यालयो में भ्रमण करते हुए अभिलेखो और पत्रावलियों को उध्यतन कराए जाने को निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने शासकीय पद्धति को पेपर लैस ऑफिस परिवर्तित किए जाने के उद्देश्य से कार्यालय में पत्रावलियों का व्यवहार एवं पत्राचार अनिवार्य रुप से ई-आफिस के माध्यम से कराए जाने को निर्देशित किया। सीडीओ ने खंड विकास अधिकारी को जनता दर्शन में प्राप्त समस्याओं का त्वरित एवं ग्रुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराए जाने और आईजीआरएस पर प्राप्त संदर्भों का स्वंय अनुश्रवण करते हुए गुणवत्ता पूर्ण निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत निस्तारण कराए जाने को निर्देशित किया।

इस दौरान उन्होंने परिसर में स्थित राजकीय पशु चिकित्सालय के फाईलो के रखरखाव सुव्यस्थित ढ़ंग से कराए जाने को भी निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने परिसर में लगे वाटर कूलर के बंद मिलने पर उसको तुरंत ठीक कराए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने शासन द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं को 15 दिनों में दिवारों पर लिखवाने और परिसर में चल रहे कैंटिन को कैफे में परिवर्तित करने को भी निर्देशित किया। इस दौरान बीडीओ अमित नारंग, एडीओ पंचायत अनिल कुमार, एडीओ समाज कल्याण सहित सभी सचिव आदि मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों ने किया यातायात नियमों के प्रति जागरूक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** भायला पिजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र छात्राओं द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चला ग्रामीणों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया।

ग्राम भायला कलां में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ राजेश कुमार के मार्गदर्शन में चलाया गया। छात्र एवं छात्राओं ने दोपहिया वाहन चालकों को समझाया कि वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य पहनें ,यह हमारे जीवन के लिए आवश्यक है।कार चालकों को समझाया की कार चलते समय सीट बेल्ट अवश्य पहनें,निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाएं, ओवर स्पीड कभी न चले। अपनी गाड़ी का होरन और लाइट हमेशा ठीक रखें , रात में वाहन चलाते समय डिपर का प्रयोग अवश्य करें।वाहन चलाते समय नशा ना करें गलत साइड से कभी ओवरटेक ना करें।

सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलने का उद्देश्य यही है की सभी वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा से संबंधित सभी नियमों की जानकारी हो




जिससे वह स्वयं भी सुरक्षित रहे और दूसरों को भी सुरक्षित रखें और सड़क पर दुर्घटनाएं कम से कम हो। रिया, प्राची, साक्षी, संजना, खुशी आदि छात्राएं व कॉलेज का समस्त स्टाफ शिविर में शामिल रहा। शिविर का संचालन तुषार राणा महाविद्यालय प्रवक्ता ने किया।

# त्योहार आपसी भाईचारे का संदेश देते हैं: पालिकाध्यक्ष

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग ने कहा कि त्योहार आपसी भाईचारे का संदेश देते है। सभी त्योहारो को आपस में मिल जुलकर मनाना चाहिए।

पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ देवबंद शाखा के तत्वावधान में वाल्मीकि बस्ती में आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होने आशवश्त किया कि होली से पूर्ण कर्मचारियों की सैलरी उनके खाते में पहुंच जाएगी। ताकि कर्मचारियों को होली का त्योहार मनाने में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष ने महिला सफाई कर्मचारियों को पटका पहनाकर सम्मानित करने के साथ उन्हें होली





पर्व की सफाई कर्मचारी एवं यूनियन के पदाधिकारी के साथ पुष्पों की वर्षा कर होली की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में भाजपा नगर अध्यक्ष अरुण गुप्ता, मेला चेयरमैन विपिन त्यागी, नगर उपाध्यक्ष राहुल वाल्मीकि, महामंत्री राम मोहन सैनी, विनय कुचल, अजय गर्ग, मनीष कश्यप, भारतीय सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सुनील झुंझरवाल, महामंत्री अविनाश वाल्मीकि,उपाध्यक्ष सुनील मुहाने गौतम मनीष आरूण रोबिन सनी लहरी रोहित कपिल अहमद मोबीन देवेंद्र संतरपाल नंदकिशोर सतीश लहरी वासुराज अशोक तनिष्क बिरला अनद झंझरवाल विशाल पीवाल गीता भारती प्रिया कुसुम कौशल आशा सीमा सोनिया भारती पूजा लहरी आदि शामिल रहे।

# युवती ने वीडियो वायरल कर मांगी माफी

**नांगल सोती।** गांव पूंडरी कलां निवासी कुछ लोगों द्वारा एक युवती को उसके पति की जमानत कराने का झांसा देकर ग्राम प्रधान के पति पर दुष्कर्म का आरोप लगवाया था। मामले में अब युवती वीडियो जारी कर प्रधान पति से माफी मांग रही है और दुष्कर्म के आरोप को झूठा बता रही है। कश्मीर की एक युवती का निकाह गांव पूंडरी कलां में हुआ था। युवती का पति जेल में बंद है। युवती ने कुछ दिन पहले ग्राम प्रधान के पति पर दुष्कर्म का आरोप लगाया था। मामले में ग्राम प्रधान के पति की ओर से कई लोगों के खिलाफ पांच लाख रुपए की रंगदारी मांगने और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।

# रमजान माहः मुहब्बत, प्यार व भाईचारे का देता है पैगाम : अब्बास

शाह टाइम्स संवाददाता



**सहारनपुर।** रमजान उल मुबारक रहमत, बरकत और इंसानियत का महीना है। यह महीना हमें सब्र, शुक्र और आपसी हमदर्दी का पैगाम देता है। रोजा सिर्फ भूखे-प्यासे रहने का नाम नहीं, बल्कि अपने दिल को साफ करने और समाज के कमजोर तबके का एहसास करने का नाम है। आजकल देखने में आ रहा है कि रमजान के दौरान कई रेस्टोरेंट और खासकर चिकन व अन्य खाद्य पदार्थों की दुकानों के मालिक अपने कारोबार के प्रचार-प्रसार के लिए यू-ट्यूब चैनलों और सोशल मीडिया का सहारा ले रहे हैं। इफ्तार के खास पैकेज, महंगे पकवान और सजी-धजी दावतों के वीडियो और तस्वीरें बड़े स्तर पर साझा की जा रही हैं। दूसरी ओर, हमारे समाज में ऐसे भी बहुत से लोग हैं जिनके पास इफ्तार के लिए भरपेट खाना तक उपलब्ध नहीं है। कई परिवार रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। ऐसे में जब अमीर तबका अपने दस्तरखान की भव्य तस्वीरें और महंगे व्यंजनों की नुमाइश सोशल मीडिया पर करता है, तो यह जरूरतमंद लोगों के दिलों को ठेस पहुंचा सकता है। रमजान का असली मकसद दिखावा नहीं, बल्कि सादगी और इंसानियत है। इस पाक महीने में हमें चाहिए कि हम अपने आस-पास के गरीब और जरूरतमंद लोगों का खास ख्याल रखें। अगर अल्लाह ने हमें नेमतों से नवाजा है, तो उसका शुक्र अदा करने का सबसे बेहतर तरीका यही है कि हम दूसरों के साथ बांटकर खाएं। सभी से गुजारिश है कि इफ्तार की तस्वीरें और शानो-शौकत का प्रदर्शन करने से बचें। इसकी बजाय अगर किसी जरूरतमंद की मदद की तस्वीर साझा करनी हो, तो वह भी बिना दिखावे के करें। कोशिश करें कि रमजान के इस मुकद्दस महीने में ज्यादा से ज्यादा सादगी अपनाएं और अपने आसपास ऐसे लोगों तक मदद पहुंचाएं जिन्हें इसकी सख्त जरूरत है। रमजान हमें बराबरी, भाईचारे और मुहब्बत का पाठ पढ़ाता है। आइए, इस महीने की रूह को समझें और समाज में मोहब्बत, हमदर्दी और एक-दूसरे के जज्बात का सम्मान करने की मिसाल कायम करें।

# खेलकूद प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने दिखाया दम-खम

शाह टाइम्स संवाददाता

**सहारनपुर।** देव भूमि संस्थान, सहारनपुर परिसर में दो दिवसीय एचपी बंसल स्मारक वार्षिक खेल. कूद प्रतियोगिता-2026 का भव्य आयोजन किया गया। संस्थान के बीटेक, एमबीए, एमबीएआईटी, पॉलिटेक्निक, बीबीए, बीसीए, बीकॉम व फार्मेसी के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में बालक एवं बालिका वर्ग की विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रतियोगिता में क्रिकेट, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस और बास्केटबॉल जैसे आधुनिक खेलों के साथ-साथ भारत के पारंपरिक खेलोंकृरस्साकशी, पंजा कुश्ती, खो-खो और कबड्डीकृको भी विशेष स्थान दिया गया। एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर दौड़, लंबी कूद तथा रिले दौड़ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के चेयरमैन सर्व संजय जी बंसल एवं कर कमलों द्वारा रंग-बिरंगे गुब्बारे उड़ाकर तथा खेल मशाल प्रज्ज्वलित कर किया गया। तिरंगे रंग के गुब्बारों से आसमान भी देशभक्ति के रंग में रंग गया। छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत और देशभक्ति गीतों पर आकर्षक प्रस्तुतियां दीं।

इसके बाद सभी खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने की शपथ दिलाई गई। संस्थान के निदेशक डॉ। दीपक राज ने स्वयं बास्केटबॉल कोर्ट पर छात्रों के साथ खेलकर प्रतियोगिता की शुरुआत की। प्रथम चरण में क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें 32 टीमों ने भाग लिया। द्वितीय चरण में ट्रैक एंड



फील्ड की प्रतियोगिताएं सम्पन्न कराई गईं। बैडमिंटन में 205 खिलाड़ियों ने भागीदारी की, जबकि शतरंज और कैरम सहित इंडोर गेम्स में लगभग 165 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के दौरान छात्रों का उत्साह देखने लायक था।

शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और खेलों का आनंद लिया। संस्थान प्रशासन ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के शारीरिक और मान. सिक विकास पर भी समान रूप से ध्यान दिया जाता है। एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है, और खेलकूद राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। दो दिवसीय इस खेल महोत्सव ने संस्थान परिसर को उत्साह, ऊर्जा और खेल भावना से सराबोर कर दिया।

## आरवीआईटी का परीक्षाफल शत-प्रतिशत

**बिजनौर।** आर वी इंस्टीट्यूट ऑफ पार्मेसी बिजनौर के बी. फार्मा तृतीय सेमेस्टर, पंचम सेमेस्टर और सप्तम सेमेस्टर का परीक्षाफल डा. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय द्वारा घोषित किया गया। तृतीय सेमेस्टर से दानिया जिया ने 79.58 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, देव कुमार ने 75.73 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान एवं आफरीन खातून ने 75.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। पंचम सेमेस्टर से साजिया परवीन ने 83.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, अकरम अली ने 79.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान एवं सौम्या द्विवेदी ने 78.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। सप्तम सेमेस्टर से खुशी सिंह ने 87.7 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, रोशनी कुमारी ने 86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान एवं अंकिता मिश्रा ने 84 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इनके अतिरिक्त संस्थान के सभी छात्र छात्राओं ने बहुत अच्छे अंक प्राप्त किए। प्रबंधक निदेशक सन्नी देशवाल और फार्मेसी पाठ्यक्रम के निदेशक डा.हितेश कुमार ने सभी छात्र/छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनायें दी।

## स्पीड ब्रेकर से राहगीरों को परेशानी

**नांगल सोती।** मंडावली मार्ग पर सराय आलम नहर पुलिया के निकट लोक निर्माण विभाग द्वारा कांवड़ यात्रा से पहले स्पीड ब्रेकर बनाए गये थे। कांवड़ यात्रा समाप्त होने के बाद भी स्पीड ब्रेकर नहीं हटाए गए हैं। भाकियू अराजनैतिक के ब्लॉक अध्यक्ष कुलवीर सिंह, राजवीर काकरान, उज्जवल, पुनीत, मुनेंद्र आदि ने पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता को संबोधित ज्ञापन एई एमएस पांडेय को सौंपा। ज्ञापन में बताया कि राहगीर आए दिन स्पीड ब्रेकर पर गिरकर घायल हो रहे हैं। इसी मार्ग से बड़ी संख्या में गन्ना वाहनों का आवागमन होता है। स्पीड ब्रेकर से संबंधित कोई संकेतक नहीं होने से रात्रि में दोपहिया वाहन हादसे का शिकार हो रहे हैं।

## मालगाड़ी की चपेट में आकर मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**स्योहारा।** ग्राम जठ नगला निवासी गजराज पुत्र हरिश्चंद रेलवे ट्रैक के समीप मौजूद था। तभी अचानक मालगाड़ी की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास मौजूद राहगीरों ने मानवता का परिचय देते हुए घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रैफर कर दिया। बताया जा रहा है कि हायर सेंटर ले जाते समय युवक की मौत हो गई।

## शिक्षकों ने बीएसए को पत्र सौंपा

शाह टाइम्स संवाददाता

**नजीबाबाद।** अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के निस्तारण के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कसाना से मिलकर उनके शीघ्र निस्तारण की मांग की। संघ के प्रांतीय मीडिया प्रभारी मोबीन हसन तथा जिलाध्यक्ष सुधाकर चौधरी के नेतृत्व में मिले प्रतिनिधिमंडल ने अनावश्यक रूप से सीसीएल निरस्त ना करने तथा निरीक्षण के नाम पर शिक्षकों का अनावश्यक उत्पीड़न बंद कराने, ब्लॉक स्तर पर अधिकारियों द्वारा शिक्षकों को उचित सम्मान दिये जाने, हाईकोर्ट द्वारा मौहम्मद यामीन बनाम उत्तर प्रदेश सरकार याचिका में पारित आदेश के अनुपालन में मृतक आश्रित शिक्षकों को पुरानी पेंशन का लाभ दिलाए जाने की मांग की। जिस पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सभी समस्याओं के शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया।

# मौलाना इजहार ने बताई रमजान माह की खास फजीलत

शाह टाइम्स संवाददाता

**सहारनपुर।** माहे रमजान के दूसरे जुमे के दिन शहर की शिया जामा मस्जिद अंसारियान के पेश इमाम मौलाना इज़हार हैदर ने कहा कि त्योहार कोई भी हो और किसी का भी हो प्यार, मुहब्बत व भाईचारे का ही पैगाम देता है। शिया जामा मस्जिद में रमजान माह के दूसरे जुमे की नमाज के दौरान अपने खुतबे में मौलाना इज़हार ने कहा कि रमजान का मुकद्दस महीने का ऐहतराम करना चाहिए। यह महीना सभी गुनाहों को माफ कराने का जरिया है। मस्जिद में पहुंचे नमाजियों को मौलाना इज़हार ने अल्लाह की राह में खर्च करने की फजीलत को भी



मौलाना इज़हार

बयान किया और बताया कि अल्लाह के रास्ते में खर्च किए गए माल को अल्लाह तआला सात सौ गुना बदला देंगे और कई लोगों को खुलूसे नियत की बिना पर उससे भी ज्यादा मिलेगा। उन्होंने कहा कि माहे रमजान में एक-दूसरे का अदबो अहतराम करें। यह महीना सभी गुनाहों को माफ कराने का एक जरिया है।

जिसमें खुदा अपनी रहमत के सभी दरवाजे खोल देता है। उन्होंने कहा कि त्योहार किसी भी धर्म व मजहब के मानने वाले का हो वे सभी आपसी भाईचारे व प्यार-मुहब्बत का पैगाम देते हैं। इसलिए हम सभी को एक-दूसरे से नफरत नहीं करनी चाहिए और मेल मिलाप से रहना चाहिए। यही हमारा इस्लाम मजहब भी सिखाता है।

## थाना परिसर में बैठक

**स्योहारा।** आगामी होली तथा रमजान माह के दौरान आने वाले ईद-उल-फितर पर्व को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने की, जिसमें नगर के विभिन्न धर्मों, संगठनों व सामाजिक प्रति. निधियों ने भाग लेकर आपसी भाईचारे और शांति व्यवस्था बनाए रखने पर बल दिया। बैठक में प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की जानकारी देते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति नगर की शांति व्यवस्था भंग करने का प्रयास न करे। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुलिस प्रशासन सभी नागरिकों के सहयोग से होली और ईद के त्यौहार शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए प्रतिबद्ध है, किंतु यदि कोई अराजकता फैलाने का प्रयास करेगा तो उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## विभूति खन्ना रही प्रथम स्थान पर

**बिजनौर।** कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड इन्फॉर्मेशन टेक्नॉलोजी की छात्र एवं छात्राओं ने एक बार पुन: सफलता के नये आयाम स्थापित किये हैं। इस वर्ष डी.एल.एड. बैच 2023 के तृतीय सेमेस्टर का परीक्षाफल उत्साहवर्धक रहा।

**सम्बंध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र प्रीतम को गलत संगत व आचरण के चलते अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए सम्बंध विच्छेद कर लिया है। भविष्य में उसके किसी भी कृत्य व लेन देन का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

रामदास पुत्र केसरिया
निवासी ग्राम शेखपुर,
रसूरपुर टांक देवबंद (सहारनपुर)

**कला, संस्कृति और आत्मविश्वास का उत्सव 'संगीतम 2026' का भव्य शुभारंभ**

# मंच पर पहला कदम ही सबसे बड़ी उपलब्धि: कुंवर शेखर विजेंद्र

**■ कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेंद्र ने किया उद्घाटन**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोभित विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक सांस्कृतिक महापर्व 'संगीतम 2026 ऊर्जा का उत्सव'' का आज अत्यंत भव्य एवं उत्साहपूर्ण शुभारंभ हुआ। 37 वर्षों की शैक्षणिक उत्कृष्टता की गौरवशाली परंपरा के साथ आयोजित यह आयोजन 1 मार्च 2026 तक विविध सांस्कृतिक, कलात्मक और प्रतिस्पर्धात्मक कार्यक्रमों के साथ संपन्न होगा। 'मंच से मोहब्बत' विषय पर आधारित यह महोत्सव विद्यार्थियों की रचनात्मकता, आत्मविश्वास और सहयोग की भावना को नई ऊँचाइयों तक ले जाने का सशक्त मंच बन गया है।

कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेंद्र द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं रंग-बिरंगे गुब्बारों को आकाश में छोड़कर किया गया। उद्घाटन के साथ ही पूरा परिसर तालियों की गड़गड़ाहट, संगीत की गूंज और युवा ऊर्जा से सराबोर हो उठा। अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेंद्र ने कहा, संगीतम केवल एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि अपने भीतर निहित प्रतिभा को पहचानने, उसे निखारने और मंच प्रदान करने का सशक्त माध्यम है। किसी भी विद्यार्थी के लिए मंच पर पहला कदम रखना ही एक बड़ी उपलब्धि और आत्मविश्वास की दिशा में निर्णायक शुरुआत होती है। 'मंच से मोहब्बत' का वास्तविक अर्थ है साहस के साथ स्वयं को अभिव्यक्त करना और अपनी पहचान स्थापित करना।

उन्होंने आगे कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, साहस, अनुशासन और प्रभावी अभिव्यक्ति की शक्ति का विकास करते हैं। 'संगीतम' की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए उन्होंने कहा कि इस शब्द का प्रत्येक अक्षर छात्रों के भीतर छिपी सृजनात्मक ऊर्जा को जागृत करने का प्रतीक है। यह प्रतिभा, संस्कृति और आत्मविश्वास के समन्वय का उत्सव है, जो युवा शक्ति को नई दिशा और नई ऊँचाई प्रदान करता है।

कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक गणेश वंदना से हुआ, जिसमें केसरिया परिधान में सुसज्जित विद्यार्थियों ने मनोहारी प्रस्तुति देकर आध्यात्मिक वातावरण का सृजन किया। इसके पश्चात 'हार्वेस्ट ऑफ हेरिटेज' थीम पर कृषि संकाय के विद्यार्थियों ने भारत के विभिन्न राज्यों की कृषि परंपराओं, प्रमुख फसलों और सांस्कृतिक विविधताओं को अत्यंत रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया। राज्यवार परिधानों में सजे विद्यार्थियों ने भारतीय कृषि की समृद्ध विरासत को जीवंत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके उपरांत देश के विभिन्न भागों से आए प्रतिभागियों ने वेस्टर्न शैली में एकल नृत्य प्रस्तुत कर मंच पर ऊर्जा का अद्भुत प्रदर्शन किया। दिल्ली एवं अन्य स्थानों से आए विशेषज्ञ निर्णायकों ने प्रतिभागियों की प्रस्तुति का मूल्यांकन किया। जिसमें प्रथम स्थान प्रियांशु गुप्ता दूसरा स्थान सोनल गिरी एवं तीसरा स्थान शिवानी कश्यप ने प्राप्त किया। एकल गायन प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने मधुर एवं भावपूर्ण सुरों से वातावरण को सुरमयी बना दिया, जिसमें प्रथम स्थान आर्यन दूसरा स्थान सृष्टि एवं तीसरा स्थान शिवम ने प्राप्त किया। वही युगल नृत्य प्रतियोगिता ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। सायंकालीन सत्र का मुख्य आकर्षण भव्य फैशन शो रहा, जिसमें विद्यार्थियों ने आकर्षक परिधानों और आत्मविश्वास से भरे अंदाज में मंच पर अपनी सृजनात्मकता का प्रदर्शन किया। यह आयोजन दिन का प्रमुख आकर्षण सिद्ध हुआ और पूरे परिसर में उत्साह की नई लहर दौड़ गई।

दिन के अंत में सबसे बहुप्रतीक्षित आयोजन 'बैटल ऑफ द बैंड्स' ने विश्वविद्यालय परिसर को संगीत की धुनों से गुंजायमान कर दिया। लगभग तीन घंटे तक चले इस रोमांचक संगीत संग्राम में विभिन्न बैंड्स ने दमदार प्रस्तुतियाँ दीं और दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। यह प्रस्तुति पहले दिन की 'शो-स्टॉपर' साबित हुई।

उल्लेखनीय है कि अब तक दिल्ली विश्वविद्यालय सहित देश के अन्य विश्वविद्यालयों एवं उच्च शिक्षण संस्थानों से 8000 से अधिक पंजीकरण प्राप्त हो चुके हैं, जिससे 'संगीतम 2026' ऐतिहासिक स्वरूप ले चुका है। इतनी विशाल सहभागिता के साथ आने वाले दो दिनों में विश्वविद्यालय परिसर में ऊर्जा, उत्साह और रचनात्मकता का स्तर और भी ऊँचा होने की संभावना है। मेरठ शहर भी इस युवा महोत्सव की रंगीन आभा से उत्सवधर्मी वातावरण में रंग गया है।

'संगीतम 2026' ने अपने प्रथम दिवस पर यह सिद्ध कर दिया कि यह केवल एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि प्रतिभा, आत्मविश्वास और सामूहिक उत्सवधर्मिता का जीवंत प्रतीक है, जो शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक समृद्धि और व्यक्तित्व विकास के प्रति विश्व. विद्यालय की प्रतिबद्धता को सशक्त रूप से अभिव्यक्त करता है। इस अवसर पर कुलपति प्रो. वीके त्यागी कुलपति गंगोह प्रो. रंजीत सिंह, विश्वविद्यालय सलाहकार प्रो. एम. एल. सिंगला, निदेशक (न्यू इनिशिएटिव) वंश शेखर, वरिष्ठ निदेशक प्रो. देवेंद्र नारायण तथा 'संगीतम 2026' की संयोजक डॉ. दिव्या प्रकाश विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## निसंतान दंपती ने लगाया मकान कब्जाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शुक्रवार को जगमाल राना निवासी एल-1095, शास्त्रीनगर मेरठ ने कप्तान को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि वह करीब 40 वर्ष से अपनी मां के नाम आवंटित मकान में रह रहा है। इसके अलावा उसके पास कोई सम्पत्ति नहीं है और उसके कोई संतान भी नहीं है। बुजुर्गी को देखते हुए उसने अपने मकान का एक भाग सतीश पुत्र विजयपाल निवासी ग्राम फफूंडा को बेच दिया था जिसका बैनामा भी कर दिया गया था। मकान के तल में वह रहा था और एक में सतीश। आरोप है कि सतीश ने जब उसकी पत्नी बीमार थी तो वह पत्नी को लेकर हॉस्पिटल में था। उस अवधि में उसके हिस्से वाले तल पर भी सतीश ने कब्जा कर लिया। जगमाल ने इंसाफ की गुहार लगाई है। जगमाल का आरोप है कि थाना व चौकी के दरोगा उसके जबरन धमका रहे हैं और उससे समझौते पर हस्ताक्षर कराना चाह रहे हैं जबकि मामला सिविल न्यायालय में लम्बित है फिर भी कब्जा किया गया है।

## ठेला व रेहड़ी व्यापारियों के लिए वेंडिंग जोन बनाने को विधायक अमित अग्रवाल ने दिया प्रस्ताव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेरठ कैंट विधायक अमित अग्रवाल ने सीईओ कैंट बोर्ड एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ शिवाजी संस्थान के पास प्रस्तावित वेंडिंग जोन स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया। नमो भारत मेरठ स्टेशन पर निरंतर बढ़ रही यात्री संख्या एवं आसपास के क्षेत्र में बढ़ती गति. विधियों को ध्यान में रखते हुए अमित अग्रवाल ने सड़क किनारे संचालित ठेला एवं रेहड़ी व्यापारियों के लिए एक सुव्यवस्थित वेंडिंग जोन विकसित करने का प्रस्ताव रखा। इस प्रस्ताव का उद्देश्य है कि व्यापारियों को निर्धारित स्थान पर व्यवस्थित रूप से अपना व्यवसाय करने की सुविधा मिले तथा मुख्य मार्गों पर यातायात व्यवस्था निर्बाध बनी रहे। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वेंडिंग जोन का विकास सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाओं पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छता एवं समुचित स्थान निर्धारण को ध्यान में रखते हुए किया जाए, जिससे व्यापारियों और आमजन दोनों को सुविधा मिल सके। अमित अग्रवाल ने कहा कि उनका प्रयास है कि विकास और व्यवस्था साथ-साथ आगे बढ़ें। स्थानीय रोजगार को प्रोत्साहन मिले, ट्रैफिक व्यवस्था सुचारु रहे तथा क्षेत्रवासियों और यात्रियों को बेहतर सुविधाएँ प्राप्त हों इसी उद्देश्य से यह पहल की जा रही है।

# हिंद मजदूर किसान समिति ने दी चंद्रशेखर आजाद को श्रद्धांजलि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शुक्रवार को शहीद शिरोमणि चंद्रशेखर आजाद जी के बलिदान दिवस पर हिन्द मजदूर किसान समिति के सैकड़ों मजदूर किसान चौधरी चरण सिंह पार्क, कमिश्नरी चौराहा, मेरठ में एकत्रित हुए और शहीद शिरोमणि चंद्रशेखर आजाद को श्रद्धांजलि दी।

हिन्द मजदूर किसान समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष क्रांतिगुरु चन्द्रमोहन के सन्देश में समिति के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ओमप्रकाश ने बताया कि क्रांतिकारी हमारे लिए हमारे माँ पिता से पहले हैं। जितनी कष्ट यातनाएं क्रांतिकारियों ने हमारे लिए सही उतनी कष्ट यातनाएं हमें जन्म देने वाले माँ पिता भी हमारे लिए नहीं सह सकते इसलिए क्रांतिकारियों के प्रति जागरूक होना एवं उनके सपने सम्मान के प्रति जागरूक होना हमारे लिए सर्वोपरि होना चाहिए।

क्रांतिकारी जाति व्यवस्था व नशे से घोर घृणा करते थे और उनका सपना था कि हमारा देश एक जाति रहित और नशा मुक्त स्वतंत्र देश हो। देश में पढ़ाई दवाई सबके लिए फ्री हो अर्थात शिक्षा, स्वास्थ, सुरक्षा सबका मौलिक अधिकार हो जिसके लिए उन्होंने अपने प्राणों तक की आहुति दे दी और यदि हम आज नशा कर रहे हैं या जाति व्यवस्था को मान रहे हैं तो ये क्रांतिकारियों का और उनके बलिदान का घोर अपमान है अत: हमें पहले स्वयं जाति और नशा रहित होना चाहिए और साथ में औरों को भी करना चाहिए तभी हम शहीद क्रांतिकारियों का सम्मान कर पाएंगे। शहीद क्रांतिकारियों का सपना आज भी पूरा नहीं हो पाया है इसलिए समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष क्रान्ति गुरु चन्द्रमोहन के साथ समिति के लाखों मजदूर, किसान देश को जाति रहित एकजुट, नशा मुक्त करने और देश में पढ़ाई दवाई एक समान व फ्री कराने के लिए दमदार तरीके से प्रयास कर रहे हैं। इस अवसर पर विकास, बबली, महेंदर, आदेश, अशोक, सतीश जी इत्यादि का सहयोग रहा।

## टोइंग किफायती फूड ऐप मेरठ में लॉन्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** टोइंग, किफायती फूड डिलीवरी ऐप, ने आज मेरठ में अपने लॉन्च की घोषणा की। इस लॉन्च के साथ टोइंग अब दिल्ली एनसीआर के शहरों – दिल्ली, गुरुग्राम, फरीदाबाद और नोएडा के ग्राहकों के लिए उपलब्ध होगा। पिछले 6 महीनों में टोइंग ने भारत के 11 शहरों में विस्तार किया है। टोइंग पुणे, आगरा, वडोदरा, गुवाहाटी, नाशिक और नागपुर में भी लाइव है। विस्तार पर बोलते हुए, टोइंग के चीफ बिजनेस ऑफिसर सिद्धार्थ भाकू ने कहा कि टोइंग जेन जेड, कॉलेज जाने वाले युवाओं और किफायती विकल्प तलाशने वाले ग्राहकों के लिए एक नई फूड कैटेगरी बना रहा है और अपने ग्राहकों को सबसे कम कीमत की गारंटी देता है। हाल ही में हमने टोइंग को गुवाहाटी, नाशिक और नागपुर जैसे 3 प्रमुख शैक्षणिक केंद्रों में लॉन्च किया है। यह विस्तार हमारे मजबूत वैल्यू प्रस्ताव और युवा ग्राहकों की बदलती जरूरतों को पूरा करने की हमारी प्रतिबद्धता को दिखाता है। मेरठ में जेन जेड और कॉलेज छात्रों की बड़ी संख्या है, इसलिए यह टोइंग के लिए एक उपयुक्त बाजार है।

# जेईई मेन्स 2026 में चमके ऋषभ एकेडमी के मेधावी विद्यार्थी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** ऋषभ एकेडमी के प्रांगण में आज जेईई मेन्स (सेशन-1, जनवरी 2026) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान सफल विद्यार्थियों को फूलों के गुलदस्ते भेंट कर मिठाई खिलाई गई तथा उनकी उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया गया।

संस्थान के जिन विद्यार्थियों ने विशेष उपलब्धि हासिल की, उनमें मणित भोला ने 99.87 परसेंटाइल, हिमानी सैनी ने 99.73 परसेंटाइल, भानु राजपूत ने 97.37 परसेंटाइल तथा नंदिनी शर्मा ने 94.61 परसेंटाइल अंक प्राप्त किए। इन शानदार परिणामों से विद्यालय परिवार में उत्साह का माहौल है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य एस. त्यागी एवं उप प्रधानाचार्य पवन कपूर ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत, लगन और निरंतर अभ्यास का परिणाम है। ऋषभ प्रबंधन एवं संपूर्ण विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



मणित भोला (99.87%)




हिमानी सैनी (99.73%)



भानु राजपूत (97.37%)



नंदिनी शर्मा (94.61%)

# चन्द्रशेखर आजाद का सदैव ऋणी रहेगा देश: सुधीर गिरि

## चन्द्रशेखर आजाद ने क्रांति की मशाल जलाकर सबसे पहले आजादी की नींव रखी: डॉ. राजीव त्यागी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित वेंक्टेश्वरा संस्थान में देश के महान सपूत आजदी के रणबाँकुरे चन्द्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि पर आजादी का महानायक आजाद विषय पर काव्य गोष्ठी एवं वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने चन्द्रशेखर आजाद को देश की आजादी का सबसे बड़े रणबाँकुरों में से एक बताते हुए कहा, कि ये देश सदैव आजाद का ऋणी रहेगा। इसके साथ ही वृहद रक्तदान शिविर में 142 यूनिट रक्त संचय किया गया। चन्द्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि पर संस्थान के डॉ. सी.वी. रमन सभागार में आयोजित आजादी का महानायक 'आजाद' विषय पर संगोष्ठी एवं वृहद रक्तदान शिविर का शुभारंभ संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, प्रभारी कुलपति युवराज सिंह एवं कुलसचिव पीयूष कुमार पाण्डेय आदि ने चन्द्रशेखर आजाद की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर एवं रक्तदान शिविर का फीता काटकर किया। अपने सम्बोधन में संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि ने कहा कि ये देश आजादी के रणबाँकुरे चन्द्रशेखर आजाद का सदैव ऋणी रहेगा। जिन्होनें देश के युवाओं में क्रांति की मशाल जलाकर सही मायने में आजादी की नींव रखी।

विख्यात साहित्यकार एवं महाकावियत्री डॉ. मधु चतुर्वेदी ने चन्द्रशेखर को अपने घर वालो की लिखी चिट्ठी पर कविता करते हुए कहा कि ''जा रहा हूँ सोचकर लौट आऊँगा मैं, पर सफर तो सफर है राह मत देखना। आ सका तो रहूँगा तुम्हारा सदा, पर मिलन के सपन आह मत देखना।'' सुनकर सभी की आँखे नम कर दी।

प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने डॉ. रघुवंशी की पंक्तियों से चन्द्रशेखर आजाद को याद करते हुए कहा कि ''ना चाहा वंशजों ने, जिसके कुछ भी बाद दुनिया से। मिटा सकता नहीं कोई भी, उसकी याद दुनिया से।। बिना जिसके अमर बलिदान की गाथा अधूरी है। जिया 'आजाद' दुनिया में, गया 'आजाद' दुनिया से।। उन्होंने कहा जीते जी अंग्रेजों से लोहा लेते हुए आखिरी समय में अंग्रेजों द्वारा घेर लिए जाने पर उनकी पकड़ में आने के बजाय उन्होंने अपने आप को गोली मारकर इस देश के लिए खुद को शहीद कर लिया। कार्यक्रम को प्रभारी कुलपति युवराज सिंह और कुलसचिव डॉ. पीयूष कुमार पाण्डेय ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सलाहकार आर. एस. शर्मा, सीएफओ विकास भाटिया, डॉ. राजेश सिंह, डॉ. नीतू पंवार, डॉ. सुमन कुमारी, डॉ. आशुतोष, डॉ. एस.के. श्रीवास्तव, डॉ. योगेश्वर शर्मा, डॉ. ओम प्रकाश गोसाई, डॉ. धीरज, डॉ. राजवर्द्धन, डॉ. अरूण कुमार गोस्वामी, डॉ. ज्योति सिंह, डॉ. श्रीराम गुप्ता, फैजान, शक्तिध्वज, मेरठ परिसर से निदेशक डॉ. पंकज चौधरी, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

**आज्ञा से- कल्पना उत्तराखण्ड न्यायिक सेवा।**
**समक्ष न्यायालय सिविल जज (जू.डि.) देहरादून।**
**मूल वाद सख्या 342 वर्ष 2025**

श्री शाहिद हसन पुत्र श्री अब्दुल गफ्फार निवासी वार्ड सं. 60 मकान सख्या-109 राजा राम विहार डाण्डा नूरीवाला (डाण्डा लखौण्ड) सहस्त्रधारा रोड, पो. गुजराडा मानसिहँ थाना रायपुर, तहसील व जिला देहरादून उत्तराखण्ड 2480011.

**प्रार्थी/वादी**

**बनाम**

**श्री सुरेन्द्र कुमार भल्ला आदि**

**नोटिस बनाम :** श्री सुरेन्द्र कुमार भल्ला पुत्र श्री जगन्नाथ एवं 2 श्रीमति प्रेम खोसला पत्नी श्री पुष्प नारायण निवासीगण 11/35 करोलबाग नई दिल्ली।

**...प्रतिवादीगण**

विदित हो कि वादी द्वारा स्थाई निषेधाज्ञा हेतू माननीय न्यायालय के समक्ष वाद योजित किया है जिसमें दिनाक 05.03.2026 वास्ते आपत्ति/जवाबदावा/तनकीह हेतू नियत की गई है।

अत: एतदद्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आप प्रतिवादी सं. 1 व 2 उक्त तिथि दिनाक 05.03.2026 को प्रात: 10:00 बजे स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना आपत्ति / जवाबदावा प्रस्तुत करें। उक्त तिथि को आपकी उपस्थिति न होने पर वाद एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा व निर्णित किया जायेगा।

बसब्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 25 माह फरवरी सन 2026 ई० को जारी किया गया।

**प्रबन्धक-आज्ञा से न्यायालय सिविल जज (जू. डि.) देहरादून।**

# रमजान के दूसरे जुमे पर देश की अमन-शांति के लिए उठे हजारों हाथ

**■ पांचली बुजुर्ग की बांग्ला मस्जिद में खुशहाली और एकता की मांगी दुआ**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरूरपुर।** थाना क्षेत्र के पांचली बुजुर्ग गांव स्थित बांग्ला मस्जिद में रमजान के दूसरे जुम्मे की नमाज अकीदत और एहतराम के साथ अदा की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में नमाजियों ने देश की अमन-शांति, तरक्की और आपसी भाईचारे के लिए दुआ मांगी। मस्जिद परिसर में सुबह से ही रौनक रही और नमाज के वक्त हजारों हाथ इबादत के लिए उठे। नमाज से पूर्व मुफ्ती ताज मोहम्मद ने बयान करते हुए रमजान के पवित्र महीने की फजीलत पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि रमजान आत्मशुद्धि, सब्र और इबादत का महीना है, जिसमें मुसलमान रोजा रखकर अल्लाह की रजा हासिल करने का प्रयास करता है। उन्होंने लोगों को आपसी सौहार्द बनाए रखने, जरूरतमंदों की मदद करने और समाज में शांति कायम रखने का संदेश दिया। जुम्मे की नमाज इमाम कारी अमजद हसनैन ने अदा कराई। नमाज के बाद देश की खुशहाली, शांति और सभी धर्मों के लोगों के अपने-अपने मजहब पर चलने की दुआ कराई गई। नमाज के शांतिपूर्ण संपन्न होने पर क्षेत्र में सकारात्मक माहौल बना रहा और लोगों ने एक-दूसरे को रमजान की मुबारकबाद दी।





# सावित्री सोनी विद्या मंदिर में अत्याधुनिक कंप्यूटर एवं लैंग्वेज लैब का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** क्षेत्र के नागोरी स्थित सावित्री सोनी विद्या मंदिर में अत्याधुनिक कंप्यूटर एवं लैंग्वेज लैब का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। इस महत्वपूर्ण परियोजना की स्थापना अमेरिका निवासी उद्योगपति राजेंद्र पंवार व मैना पंवार के सहयोग से बनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रमेश अग्रवाल व किरण अग्रवाल भारतीय प्रतिनिधि टोदी फाउंडेशन ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कंप्यूटर लैब का उद्घाटन किया।

विद्यालय के चेयरमैन अमित राठी व प्रधानाचार्य परविंदर कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि सभी बच्चों को निशुल्क कंप्यूटर शिक्षा प्रदान की जाएगी। जिसमें आधुनिक कंप्यूटर एव लैंग्वेज लैब विद्यार्थियों को उच्च तकनीकी वं भाषाई दक्षता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। नई कंप्यूटर लैब में आधु. निक कंप्यूटर सिस्टम, उच्च गति इंटरनेट व नवीनतम तकनीकी संसाधनों की व्यवस्था की गई है।जिससे विद्यार्थियों को डिजिटल शिक्षा का उत्कृष्ट वातावरण प्राप्त होगा। वहीं लैंग्वेज लैब विद्यार्थियों के अंग्रेजी एवं अन्य भाषाओं के उच्चारण, संप्रेषण कौशल तथा व्यक्तित्व विकास को सुदृढ़ बनाएगी। विद्यालय प्रबंधन समिति की ओर से चेयरमैन अमित राठी व प्रधानाचार्य परविंदर कुमार ने सभी अतिथियों को पटका पहनाते हुए स्वागत किया और हार्दिक आभार व्यक्त किया। इस दौरान नंगला विद्यालय के प्रबंधक श्यामवीर सिंह, मास्टर टीकम, अजय शर्मा, गौरव कुमार, सुबोध सिंह, मोनू पवार, प्रधान पति ज्ञानेंद्र चौधरी, व कई गांवों के ग्राम प्रधान के अलावा विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा है।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिका अभियंता, कार्यालय, रेल कोच नवीनीकरण कारखाना, सोनीपत, उत्तर रेलवे निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते है।

| | |
|---|---|
| निविदा संख्या | 09-RCNK-OPN-CR-2026 |
| कार्य का नाम और कार्य स्थान | "आरसीएनके/एसएनपी में 04 30/7.5 टी ईओटी और 01 2टी सेमी-गैन्ट्री क्रेन की मरम्मत (कार्य के दायरे के अनुसार)" |
| अनुमानित लागत | रुपये 5085210 जीएसटी @ 18% सहित |
| बयाना राशि | रु. 101700.00/- |
| निविदा फार्म का मूल्य | शून्य |
| कार्य अवधि | काम शुरु होने के 90 दिन |
| निविदा प्रपत्र जमा करने की तथा खुलने की तिथि व समय | दिनांक 20/03/2026 को 15:00 बजे तक खुलने का समय 15:15 बजे। |
| निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने के लिए इंटरनेट साइट | उपरोक्त निविदा IREPS साइट पर उपलब्ध है जो कि है www.ireps.gov.in |

यदि हिन्दी व अंग्रेजी के नोटिस में कोई विरोधाभास है, तो अंग्रेजी का नोटिस ही मान्य होगा।

स. 09-RCNK-OPN-CR-2026 दिनांक : 26.02.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 675/26

# श्रीलंका के खिलाफ पाक का करो या मरो मैच



**● सेमीफाइनल के सपने को जिंदा रखने के लिए पाक के लिए श्रीलंका को हराना जरूरी**

**पल्लेकेले, वार्ता।** यह सिर्फ एक क्रिकेट मैच नहीं है। यह जिंदा रहने का टेस्ट है। पाकिस्तान टी 20 वर्ल्ड कप के अपने आखिरी सुपर 8 मैच में यह जानते हुए उतरेगा कि सिर्फ जीत काफी नहीं होगी। शनिवार शाम को पल्लेकेले इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में, उन्हें अपने सेमीफाइनल के सपने को जिंदा रखने के लिए श्रीलंका को हराना होगा - और उन्हें आसानी से हराना होगा। नेट रन रेट अब पाकिस्तान का सबसे बड़ा विरोधी है। एक बारिश के पानी में डूबा मैच और सुपर 8 स्टेज में पहले मिली हार के बाद, पाकिस्तान हार के कगार पर है। उनका समीकरण बहुत मुश्किल है: बड़ी जीत, और उम्मीद है कि इंग्लैंड न्यूजीलैंड को हरा देगा। इससे कम कुछ भी, और कैंपेन खत्म हो जाएगा। इस दबाव ने इस मुकाबले को टूर्नामेंट के सबसे ड्रामैटिक मैचों में से एक बना दिया है। इसके उलट, श्रीलंका पहले ही बाहर हो चुका है। फिर भी यह उन्हें और खतरनाक बना सकता है। खोने के लिए कुछ नहीं होने और घर की इज्जत दांव पर होने के कारण, उनके पास पाकिस्तान को कॉम्पिटिशन से बाहर करने का मौका है।

जाहिर है, सबकी नजरें साहिबजादा फरहान पर होंगी, जो इस टूर्नामेंट में पाकिस्तान के सबसे धमाकेदार बैट्समैन हैं। 160 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से 283 रन बनाकर, उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में तेज शुरुआत दी है। अगर वह पावरप्ले में फिर से हावी हो जाते हैं, तो पाकिस्तान 180 से ज्यादा के टोटल की ओर बढ़ सकता है, जिसकी उन्हें सख्त जरूरत है। अगर वह जल्दी आउट हो जाते हैं, तो जरूरी तेजी से मिडिल ऑर्डर की पोल खुल सकती है, जो दबाव में कमजोर दिखा है। कप्तान सलमान आगा को बाबर आजम और फखर जमान से भी अच्छे योगदान की उम्मीद होगी, जबकि अगर पाकिस्तान बड़े टोटल का पीछा कर रहा है या उसे बढ़ाने की कोशिश कर रहा है, तो शादाब खान और मोहम्मद नवाज का फिनिशिग रोल बहुत जरूरी हो जाता है। श्रीलंका की उम्मीदें पथुम निसंका और कुसल मेंडिस पर बहुत ज्यादा टिकी होंगी। निसंका की टूर्नामेंट में पहले नाबाद सेंचुरी ने दिखाया कि वह अकेले दम पर मैच जिता सकते हैं। मेंडिस उनकी बैटिग की रीढ़ रहे हैं, उनका एवरेज 40 है और तीन फिफ्टी हैं। अगर दोनों चल गए, तो पाकिस्तान का सेमीफाइनल का हिंसाब जल्दी बिगड़ सकता है। पल्लेकेले की पिच पर आम तौर पर 150-170 के बीच का मुश्किल टोटल बनता है, लेकिन अगर पाकिस्तान पहले बैटिग करता है तो उसका टारगेट काफी बड़ा होगा। दोनों टीमों के स्पिनर्स से बीच के ओवरों में असर डालने की उम्मीद है, खासकर जब लाइट्स में पिच धीमी हो जाती है। टॉस अहम साबित हो सकता है, क्योंकि बादल छाए रहने पर कप्तान पहले फील्डिंग कर सकते हैं। शुरुआती विकेट न सिर्फ मैच तय कर सकते हैं - बल्कि आखिरी चार में जगह भी तय कर सकते हैं। पाकिस्तान के लिए, दांव आसान लेकिन मुश्किल हैं।

श्रीलंका टीम: पथुम निसंका, कुसल मेंडिस, चरिथ असालंका, कामिडू मेंडिस, दासुन शनाका, दुनिथ वेल्लालेज, महेश थीक्षाणा, दुष्मंथा चमीरा, दिलशान मदुशंका, दुशान हेमंथा, पवन रत्नायके, नुवान तुषारा, अविष्का फर्नांडो, सदीरा समरविक्रमा, मथीशा पथिराना।

पाक टीम: साहिबजादा फरहान, सैम अयूब, सलमान आगा, बाबर आजम, फखर जमान, उस्मान खान, शादाब खान, मोहम्मद नवाज, शाहीन अफरीदी, उस्मान तारिक, अबरार अहमद, सलमान मिर्जा, हारिस रऊफ, इफ्तिखार अहमद, मोहम्मद रिजवान।

# अपनी लय वापस पाकर खुश हैं हार्दिक पांड्या



चेन्नई, वार्ता। हार्दिक पांड्या ने कहा है कि टी-20 वर्ल्ड कप के सुपर आठ स्टेज में जिम्बाब्वे पर भारत की 72 रन की जीत में मैच जिताने वाला ऑलराउंड प्रदर्शन करने के बाद वह अपनी लय वापस पाकर खुश हैं। 23 गेंदों पर नाबाद 50 रन बनाने और फिर तीन ओवर में 21 रन देकर अच्छा स्पैल करने वाले पांड्या को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

पांड्या ने मैच के बाद प्रेजेंटेशन के दौरान कहा कि काफी खुश हूं। यह 23-बॉल-50 जैसा लगता है, लेकिन मुझे लगता है कि मुझे भी स्थिति को फिर से देखना पड़ा। मुझे लगा कि मैं बहुत जोर से हिट करने की कोशिश कर रहा था। और बस गेम में, मुझे एहसास हुआ कि मैं बॉल को टाइम कर सकता हूं और छक्के भी मार सकता हूं। रिदम जारी रखने के लिए यह एक अच्छा गेम था क्योंकि मुझे लगता है कि कुछ गेम में मैं वह नहीं कर पाया जो मैं करना चाहता था। जब पूछा गया कि क्या टीम दक्षिण अफ्रीका और वेस्ट इंडीज के बीच पहले हुए मैच पर नजर रख रही थी, तो पंड्या ने माना कि खिलाड़ियों को हालात के बारे में पता था लेकिन वे अपनी परफॉर्मेंस पर फोकस कर रहे थे। उन्होंने आगे कहा कि जाहिर है, हम सब नजर रख रहे थे। अब यह सब अच्छा क्रिकेट खेलने, अपनी स्किल पर भरोसा करने, प्रेशर झेलने और यह पक्का करने के बारे में है कि आप अपना बेस्ट दें। हम नजर रख रहे थे, लेकिन जब वह गेम खत्म हो गया, तो हमने इस बात पर फोकस किया कि यह हमारा गेम है। भारत ने बैटिंग करने के बाद 4 विकेट पर 256 रन बनाकर टूर्नामेंट का अब तक का सबसे बड़ा टोटल बनाया। अभिषेक शर्मा (55) और संजू सैमसन (24) ने पावरप्ले में जबरदस्त शुरुआत दी। ईशान किशन (38) और कप्तान सूर्यकुमार यादव (33) ने बीच के ओवरों में मोमेंटम बनाए रखा।

## खेल विशेष

### विंडीज के खिलाफ रविवार का मैच जबरदस्त होगा : गावस्कर

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के मैच में जिम्बाब्वे को 72 रन से हराया, जिसमें अभिषेक शर्मा और हार्दिक पांड्या की हाफ-सेंचुरी ने कमाल कर दिया, और वेस्टइंडीज के खिलाफ एक वर्चुअल क्वार्टर-फाइनल की तैयारी कर ली। स्टार स्पोर्ट्स के 'अमूल क्रिकेट लाइव' पर बात करते हुए, जियो स्टार एक्सपर्ट सुनील गावस्कर ने प्लेइंग ग्प में भारत के बदलावों की तारीफ की, संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा की पारियों की तारीफ की, और वेस्टइंडीज की जबरदस्त बैटिग के खतरे के बारे में चेतावनी दी। गावस्कर ने जिम्बाब्वे के खिलाफ भारत की वापसी की तारीफ की कि भारत ने दक्षिण अफ्रीका से मिली हार के बाद जिम्बाब्वे पर शानदार जीत के साथ जबरदस्त वापसी की।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उस हार के अंतर ने खिलाड़ियों को हिला दिया होगा, लेकिन उन्होंने सिकंदर रजा की टीम के खिलाफ इसका पॉजिटिव इस्तेमाल किया और जबरदस्त वापसी की। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच के बाद, इस बात पर बहस हुई कि भारत को प्लेइंग ग्प में बदलाव करने चाहिए या नहीं और उन्होंने दो बदलाव किए और दोनों ही काफी अच्छे रहे। संजू सैमसन ने फिफ्टी नहीं बनाई, लेकिन भारत को जबरदस्त शुरुआत दी। इससे पहले, ओपनर डक पर आउट हो रहे थे, अभिषेक शर्मा तीन मैचों में जीरो रन पर आउट हो गए, जबकि ईशान किशन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बिना रन बनाए आउट हो गए। जिम्बाब्वे के खिलाफ, सैमसन ने तेजी से 24 रन बनाए। उन्होंने और अभिषेक ने पावरप्ले में 10 से ज्यादा रन प्रति ओवर की दर से रन बनाए, जो शानदार था। बॉलिंग में भी सुधार हुआ। अक्षर पटेल ने चीजों को संभाला और एक विकेट लिया, जो दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नहीं मिला था।



# जे-के का रणजी चैंपियन बनना पक्का

## सकारात्मक सोच से एक और सफल रणजी सीजन खेलने में मदद मिली : आकिब नबी

**हुबली, वार्ता।** जम्मू कश्मीर ने कर्नाटक से फॉलोऑन न करा कर दूसरी पारी में खेलने का फैसला किया और रणजी फाइनल के चौथे दिन शुक्रवार को स्टंप्स तक अपनी दूसरी पारी में चार विकेट पर 186 रन बना लिए हैं। जम्मू-कश्मीर ने इस तरह अपनी कुल बढ़त 477 रन पहुंचा कर खिताब पर पहली बार कब्जा करना पक्का कर लिया है। जम्मू-कश्मीर ने कर्नाटक को पहली पारी में 293 रन पर समेटने के बाद फॉलोऑन नहीं कराया और दूसरी पारी में खेलने का फैसला किया। जम्मू-कश्मीर की दूसरी पारी में सलामी बल्लेबाज कामरान इकबाल ने नाबाद 94 रन बनाए, जबकि अब्दुल समद ने 32, कप्तान पारस डोगरा ने 16 और साहिल लूथरा ने नाबाद 16 रन बनाए। कर्नाटक की ओर से प्रसिद्ध कृष्णा ने दो विकेट लिए। इससे पहले आज यहां कर्नाटक ने कल के पांच विकेट पर 220 रन से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में साहिल लूथरा ने कृतिक कृष्णा (36) को पगबाधा आउट कर जम्मू-कश्मीर को छठी सफलता दिलाई। विद्याधर पाटिल (11) सुनील कुमार का शिकार बने। 91वें ओवर में आकिब नबी ने एक छोर थामे रन बना रहे शतकवीर मयंक अग्रवाल को पगबाधा आउट कर पवेलियन भेज दिया। मयंक अग्रवाल ने 266 गेंदों में 21 चौकों की मदद से 160 रनों की पारी खेली। शिखर शेट्टी (शून्य) को नबी ने आउट किया। 94वें ओवर की तीसरी गेंद पर युद्धवीर सिंह चरक ने प्रसिद्ध कृष्णा (चार) को आउट कर 293 के स्कोर पर कर्नाटक की पहली पारी का अंत कर दिया। जम्मू-कश्मीर के लिए आकिब नबी ने पांच विकेट लिए। युद्धवीर सिंह चरक और सुनील कुमार को दो-दो विकेट मिले। साहिल लूथरा ने एक बल्लेबाज को आउट किया। वहीं अपनी शानदार गेंदबा. जी से जम्मू -कश्मीर को पहले रणजी खिताब के करीब पहुंचा चुके तेज गेंदबाज आक़बि नबी ने कहा कि नतीजों के बारे में सोचने के बजाय सकारात्मक सोच बनाए रखनेष से उन्हें एक और शानदार रणजी ट्रॉफी सीजन खेलने में सफलता मिली है। नबी ने रणजी ट्रॉफी फाइनल के तीसरे दिन कर्नाटक के खिलाफ तीन विकेट लिए और चौथे दिन उसे पंजे में बदला। इससे जम्मू और कश्मीर ने इस मैच में पहली पारी की बढ़त सुनिश्चित की और उसका पहला रणजी खिताब जीतना भी तय हो गया है। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में नबी का स्वप्निल प्रदर्शन का सिलसिला जारी रहा। पिछले दो सीजन में उनके नाम 13-58 की औसत से 108 विकेट हैं। इनमें से 60 विकेट मौजूदा रणजी सीजन में आए हैं, जो इस सीजन संयुक्त रूप से सर्वाधिक है। उन्होंने हुबली में कर्नाटक के खिलाफ तीसरे दिन का खेल खत्म होने के बाद कहा कि मैंने अपनी स्किल्स पर कोचों के साथ और नेट्स में खुद भी काफी मेहनत की है। मैंने नतीजों के बारे में सोचने की बजाय सकारात्मक सोच रखी।

# किदांबी श्रीकांत बाहर भारत का अभियान खत्म

**● चीनी ताइपे के 11वीं रैंक वाले लिन चुन-ई से सिफ 32 मिनट में हार गए किदांबी श्रीकांत**

**मुल्हेम एन डेर रूहर, वार्ता।** जर्मन ओपन 2026 में भारत की चुनौती गुरुवार को निराशाजनक तरीके से खत्म हुई, जब किदांबी श्रीकांत पुरुष सिगल्स के दूसरे राउंड में सीधे गेम में हार गए, और टूर्नामेंट से बाहर हो गए। पूर्व वर्ल्ड चैंपियनशिप सिल्वर मेडलिस्ट और मौजूदा वर्ल्ड नंबर 32 चीनी ताइपे के 11वीं रैंक वाले लिन चुन-ई से सिर्फ 32 मिनट में 21-14, 21-9 से हार गए।

ताइवानी शटलर के खिलाफ इतने ही हेड-टू-हेड मुकाबलों में श्रीकांत की यह दूसरी हार थी। जनवरी में इंडिया ओपन 2026 का टाइटल जीतने वाले लिन ने इससे पहले स्विस ओपन 2024 के सेमीफाइनल में श्रीकांत को तीन गेम में हराया था। श्रीकांत ने शानदार शुरुआत की, पहले गेम में 9-5 की बढ़त बना ली। हालांकि, लिन ने धीरे-धीरे वापसी की, कमी को दूर करते हुए 12-10 से आगे हो गए और फिर आराम से पहला गेम जीत लिया। इंटरवल के बाद ताइवानी शटलर का मोमेंटम मजबूत रहा, उन्होंने दूसरे गेम में 7-1 की बढ़त बना ली और पूरे गेम में कंट्रोल बनाए रखा, जिससे श्रीकांत वापसी नहीं कर पाए। इंडियन खिलाड़ी ने इंडिया ओपन और इंडोनेशिया मास्टर्स में क्वार्टर-फाइनल में जगह बनाने के बाद इस टूर्नामेंट में एंट्री की थी और इस महीने की शुरुआत में बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में भी देश को रिप्रेजेंट किया था। बुधवार को जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप की सिल्वर मेडलिस्ट तन्वी शर्मा, मालविका बंसोड़ और किरण जॉर्ज के पहले राउंड से बाहर होने से भारत की चुनौती पहले ही कम हो गई थी।

# ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराया

**● जॉर्जिया वॉल ने नाबाद 101 रनों की पारी खेली, ऑस्ट्रेलियाई टीम ने भारत को पांच विकेट से हराया**



जॉर्जिया वॉल का फाइल फोटो

**होबार्ट, वार्ता।** गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद जॉर्जिया वॉल (नाबाद 101) और फीबी लिचफील्ड (88) की आतिशी बल्लेबाजी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने शुक्रवार को भारत को 83 गेंदे शेष रहते पांच विकेट से शिकस्त दी।

इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है। भारत के 251 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया को काश्वी गौतम ने पांचवें ओवर में एलिसा हीली (नौ) को बोल्ड कर पहला विकेट झटका। इसके बाद बल्लेबाजी करने आई जॉर्जिया वॉल ने फीबी लिचफील्ड के साथ दूसरे विकेट के लिए 119 रन जोड़कर अपनी टीम के लिए जीत की नींव रखी। 20वें ओवर में क्रांति गौड़ ने शतक की ओर बढ़ रही फीबी लिचफील्ड को आउट कर भारत को दूसरी सफलता दिलाई। फीबी लिचफील्ड ने 62 गेंदों में 11 चौके और एक छक्का उड़ाते हुए 88 रन बनाए। 31वें ओवर में काश्वी गौतम ने शतक बना चुकी जॉर्जिया वॉल को श्री चरणी के हाथों कैच आउट करा दिया। जॉर्जिया वॉल ने 82 गेंदों में 13 चौके और एक छक्का लगाते हुए 101 रनों की पारी खेली। बेथ मूनी (31) को दीप्ति शर्मा ने आउट किया। पांचवें विकेट के रूप में ऐनाबेल सदरलैंड (10) को दीप्ति शर्मा ने आउट किया। ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने 36-1 ओवर में पांच विकेट पर 252 बनाकर मुकाबला पांच विकेट से जीत लिया। भारत के लिए दीप्ति और काश्वी ने दो-दो विकेट लिए। क्रांति ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले प्रतिका (52) और कप्तान (54) की पारियों के दम पर भारतीय महिला टीम ने दूसरे वनडे मुकाबले में नौ विकेट पर 251 रन का स्कोर बनाया था।

# गांगुल ने आकिब नबी की जमकर तारीफ की



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने जम्मू-कश्मीर के रणजी ट्रॉफी कैंपेन और तेज गेंदबाज आकिब नबी की जमकर तारीफ की, और नेशनल सिलेक्शन के लिए इस युवा खिलाड़ी का साथ दिया। म्मू-कश्मीर ने दुनिया को दिखाया है कि कोशिश और इरादा क्या कर सकते हैं। उन्होंने उस इलाके को उन पर गर्व महसूस कराया है। मुश्किल माहौल लोगों को मुश्किल बनाता है। आकिब नबी नेशनल टीम की तरफ बढ़ रहे हैं। गर्मियों में इंग्लैंड से शुरुआत करनी चाहिए, गांगुली ने एक्स पर यह बात लिखी, जिसमें भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड और चीफ सिलेक्टर अजीत अगरकर को टैग किया। नबी मौजूदा रणजी ट्रॉफी 2025-26 में सबसे शानदार परफॉर्मर रहे हैं, 10 मैचों में 12-56 की जबरदस्त औसत से 60 विकेट लेकर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने, जिसमें सात बार पांच विकेट लेना भी शामिल है।

हुबली में कर्नाटक के खिलाफ फाइनल में, नबी ने एक और अहम स्पेल किया, पहली इनिग में 54 रन देकर 5 विकेट लिए। उनकी कोशिश से आठ बार की चैंपियन टीम 93-3 ओवर में 293 रन पर ऑल आउट हो गई, जबकि जम्मू-कश्मीर ने 584 रन का बड़ा स्कोर बनाया था। चौथे दिन पांच विकेट पर 220 रन से आगे बढ़ते हुए, कर्नाटक ने अपने आखिरी पांच विकेट सिर्फ 73 रन पर गंवा दिए।

# भारतीय पहलवान प्रियांशी ने रजत और मुस्कान ने जीता कांस्य पदक

**● अंडर-23 एशियन चैंपियन प्रियांशी प्रजापत ने कजाकिस्तान की बयानोवा को हराया**

**तिराना (अल्बानिया), वार्ता।** भारतीय पहलवान प्रियांशी प्रजापत और मुस्कान ने मुहामेत मालो 2026 में महिलाओं के 50 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में अपना शानदार प्रदर्शन करते हुए क्रमश: रजत और कांस्य पदक जीते।

अंडर-23 एशियन चैंपियन भारतीय पहलवान प्रियांशी प्रजापत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया। उन्हें फाइनल मुकाबले में कजाकिस्तान की जेनिप बयानोवा से 13-2 से हार का सामना करना पड़ा। यह 21 वर्षीय प्रियांशी का यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिग की रैंकिंग सीरीज में पहला पदक है। प्रियांशी ने क्वार्टरफाइनल में अमेरिका की एरिन गोल्स्टन को 10-2 से हराया। इसके बाद सेमीफाइनल में उन्होंने न्यूट्रल एथलीट वलेरिया तिउकपिकोवा को पिन कर फाइनल में जगह बनाई। शुरुआती मुकाबले में प्रियांशी ने ब्राजील की ओलिवेरिया डी फ्रेइटास को टेक्निकल सुपीरियॉरिटी से मात दी थी। वहीं 19 वर्षीय मुस्कान, जो पूर्व अंडर-17 विश्व चैंपियन हैं उन्होंने कांस्य पदक अपने नाम किया।

कांस्य पदक मुकाबले में उन्होंने अमेरिका की केंद्रा रयान को 10-0 से हराया। सेमीफाइनल में मुस्कान को जेनिप बयानोवा से 12-1 से हार मिली थी, लेकिन उन्होंने वापसी करते हुए पदक सुनिश्चित किया। यह मुस्कान का इस महीने दूसरा रैंकिंग सीरीज पदक है। इससे पहले उन्होंने जाग्रेब ओपन में कांस्य पदक जीता था। उसी प्रतियोगिता में भारत की नीलम ने 50 किग्रा वर्ग में रजत पदक हासिल किया था। हालांकि, गुरुवार का दिन भारत के लिए पूरी तरह परफेक्ट नहीं रहा।

# टीम इंडिया के जबरदस्त प्रदर्शन से सूर्या खुश

## भारत को अपने पहले सुपर-8 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका से बड़ी हार का सामना करना पड़ा था

**चेन्नई, वार्ता।** बल्ले से थोड़ी देर के लिए कुछ खास करने के बाद, भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव पूरी टीम से बहुत खुश थे, जिन्होंने सबसे जरूरी मौके पर अच्छा प्रदर्शन किया, क्योंकि पिछली चैंपियन टीम ने कल रात यहां जरूरी मैच में जिम्बाब्वे को 72 रन से हराकर टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर कर दिया।

बैट्समैन ने बाएं हाथ के अभिषेक शर्मा की जबरदस्त हाफ सेंचुरी से शो जीत लिया, जिन्होंने तीन बार डक के बाद अपनी बड़ी हिटिग स्किल में वापसी का इशारा दिया, और प्लेयर ऑफ द मैच हार्दिक पांड्या ने जिम्बाब्वे के अटैक का जमकर मजा लिया, जिससे इंडिया ने चार विकेट पर 256 रन बनाए, जो इंडिया का अब तक का सबसे बड़ा टोटल और टी-20 वर्ल्ड कप का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर था। बाद में, बॉलर्स ने भी बैट्समैन के अच्छे काम में अपनी भूमिका निभाई और जिम्बाब्वे को छह विकेट पर 184 रन पर रोक दिया, जिससे इंडिया ने 72 रन के बड़े अंतर से जीत हासिल की और सेमीफाइनल की अपनी उम्मीदें जिदा रखीं। भारत को अपने पहले सुपर आठ मुक. ाबले में दक्षिण अफ्रीका से बड़ी हार का सामना करना पघ था। भारत का अगला मैच वेस्ट इंडीज के खिलाफ मशहूर ईडन गार्डन में एक तरह से क्वार्टरफाइनल नॉकआउट होगा, जिसमें जीतने वाला लास्ट फोर ग्रेड में पहुंच जाएगा।मैच के बाद प्रेजेंटेशन में बोलते हुए, सूर्यकुमार यादव ने कहा कि सभी बैट्समैन का योगदान देखकर खुशी हुई, उन्होंने सब कुछ पीछे छोड़ दिया (प्रोटियाज के खिलाफ हार)। हालांकि उन्होंने कहा कि टीम बॉल के साथ और क्लिनिकल हो सकती थी, लेकिन स्काई ने कहा कि जीत तो जीत होती है और कैरिबियन के खिलाफ नॉक आउट मुकाबले से पहले शिकंजा कसने की अहमियत के बारे में बात की। सूर्यकुमार यादव ने जिम्बाब्वे के बैट्समैन को भी पूरा क्रेडिट देते हुए कहा कि उन्होंने बहुत स्मार्ट बैटिग की, जिसमें ओपनर ब्रायन बेनेट 97 (8ग4, 6ग6) रन पर नाबाद रहे और एक ऐसे टारगेट का पीछा करते हुए अकेले ही आगे बढ़े जो नामुर्म. कन साबित हुआ। स्काई ने कहा कि हम सब कुछ पीछे छोड़ना चाहते थे, पिछला गेम, ग्रुप स्टेज। सभी बैट्समैन का योगदान था और यह देखकर खुशी हुई।हम बॉल के साथ और क्लिनिकल हो सकते थे लेकिन जीत तो जीत होती है। हमें वेस्ट इंडीज मैच से पहले अपना शिकंजा कसने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मैं जिम्बाब्वे के बैटर्स से कोई क्रेडिट नहीं लेना चाहता। जिस तरह से उन्होंने बैटिग की, वह बहुत स्मार्ट थी। बॉलिंग के नजिरए से, हम और स्मार्ट हो सकते थे। जब हम ऐसे हालात में होते हैं, तो हमें हिम्मत दिखानी होती है। जब हम कोलकाता पहुंचेंगे तो हम प्लान के बारे में सोचेंगे। दूसरी ओर, जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने कहा कि टीम अपने डिफेंसिव प्लान बेहतर तरीके से बना सकती थी और इंडियंस को लगभग 210-220 रन पर रोक सकती थी। उन्होंने कहा कि जिस तरह से ओपनर्स ने पावर प्ले में बैटिग की, जिम्बाब्वे ने खुद को मौका दिया, लेकिन एक बार जब फील्ड फैल गई और रेगुलर इंटरवल पर स्ट्राइक करना शुरू कर दिया, तो चेज खत्म हो गया। रजा ने कहा कि पिछले गेम में 250 रन थे और बैटिग लाइन-अप में रश था। आज, हम पहले छह ओवर में शांत थे और हमने खुद को मौका दिया। बॉलिंग के बारे में उन्होंने कहा कि हम अपने डिफेंसिव प्लान थोड़े बेहतर बना सकते थे। एक बार जब ट्रेन चल पड़ती है, तो उसे रोकना मुश्किल होता है। हम उन्हें 210-220 तक रोक सकते थे और फिर क्या पता। बॉलिंग और फील्डिग में हम बेहतर कर सकते थे। उन्होंने कहा कि पिछले गेम ने हमें सिखाया कि बड़े टोटल का पीछा कैसे करना है। कोई बहाना नहीं बनाना चाहता, लेकिन टीम में बहुत सारे युवा खिलाड़ी हैं, जो अपना पहला विश्व कप खेल रहे हैं, पहली बार इंडिया में खेल रहे हैं।

# चोट के चलते सोफी भारत के खिलाफ सीरीज से हुई बाहर

**ऑस्ट्रेलिया, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया महिला टीम की सभी प्रारूपों की कप्तान सोफी मोलिनक्स पीठ की दिक्कत की वजह से भारत के खिलाफ बाकी बहु-प्रारूप सीरीज से बाहर हो गई हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अनुसार 28 साल की ऑलराउंडर होबार्ट में दूसरे महिला एकदिवसीय मैच में पीठ के निचले हिस्से में दर्द के कारण नहीं खेल पाईं। मोलिनक्स ब्रिस्बेन में सीरीज के पहले मैच में खेली थीं, जिसमें उन्होंने पांच ओवर गें. दबाजी की और 17 रन देकर एक विकेट लिया था। इस चोट की वजह से अगले महीने वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में उनका खेलना मुश्किल हो सकता है, क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने इशारा किया है कि सीरीज से पहले उनकी फिटनेस पर नजर रखी जाएगी। उल्लेखनीय है कि पिछले महीने, मोलिनक्स को ऑस्ट्रेलिया का ऑल-फॉर्मेट कैप्टन बनाया गया था।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# किताब पर रोक

किसी किताब में एक चैप्टर को लेकर शायद ही कभी इतना बवाल मचा हो, जिस तरह का इस समय नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग (एनसीईआरटी) की सोशल साइंस की आठवीं क्लास की किताब को लेकर होता दिखाई दे रहा है। यह चैप्टर है करप्शन इन ज्यूडिशरी जिसको हम हिन्दी में कह सकते हैं 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार।' हंगामा बढ़ते देख सुप्रीम कोर्ट ने तुरंत कार्रवाई करते हुए इस किताब पर न सिर्फ पूरी तरह बैन लगा दिया है, बल्कि एनसीईआरटी के निदेशक और जिन विद्यालयों तक पुस्तक पहुंची है, उनके प्रधानाचार्यों को भी यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि ये पुस्तकें जब्त की जाएं। सुप्रीम कोर्ट की नाराजगी को देखते हुए एनसीईआरटी ने तुरंत एक प्रेस नोट जारी कर माफी भी मांगी है, लेकिन अदालत उसकी माफी से संतुष्ट होती दिखाई नहीं दे रही है। जानकारी के अनुसार कक्षा आठ की एसएसटी की किताब भारतीय न्याय व्यवस्था के सामने मौजूद चुनौतियों का जिक्र किया गया है, जिसमें पेंडिंग केस और जजों की कमी का भी जिक्र किया गया है। एससी के चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने साफ कर दिया है कि वह यह सुनवाई बंद करने नहीं जा रहे हैं और अदालत को पता करना है कि इसके पीछे कौन-कौन हैं, जब तक अदालत संतुष्ट नहीं होगी यह मामला चलेगा। अब इसकी अगली सुनवाई 11 मार्च को होगी। अब यह मामला कहां तक जाएगा, यह तो आगे देखा जाएगा, लेकिन इस समय एससी पूरी तरह नाराज दिखाई दे रहा है। असल में पुस्तक में एक और चिंताजनक अध्याय है जिसमें कहा गया है जस्टिस डिलेड जस्टिस डिनाइड। इससे माननीय मुख्य न्यायाधीश बुरी तरह खफा हैं। उन्होंने कहा भी है कि ऐसा नहीं कहा जा सकता यहां कोई न्याय से वंचित नहीं है। गुरुवार को इस मामले की सुनवाई पर चीफ जस्टिस ने कहा है कि ऐसा प्रतीत होता है कि यह न्यायपालिका की गरिमा को ठेस पहुंचाने की सुनियोजित साजिश है। हालांकि सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को भरोसा दिलाया कि इस अध्याय को तैयार करने वाले दो लोग कभी भी एनसीईआरटी या किसी भी मंत्रालय में काम नहीं करेंगे, तो चीफ जस्टिस ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया दी और कहा कि तब यह बहुत आसान हो जाएगा और वह बरी हो जाएंगे। उन्होंने गोली चलाई है न्यायपालिका आज खून से लथपथ है। वैसे सच तो यह है कि न्यायपालिका ही नहीं बल्कि कोई भी विभाग भारत में ऐसा नहीं रह गया है जहां भ्रष्टाचार न पहुंचा हो। किसी एक विभाग को इसके लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। देखने वाली बात यह भी होगी कि अगर कल अन्य विभाग के बारे में कोर्ट के सामने ऐसी स्थिति पेश आती है क्या तब भी सुप्रीम कोर्ट स्वत: संज्ञान लेगा। अब यह तो जांच के बाद ही पता चलेगा कि किताब में दिए गए चैप्टर को लेकर अधिकारियों की क्या मंशा थी।

## आजाद भारत का सबसे बड़ा राजनीतिक षड्यंत्र



दिल्ली आबकारी नीति मामले में प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने मिलकर आजाद भारत का सबसे बड़ा राजनीतिक षड्यंत्र रचा, केजरीवाल भ्रष्ट नहीं है, मैंने अपने जीवन में केवल ईमानदारी कमाई है, यह पूरा केस फर्जी था, आखिर में अधर्म व अन्याय हारता है और सच ही जीतता है, सत्यमेव जयते, पिछले कुछ सालों से भाजपा जिस तरह से बार-बार शराब घोटाला-शराब घोटाला का आरोप लगा रही थी, कोर्ट ने वे सारे आरोप खारिज कर दिए और जितने भी आरोपी थे, सबको बरी कर दिया हम हमेशा कहते थे कि सत्य की जीत होती है। हमें भारतीय न्याय प्रणाली पर भरोसा है।

**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व मुख्यमंत्री, दिल्ली**

# विज्ञान में महिलाएं : विकसित भारत की नई ऊर्जा



योगेश कुमार गोयल



आज का युग विज्ञान का युग है, जहां मनुष्य कम से कम मेहनत करके ज्यादा से ज्यादा सुख-सुविधाएं पाने की ख्वाहिश रखता है। अपनी इन्हीं सब ख्वाहिशों को पूरा करने के लिए उसने जो नए-नए आविष्कार किए हैं, सब विज्ञान की ही देन हैं। ऐसे ही अनगिनत आविष्कारों के कारण आधुनिक युग में मानव जीवन पहले से बहुत ज्यादा आरामदायक हो गया है। रेडियो से लेकर टीवी, मोबाइल फोन, कम्प्यूटर, इंटरनेट इत्यादि विज्ञान की ही ऐसी देन हैं, जिन्होंने इंसानी जिंदगी को पूरी तरह बदलकर रख दिया है। मोबाइल मैसेजिंग, व्हाट्सएप, फेसबुक इत्यादि सोशल मीडिया जैसी सुविधाओं के चलते अब कोई भी व्यक्ति दुनिया के किसी भी कोने में दूसरे व्यक्ति से पलभर में सम्पर्क करने में सक्षम है तो यह सब विज्ञान की ही बदौलत संभव हुआ है। बिजली की खोज हो या यातायात के साधनों का दुनियाभर में बिछा जाल, चिकित्सा, इंजीनियरिंग, कृषि क्षेत्र इत्यादि आज लगभग हर क्षेत्र में विज्ञान का बोलबाला है। चंद घंटों में ही आज हम किसी एक स्थान से हजारों मील दूर तक का सफर तय कर सकते हैं। बिजली की खोज आधुनिक युग में विज्ञान की सबसे अहम देन मानी जा सकती है क्योंकि आज लगभग सभी कार्य बिजली के द्वारा ही सम्पन्न होते हैं, फिर भले ही अखबारों या किताबों की छपाई हो या औद्योगिक इकाईयों में कामकाज अथवा घरेलू कार्य। बिजली की बदौलत ही विकास की गति कई गुना तेज हुई है और लोगों का जीवन बेहद आसान हो गया है। चिकित्सा के क्षेत्र में तो इसी विज्ञान ने ऐसी क्रांतिकारी खोजें की हैं कि अब कई असाध्य मानी जाती रही बीमारियों का इलाज तो मामूली सी गोलियों से ही हो जाता है। यहां तक कि नई-नई कोशिकाओं के निर्माण में भी सफलता प्राप्त कर ली गई है। भारतीय समाज में विज्ञान से होने वाले लाभों और विज्ञान के जरिए लोगों में जागरूकता लाने, युवाओं में वैज्ञानिक सोच पैदा करने और छात्रों को बतौर कैरियर विज्ञान को चुनने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तत्वावधान में एक निर्धारित थीम के जरिए 'राष्ट्रीय विज्ञान दिवस' मनाया जाता है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2026 का विषय है 'विज्ञान में महिलाएं: विकसित भारत को उत्प्रेरित करना', जो इस ऐतिहासिक विरासत को नए आयाम देता है। देश में पहला राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 28 फरवरी 1987 को मनाया गया था। दरअसल राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद ने वर्ष 1986 में केन्द्र सरकार को 28 फरवरी के दिन 'राष्ट्रीय विज्ञान दिवस' के रूप में मनाए जाने का सुझाव दिया था, जिसके बाद सरकार द्वारा उसी वर्ष राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का यह प्रस्ताव स्वीकार करते हुए 28 फरवरी के दिन 'राष्ट्रीय विज्ञान दिवस' के रूप में मनाए जाने की घोषणा की गई। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के माध्यम से युवाओं को विज्ञान के प्रति आकर्षित एवं प्रेरित करते हुए जनसाधारण को विज्ञान तथा देश की वैज्ञानिक उपलब्धियों के प्रति सजग बनाने का प्रयास किया जाता है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस महान् वैज्ञानिक सर सी।वी। रमन की स्मृति में मनाया जाता है। उनकी उत्कृष्ट वैज्ञानिक खोज 'रमन प्रभाव' (रमन इफैक्ट) को चिह्नित करने और विज्ञान की गति को तेज करने के लिए लोगों के दैनिक जीवन में विज्ञान के महत्व और इसके अनुप्रयोग का प्रसार करने के उद्देश्य से इस दिवस की रूपरेखा बनाई गई। सर चंद्रशेखर वेंकट रमन ने रमन इफैक्ट की खोज 28 फरवरी 1928 को की थी, जिसके लिए उन्हें भौतिकी विज्ञान के क्षेत्र में वर्ष 1930 के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उनके द्वारा की गई खोज 'रमन इफैक्ट' फोटोन कणों के लचीले वितरण के संबंध में है। 1920 के दशक में एक बार सीवी रमन समुद्री जहाज से भारत लौट रहे थे, तब उनकी नजर भूमध्य सागर के जल में अनोखे नीले और दूध जैसे सफेद रंग पर पड़ी। उसके बाद कोलकाता पहुंचकर उन्होंने इंडियन एसोसिएशन फॉर द कल्टिवेशन ऑफ साइंस की प्रयोगशाला में काम करते हुए पार्थिव वस्तुओं में प्रकाश के बिखरने का नियमित अध्ययन शुरू कर दिया। इस पर उन्होंने सात वर्षों से भी अधिक समय तक गहन अध्ययन किया और अंतत: उनकी खोज 'रमन इफैक्ट' के नाम से 28 फरवरी 1928 को पूरी दुनिया के सामने आई। बहरहाल, विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ने के लिए वैज्ञानिक सोच का प्रसार अत्यावश्यक है और राष्ट्रीय विज्ञान दिवस जैसे आयोजन निश्चित रूप से वैज्ञानिक .ष्टिकोण के प्रसार में सहायक सिद्ध हो सकते हैं। विज्ञान दिवस देश में विज्ञान की निरन्तर उन्नति का आव्हान करता है। इस दिवस के जरिए लोगों को संदेश दिया जाता है कि विकास के मार्ग में विज्ञान के बगैर तेज गति से आगे बढ़ना संभव नहीं है और विज्ञान ही है, जिससे समाज में व्याप्त गलत धारणाओं और अंधविश्वासों का विनाश होता है। दरअसल समाज का एक बहुत बड़ा वर्ग आज भी निर्मूल धारणाओं और अंधविश्वासों से घिरा हुआ है और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के जरिए ही ऐसे अंधविश्वासों और धारणाओं को दूर किया जाता है। विज्ञान के जरिए ही हमारे महान् वैज्ञानिक कभी असंभव माने जाने वाले कार्यों को भी संभव बनाने में सफल हुए हैं। भारत ने विज्ञान के क्षेत्र में बीते कुछ दशकों में सफलता के नए-नए शिखरों को छुआ है और विज्ञान की मदद से ही कई तरह की क्रांतिकारी खोजें कर वैज्ञानिकों ने लोगों के जीवन को बेहतर बनाने में उल्लेखनीय योगदान दिया है। विज्ञान की मदद से ही बनाई गई अनगिनत तकनीकों और वस्तुओं का इस्तेमाल हम अपने दैनिक क्रियाकलापों में आए दिन करते हैं। निसंदेह विज्ञान के द्वारा ही समाज में लोगों का जीवन स्तर आने वाले समय में ज्यादा से ज्यादा खुशहाल बनाया जा सकता है। विज्ञान के क्षेत्र में अब जिस प्रकार वैज्ञानिक नित नए-नए प्रयोगों के जरिए नई-नई तकनीकों का विकास करते हुए भारत को तकनीकी दृष्टि से विश्व में एक सशक्त राष्ट्र बनाने में जी-जान से जुटे हैं, उस योगदान को शब्दों में व्यक्त करना इतना आसान नहीं है। विज्ञान की मदद से ही हम कम्प्यूटर, रोबोट जैसी प्रौद्योगिकी का आविष्कार करने के साथ अंतरिक्ष में पहुंचने तक में भी सफल हुए हैं। अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में भारत आज दुनिया के चुनिंदा ऐसे देशों में शामिल हैं, जिसने चंद्रयान और गगनयान जैसे मिशनों को सफलतापूर्वक अंजाम दिया और भारतीय वैज्ञानिकों की काबिलियत का लोहा पूरी दुनिया ने माना। वैसे मानव हित में विज्ञान के जितने फायदे हैं, उसके कहीं न कहीं कुछ नुकसान भी हैं और दुरूपयोग की संभावनाएं भी हैं। हमारे जीवन को सुलभ बनाने के साथ ही विज्ञान ने कई प्रकार के गंभीर रोग, प्रदूषण और खतरे भी पैदा किए हैं। नाभिकीय और परमाणवीय प्रयोगों तथा औद्योगिक गतिविधियों के कारण प्रदूषण की समस्या विकराल हो चुकी है। बिजली उत्पन्न करने के कार्य में परमाणु ऊर्जा का उपयोग किया जा सकता है लेकिन दूसरी ओर से इसी से निर्मित परमाणु हथियार समस्त सृष्टि से लिए अत्यंत विनाशकारी साबित हो सकते हैं। बेहतर यही है कि विज्ञान का उपयोग आवश्यकता और सुविधानुसार मानवता की भलाई के लिए ही किया जाना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# दर्द कैसा भी हो, रामबाण लाभ पहुंचाता है जायफल

**जायफल को एक प्राकृतिक दर्द निवारक के रूप में भी जाना जाता है। जायफल में प्रचुर मात्रा में मिरिस्टिसनि, एलिमिनिन और यूजेनॉल होते हैं। जो सिर्फ दिमाग को तेज करने और तंत्रिका तनाव को कम करने में ही मदद नहीं करते, बल्कि जोड़ों या मांसपेशियों के दर्द को भी कम करते हैं। इसलिए अगर आप जोड़ों या मांसपेशियों के दर्द के कारण परेशान हैं तो नारियल या जैतून के साथ इसे मिक्स करके प्रभावित स्थान पर लगाएं।**

जायफल रसोई में इस्तेमाल होने वाली एक महत्वपूर्ण स्पाइस है। इसे दुनियाभर में विभिन्न व्यंजनों में इस्तेमाल किया जाता है। यह खाद्य पदार्थों में मिठास लाता है। जायफल न सिर्फ भोजन के स्वाद को बढ़ाता है, बल्कि इससे खाने से काफी अच्छी महक आती है। यूं तो आप भी जायफल का इस्तेमाल अपने भोजन में करते होंगे, लेकिन क्या आप इससे होने वाले फायदों से वाकिफ हैं। तो चलिए आज हम आपको इस बारे में बताते हैं।

### दूर करे तनाव

अगर आप हर दिन अत्याधिक तनाव का सामना करते हैं तो आपको जायफल का सेवन अवश्य करना चाहिए। जायफल में मिरिस्टिसनि और एलिमिसिन पाया जाता है, यह कपांउड दिमाग को रिलैक्स करने का काम करते हैं। इतना ही नहीं, जायफल में मस्तिष्क में न्यूरोट्रांसमीटर सेरोटोनिन और डोपामाइन को बढ़ावा देने की क्षमता होती है। जिसके कारण आप तनाव व अवसाद से आसानी से बाहर आ सकते हैं। इसके लिए आप थोड़ा सा जायफल पाउडर लेकर उसे आंवला के रस में मिलाकर सेवन करें।

### तेज करे दिमाग

जायफल का सेवन आपके मस्तिष्क की कार्यक्षमता को भी बेहतर बनाता है। दरअसल, जायफल में मिरिस्टिसनि और मैकलिगनन होता है, जो मानव के मस्तिष्क और उसकी मेमोरी पावर को बूस्टअप करने का काम करता है। इतना ही नहीं,



जायफल एकाग्रता और ध्यान केन्द्रति करने की क्षमता में भी सुधार करता है। इसके लिए आप हर रात सोने से पहले एक गिलास गर्म पानी में जरा सा जायफल का पाउडर मिक्स करके इसका सेवन करें।

### अनिद्रा से बचाव

जिन लोगों को रात में ठीक तरह से नींद न आने की समस्या होती है, उनके लिए जायफल किसी रामबाण से कम नहीं है। यह अनिद्रा के लिए एक नेचुरल रेमिडी है। दरअसल, जायफल में मैग्नीशियम प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। मैग्नीशियम मस्तिष्क में तंत्रिका तनाव को कम करने और सेरोटोनिन के उत्पादन को बढ़ावा देने में मदद करता है। इसके लिए आप हर रात सोने से पहले एक गिलास दूध में चुटकी भर जायफल पाउडर, बादाम व इलायची डालकर सेवन करें।




### जोड़ों और मांसेशियों के दर्द से राहत

जायफल को एक प्राकृतिक दर्द निवारक के रूप में भी जाना जाता है। जायफल में प्रचुर मात्रा में मिरिस्टिसनि, एलिमिनिन और यूजेनॉल होते हैं। जो सिर्फ दिमाग को तेज करने और तंत्रिका तनाव को कम करने में ही मदद नहीं करते, बल्कि जोड़ों या मांसपेशियों के दर्द को भी कम करते हैं। इसलिए अगर आप जोड़ों या मांसपेशियों के दर्द के कारण परेशान हैं तो नारियल या जैतून के साथ इसे मिक्स करके प्रभावित स्थान पर लगाएं। वैसे आप चाहें तो इसे अपने भोजन में भी शामिल कर सकती हैं।

**-साभार**

# डाटा विज्ञान के बिना इंटरनेट की दुनिया अधूरी



हम इंटरनेट युग में जी रहे हैं जहां पूरी दुनिया डाटा से घिरी हुई है। यह डाटा और कुछ नहीं बल्कि हमारी यादें, अनुभव, सूझ-बूझ, दुख-दर्द के क्षण और कभी-कभी सांसारिक गतिविधियों के बारे में है। जैसे, कोई विगत यात्रा या महीने और वर्ष में दिन के किसी विशेष घंटे में क्या खाया या फिर दैनिक जीवन के सामान्य घटनाक्रम का लेखा-जोखा। क्या ऐसा पहले नहीं था? ऐसे तथ्यात्मक, भावनात्मक, आनुभविक और व्यवहारिक क्षणों को संग्रहित और संरक्षित करना हमेशा से एक मानवीय प्रवृत्ति रही है। अंतर केवल इतना है कि हमारे पूर्वज डाटा को अपनी स्मृतियों में या गुफाओं, पत्थरों या कागजों पर उकेरी गई छवियों के माध्यम से संग्रहित करते थे, जबकि आज हम प्रौद्योगिकी एवं उपकरणों की मदद से ऐसा करते हैं। अतीत में, बातों को मानव स्मृति में संग्रहित करने के साथ-साथ पत्थर पर नक्काशी करना, पत्तों पर और बाद में कागजों पर ग्रंथ लिखना काफी श्रमसाध्य था। यह संग्रहण कुछ समय तक ही रह पाता था। समय के साथ, जलवायु के प्रहार पत्थरों, कागजों को नष्ट कर डाटा को भी विलोपित कर देते थे। मानव स्मृति की भी डाटा संग्रहण की एक निर्धारित क्षमता होती है। दूसरे शब्दों में, प्राचीन काल से चली आ रही डाटा संग्रहण की मानवीय प्रवृत्ति, वर्तमान युग की वैज्ञानिक तकनीकों एवं साधनों की आसान उपलब्धता से डाटा विज्ञान का उदय हुआ है।

**डाटा विज्ञान: शुरुआती वर्ष**

शब्द डाटा विज्ञान 1960 के दशक में एक नए पेशे का वर्णन करने के लिए गढ़ा गया था, जो उस समय भारी मात्रा में एकत्रित होने वाले डाटा को समझने और उसका विश्लेषण करने में सहायक सिद्ध हुआ। वैसे संरचनात्मक रूप से इसने 2000 की शुरुआत में ही अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। यह एक ऐसा विषय है जो सार्थक भविष्यवाणियां करने और विभिन्न उद्योगों में सूझ-बूझ प्राप्त करने के लिए कंप्यूटर विज्ञान और सांख्यिकीय पद्धतियों का उपयोग करता है। इसका उपयोग न केवल सामाजिक जीवन, खगोल विज्ञान और चिकित्सा जैसे क्षेत्रों में बल्कि व्यापार में भी बेहतर निर्णय लेने के लिए किया जाता है। 1962 में अमेरिकी गणितज्ञ जॉन डब्ल्यू। टुकी ने सबसे पहले डाटा विज्ञान के सपने को स्पष्ट किया। अपने प्रसिद्ध लेख दी फ्यूचर ऑफ डाटा एनालिसिस में उन्होंने पहले पर्सनल कंप्यूटर से लगभग दो दशक पहले इस नए क्षेत्र के उद्गम की भविष्यवाणी की थी। एक अन्य प्रारंभिक व्यक्ति डेनिश कंप्यूटर इंजीनियर पीटर नॉर थे, जिनकी पुस्तक कॉन्साइस सर्वे ऑफ कंप्यूटर मेथड्स डाटा विज्ञान की सबसे पहली परिभाषाओं में से एक प्रस्तुत करती है। 1990 और 2000 के दशक की शुरुआत में हम स्पष्ट रूप से देख सकते हैं कि डाटा विज्ञान एक मान्यता प्राप्त और विशिष्ट क्षेत्र के रूप में उभरा। कई डाटा विज्ञान अकादमिक पत्रिकाएं प्रकाशित होने लगीं, और जेफ वू और विलियम एस। क्लीवलैंड आदि ने डाटा विज्ञान की आवश्यकता और क्षमता को विकसित करने और समझने में मदद करना जारी रखा। पिछले 15 वर्षों में, पूरे विषय को व्यापक उपकरणों, प्रौद्योगिकियों और प्रक्रिया के द्वारा परिभाषित और लागू करने के साथ एक भलीभांति स्थापित पहचान मिली है।

**डाटा विज्ञान और जीवन**

पिछले 100 वर्षों में मानव जीवन शैली में बहुत कुछ बदला है और विज्ञान और प्रौद्योगिकी से 20 वर्षों में तो बदलावों का सैलाब-सा ही आ गया है। अलबत्ता, जो चीज समय के साथ नहीं बदली, वह है मूल मानव व्यवहार और अपने क्षणों और अनुभवों को संग्रहित करने की उसकी प्रवृत्ति। मानवीय अनुभव और क्षण (डाटा), जो मानव स्मृति, नक्काशी और चित्रों में रहते थे, उन्हें प्रौद्योगिकी के जरिए एक नया शक्तिशाली भंडारण मिला है। अब मानव डाटा छोटे/बड़े बाहरी ड्राइव्स, क्लाउड स्टोरेज जैसे विशाल डाटा भंडारण उपकरणों में संग्रहित किए जा रहे हैं। मजेदार बात यह है कि अब डाटा को, पहले के विपरीत, बिना किसी बाधा के, जितना चाहें उतना और जब तक चाहें तब तक संग्रहित रखा जा सकता है।

पिछले 20 वर्षों में, एक और दिलचस्प बदलाव इंटरनेट टेक्नॉलॉजी के आगमन से भी हुआ। इंटरनेट टेक्नॉलॉजी की शुरुआत के साथ, मानव व्यवहार और उसके सामाजिक संपर्क की प्रवृत्ति ने एक बड़ी छलांग लगाई। लोगों ने दिन-प्रतिदिन हजारों किलोमीटर दूर विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में अन्य मनुष्यों से जुड़ना शुरू कर दिया और इस तरह विभिन्न तरीकों से बातचीत करने और अभिव्यक्ति की मानवीय क्षमता कई गुना बढ़ गई। आज छत्तीसगढ़ के घने जंगलों के ग्रामीण इलाके का कोई बच्चा बॉलीवुड की किसी मशहूर हस्ती को सुन सकता है और उससे जुड़ सकता है, वहीं न्यूयॉर्क में रहते हुए एक व्यक्ति उत्तरी अफ्रीका में रह रहे किसी पीड़ित बच्चे की भावनाओं से रूबरू हो सकता है। इंटरनेट क्रांति ने इस पूरी दुनिया को मानो एक बड़े से खेल के मैदान में बदल दिया है जहां हर एक व्यक्ति किसी दूसरे व्यक्ति, विषय या घटना से तत्काल जुड़ सकता है। इन क्षमताओं के रहते पूरा विश्व नई तरह की संभावनाओं और अभिव्यक्तियों के प्रयोगों से भर गया है। इस तरह की गतिविधियों ने अपनी एक छाप छोड़ी है (जिन्हें हम डाटा कह सकते हैं) और टेक्नॉलॉजी ने इसे असीमित रूप से एकत्रित और संग्रहित करना शुरू कर दिया है। नई दुनिया के यह परिवर्तन विशाल डाटा के रूप में प्रस्फुटित हुए। अधिकांश लोग (जो इंटरनेट वगैरह तक पहुंच रखते हैं) डाटा (यानी शब्द, आवाज, चित्र, वीडियो वगैरह के रूप में) के जरिए यादों और अनुभवों से सराबोर हैं। यह डाटा न केवल सामाजिक या अंतर-वैयक्तिक स्तर पर, बल्कि आर्थिक मोर्चे पर (जैसे ऑनलाइन भुगतान, ई-बिल, ई-लेनदेन, क्रेडिट कार्ड) और यहां तक कि अस्पतालों के दौरों, नगर पालिका की शिकायतों, यात्रा के अनुभवों, मौसम के परिवर्तन तक में नजर आते हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो संपूर्ण जीवन की गतिविधियां डाटा पैदा कर रही हैं और इसे संग्रहित किया जा रहा है। आधुनिक जीवनशैली बड़ी मात्रा में डाटा उत्पन्न करती है। डाटा की मात्रा इसलिए भी बढ़ गई है क्योंकि आधुनिक तकनीक ने बड़ी मात्रा में डाटा निर्मित करना और संग्रहित करना आसान बना दिया है। पिछले कुछ वर्षों में, दुनिया में पैदा किया गया 90 प्रतिशत से अधिक डाटा संग्रहित कर लिया गया है। उदाहरण के लिए, सोशल मीडिया उपयोगकर्ता हर घंटे 2 करोड़ से अधिक छवियां पोस्ट करते हैं।

**डाटा विज्ञान: कार्यपद्धति**

मानव मस्तिष्क विभिन्न उपकरणों में संग्रहित विशाल डाटा का समय-समय पर उपयोग करना चाहता है। इस कार्य के लिए एक अलग प्रकार की तकनीकी क्षमता की आवश्यकता थी, जो संग्रहित डाटा को निकालने और निर्णय लेने का काम कर सके। यह मस्तिष्क के संचालन की नकल करने जैसा था। ऐसे जटिल दिमागी ऑपरेशनों को दोहराने के लिए एक कदम-दर-कदम चलने वाले एक समग्र वैज्ञानिक दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है ताकि डाटा इष्टतम तरीके से संग्रहित किया जाए, डाटा को कुशलतापूर्वक, शीघ्रता से प्रबंधित, पुनर्प्राप्त, संशोधित, और विलोपित किया जा सके, डाटा की व्याख्या आसानी से और शीघ्रता से की जा सके, इससे भविष्य के बारे में निर्णय लेने में मदद मिलती है। वैसे तो हमारा मस्तिष्क सूक्ष्म और जटिल तरीके से डाटा को आत्मसात करने और निर्णय लेने का काम करता आया है, लेकिन मस्तिष्क की क्षमता सीमित है। डाटा से जुड़ी उक्त प्रक्रियाओं को पूरा करने के लिए, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के मानव मस्तिष्क जैसे एक विशाल स्पेक्ट्रम की आवश्यकता हुई। टेक्नॉलॉजी ने इस प्रक्रिया के लिए डाटा भंडारण (विशाल डाटा सर्वर), पुन:प्राप्ति के विभिन्न साधनों को सांख्यिकीय/गणितीय जानकारी से युक्त करना शुरू कर दिया। जावा, पायथन, पर्ल जैसी कोडिंग भाषा, विभिन्न मॉडलिंग तकनीकों (जैसे क्लस्टरिंग, रिग्रेशन, भविष्यवाणी और डाटा माइनिंग) के साथ-साथ ऐसी मशीनें विकसित हुईं जो डाटा को बार-बार समझ सकती हैं और स्वयं सीखकर खुद को संशोधित कर सकती हैं (मशीन लर्निंग मॉडल)। मूल रूप से कोशिश यह थी कि प्रौद्योगिकी और विज्ञान के सहारे हम अपने मस्तिष्क जैसी निर्णय लेने की क्षमता मशीन में पैदा कर सकें। प्रौद्योगिकी द्वारा मानव मस्तिष्क की क्षमताओं के प्रतिरूपण की इस पूरी प्रक्रिया को डाटा विज्ञान का नाम दिया गया है। डाटा विज्ञान एक ऐसा क्षेत्र है जो डाटा से अपेक्षित परिणाम प्राप्त करने के लिए सांख्यिकी, वैज्ञानिक तकनीक, कृत्रिम बुद्धि (एआई) और डाटा विश्लेषण सहित कई विषयों को जोड़ता है। **-संजीव**

# वुमन ऑफ द ईयर प्रोजेक्ट-2026 में 3 भारतीय महिलाएं

■ सफीना ने 20 लाख बेटियों को स्कूल लौटाया

■ 14 देशों को मुफ्त दवा दिलवा रहीं रेशमा

■ 7.5 लाख छात्राओं को सशक्त कर रहीं सौजानी

**न्यूयार्क।** टाइम मैगजीन ने 2026 के वुमन ऑफ द ईयर प्रोजेक्ट के लिए 16 महिलाओं को चुना है। लिस्ट में भारतीय और भारतीय मूल की तीन महिलाएं भी हैं। ये सभी लीडर्स ज्यादा बराबरी वाली दुनिया बनाने के लिए काम कर रही हैं। साथ ही महिलाओं और लड़कियों की सबसे बड़ी चुनौतियां हल करने में जुटी हैं। यह प्रोजेक्ट टाइम के सालाना वुमन ऑफ द ईयर लिस्ट से अलग है। इसे 2020 में शुरू किया गया था। कवर पर हालीवुड अभिनेत्री टेयाना टेलर हैं। फिल्म वन बैटल आफ्टर अनादर 'में उनका प्रदर्शन उम्दा रहा है।

कुछ अनदेखे चेहरे जैसे- सिएरा लियोन के पहले मातृत्व केंद्र की अगुआई करने वाली इसाता डुम्बुया, अमेरिका -मैक्सिको बॉर्डर पर ह्यूमैनिटेरियन अभियान चला रही सिस्टर नारमा पिमेंटेल भी हैं। सफीना हुसैन की पढ़ाई अधूरी रही, इसी टीस को ताकत बनाया, जीता 'एशिया का नोबेल,बचपन गरीबी, हिंसा व अधूरी पढ़ाई के दर्द से गुजरा। इसी टीस को ताकत बनाया और मुंबई में 'एजुकेट गर्ल्स' की नींव रखी। वे कहती हैं,' मैं जानती हूं पीछे छूट



जाना कैसा लगता है। बीते साल संस्था ने भारत के गांवों की 20 लाख लड़कियों को स्कूल लौटाने में सफलता हासिल की। लक्ष्य 15 लाख ही था। इसके लिए संस्था को रैमन मैग्सेसे पुरस्कार मिला। उनका एनजीओ यह सम्मान पाने वाला पहला संगठन बना। हाल में आई उनकी किताब 'एवरी लास्ट गर्ल' में अंतिमबा. ला का किरदार हर उस लड़की का प्रतीक है, जिसकी आवाज अनसुनी कर दी गई।'कोई भी लड़की बकरी चराना या बाल वधू बनना नहीं चाहती, हर लड़की... बस स्कूल जाना चाहती है'- सफीना। रेशमा केवलरमानी ने सिकल सेल का इलाज खोजा, अब डायबिटीज को हराने में जुटीं, ठान चुकी हैं, लाइलाज बीमारियों को जड़ से मिटाना है। किडनी डाक्टर से शुरू हुआ सफर आज दुनिया की दिग्गज बायोटेक कंपनी (वर्टेक्स) की पहली महिला सीईओ बनने तक जा पहुंचा है।

उनके नेतृत्व में वर्टेक्स भारत समेत दुनिया के 14 देशों में सिस्टिक फाइब्रोसिस (फेफड़ों की बीमारी) की महंगी दवाएं मुफ्त उपलब्ध करा रही है। रेशमा के नेतृत्व में कंपनी ने सिकल सेल बीमारी के लिए क्रिस्पर आधारित पहली जीन-एडिटिंग थेरेपी लान्च की। अब डायबिटीज और किडनी रोगों को पूरी तरह खत्म करने वाली थेरेपी पर काम कर रही हैं। रेशमा सौजानी अमेरिकी माताओं की आवाज, चाइल्डकेयर अभियान का चेहरा हैं, शरणार्थी की बेटी और पहली भारतीय-अमेरिकी कांग्रेस प्रत्याशी ने साहस से सत्ता को झकझोरा। इससे अमेरिका में माताओं के लिए सस्ते चाइल्डकेयर और न्यूयार्क में 'यूनिवर्सल केयर' का रास्ता खुला। अपनी संस्थाओं 'माम्स फर्स्ट' व 'गर्ल्स हू कोड' के जरिए 7.6 लाख छात्राओं को सशक्त कर रही हैं।

## भूटान के साथ द्विपक्षीय सहयोग पर सचिव स्तर की बैठक

**नई दिल्ली।** भारत तथा भूटान ने बाढ़ प्रबंधन और बाढ़ पूर्वानुमान को लेकर सचिव स्तर पर द्विपक्षीय सहयोग के मौजूदा तंत्रों की समीक्षा कर क्षमता निर्माण तथा तकनीकी आदान-प्रदान से सहयोग बढ़ाकर मौसमी घटनाओं से उत्पन्न चुनौतियों के समाधान पर व्यापक चर्चा की है। आधिकारिक सूचना के अनुसार भारत के जल शक्ति मंत्रालय के अधिकारियों के प्रतिनिधि मंडल ने इस संबंध में 24 से 27 फरवरी तक भूटान यात्रा के दौरान इस मुद्दे पर विचार विमर्श किया। दौरे का मकसद सीमा पार नदियों पर सहयोग से संबंधित मामलों पर चर्चा करना और भारत सरकार के साथ साझेदारी में भूटान में कार्यान्वित की जा रही पुनात्सांगचू-1 जलविद्युत परियोजना की गति. विधियों की समीक्षा करना था।



पश्चिम बंगाल। नादिया में होली के त्योहार से पहले उच्च माध्यमिक परीक्षा देने के बाद 'गुलाल' से खेलती छात्राएं।

## वेनेजुएला ने 19 तेल और गैस समझौतों को निलंबित किया, मादुरो के कार्यकाल में हुए थे

**वाशिंगटन।** वेनेजुएला के तेल मंत्रालय ने निजी कंपनियों के साथ किए गए 19 तेल और गैस प्रोडक्शन-शेयरिंग समझौतों को निलंबित कर दिया है। ये समझौते पूर्व राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के कार्यकाल में हुए थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इन अनुबंधों की वैधता और कंपनियों के बैकग्राउंड की समीक्षा की जा रही है। हालांकि, इन समझौतों को सस्पेंड करने से देश के तेल और गैस उत्पादन पर फिलहाल कोई असर नहीं पड़ा है। सरकार के कंट्रोल वाली कंपनी च्क्टै। संबंधित परियोजनाओं से निकले कच्चे तेल की बिक्री जारी रखे हुए है। रिपोर्ट के मुताबिक, वेनेजुएला और अमेरिका इन एग्रीमेंट्स की शर्तों की समीक्षा कर रहे हैं।

## एपस्टीन के साथ संबंधों को लेकर सांसद करें, ट्रम्प से सवालः क्लिंटन

**वाशिंगटन।** अमेरिका की पूर्व विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन ने सांसदों से अपील की है कि उन्हें यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के संबंधों को लेकर उनसे सवाल करने चाहिए। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार सुक्लिटन इस मामले को लेकर कांग्रेस (संसद) की समिति के समक्ष उपस्थित हुईं। उन्होंने कहा कि उन्हें एपस्टीन के अपराधों के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। इस दौरान उन्होंने सांसदों से आग्रह किया कि उन्हें ट्रम्प से एपस्टीन के साथ उनके संबंधों के बारे में पूछताछ करनी चाहिए, क्योंकि उन्होंने संविधान की शपथ ली है। सुक्लिटन ने कांग्रेस समिति के समक्ष घंटों गवाही देने के बाद कहा कि मैं सच सामने आते देखना चाहती हूं। इस मामले में सुक्लिंटन के पति एवं अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिटन शुक्रवार को गवाही देंगे। हालांकि दोनों ने समिति की ओर से तलब किए जाने का विरोध किया है और इसे इसे राजनीति से प्रेरित बताया है। बाद में ए दोनों फिर गवाही देने के लिए सहमत हो गए क्योंकि उनके खिलाफ कांग्रेस की अवमानना की संभावित कार्रवाई की आशंका थी। क्लिंटन और ट्रम्प ने एपस्टीन के साथ संबंधों को लेकर कुछ भी गलत करने से इनकार किया है।

# तालिबान ने मार गिराया पाक का एफ-16 !

### अफगान डिफेंस नाम के एक सोशल मीडिया हैडल ने एक जलते हुए एफ-16 विमान के मलबे का वीडियो साझा किया



■ वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि इस लड़ाकू विमान के पिछले हिस्से में एक छोटा पाकिस्तानी झंडा बना हुआ है

■ विमान पर '85510' नंबर लिखा दिखाई दे रहा है

**काबुल।** पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के खिलाफ हवाई हमलों के बाद शुक्रवार को जंग का ऐलान कर दिया। इस बीच तालिबान ने दावा किया है कि उसने पाकिस्तान का एक अमेरिकी लड़ाकू विमान एफ-16 मार गिराया है। अफगानिस्तान डिफेंस नाम के एक सोशल मीडिया हैंडल ने एक जलते हुए एफ-16 विमान के मलबे का वीडियो साझा किया है।

वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि इस लड़ाकू विमान के पिछले हिस्से में एक छोटा पाकिस्तानी झंडा बना हुआ है। इसके साथ ही विमान पर '85510' नंबर लिखा दिखाई दे रहा है। अमर उजाला इस वीडियो की प्रामाणिकता की पुष्टि नहीं करता है। बीते कुछ वर्षों में भारतीय वायु सेना ने पाकिस्तान के खिलाफ हवाई लड़ाइयों में दो या दो से ज्यादा पाकिस्तानी एफ-16 विमानों को मार गिराया है। विश्लेषकों का मानना है कि पाकिस्तानी शस्त्रागर का अहम हिस्सा माना जाने वाला एफ-16 लड़ाकू विमान केवल नाम का ही खतरनाक है। यह वीडियो ऐसे समय में सामने आया है, जब पाकिस्तान की ओर से काबुल और कंधार पर हवाई हमले किए गए हैं। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में आतंकी संगठनों के खिलाफ ऑपरेशन गजब-लिल-हक चलाया है। पाकिस्तान का दावा है कि उसने हमलों में 133 आतंकियों को ढेर किया है। वहीं, इन हमलों के बाद अफगानिस्तान ने भी जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी है। अफगान सैनिकों ने सीमा पर हमले तेज कर दिए हैं। पाकिस्तान ने कहा है कि उसके हवाई हमले गुरुवार रात को अफगान बलों द्वारा पाकिस्तानी सीमा सैनिकों पर किए गए हमले के जवाब में हैं। इन हमलों को तालि. बान सरकार ने पहले हुए घातक हवाई हमलों का प्रतिशोध बताया है। पाकिस्तान ने आरोप लगाया है कि अफगानिस्तान ने पाकिस्तान में हमले करने वाले आतंकवादी समूहों के खिलाफ कुछ नहीं किया है, जिसे तालिबान सरकार ने नकार दिया है।

## पाकिस्तान ने आतंकवाद को बनाया पैसे कमाने का जरियाः अफगान सांसद सोलेमानखिल

**कबुल।** अफगानिस्तान की निर्वासित सांसद मरियम सोलेमान खिल ने पाकिस्तान पर आंतकवाद को लेकर गंभीर आरोप लगाया है। सांसद का कहना है कि पाकिस्तान आतंकवाद का व्यपार करता है। वह तालिबान और कई प्राक्सी समूह तैयार कर रहा है, जो दोंनों देशों के बीच बढ़ते तनाव के कारण इस्लामाबाद के खिलाफ हो गए हैं। सोलेमानखिल ने अफगानिस्तान में पाकिस्तान के द्वारा किए गए हवाई हमलों की आलोचना की। इसे उन्होंने अफगान परिवारों के लिए बहुत बुरा बताया। उन्होंने इस्लामाबाद के आतंकवादियों को निशाना बनाने के के दावों को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि हमले के बावजूद इस्लामाबाद ने किसी भी मशहूर आतंकी के मारे जाने का कोई सबूत नहीं दिया है। सोल. मानखिल ने पाकिस्तान के प्रशासन पर भी निशाना साधा। उन्होंने सरकार के साथ लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे आंतकी समूहों के संबंध बताए। साथ ही इन रिशतों को कैंसर बताया। साथ ही अल-कायदा लीडर ओसामा बिन लादेन को पनाह देने के लिए भी निशाना साधा। सोलईमानखिल ने कहा कि मेरे अपने पैतृक गांव बरमल, पक्तिका पर हमला हुआ, और यह पहली बार नहीं है। हर बार जब पाकिस्तान एयरस्ट्राइक करता है, तो वे दावा करते हैं कि वे आतंकवादियों को मार रहे हैं।

## चीन ने पाक-अफगान से युद्धविराम की अपील की

**बीजिंग।** चीन पाकिस्तान और अफगानिस्तान के हिसक झड़पों को लेकर बहुत चिंतित है और उसने दोनों पक्षों से युद्धविराम के लिए बातचीत की है। गौरतलब है कि इन झप्पों में 133 अफगान तालिबान लड़ाके और पाकिस्तान के दो जवान मारे गए हैं। विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निग ने कहा कि पाकिस्तान द्वारा राजधानी काबुल सहित अफगानिस्तान के बड़े शहरों पर बमबारी के बाद चीन संघर्ष के बढ़ने पर बहुत चिंतित है। चीन ने दोनों पक्षों से शांत रहने और संयम बरतने की अपील करते हुए कहा है कि जितनी जल्दी हो सके युद्धविराम और खून-खराबा से बचा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि चीन पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच संघर्ष में लगातार मध्यस्थता की है और आगे भी तनाव कम करने में एक रचनात्मक भूमिका निभाना जारी रखने को वह तैयार है। उन्होंने कहा कि मंत्रालय और पाकिस्तान तथा अफगानिस्तान में चीन के दूतावास इस मामले पर दोनों देशों में संबंधित पार्टियों के साथ काम कर रहे हैं। इस बीच पाकिस्तान के सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार का कहना है कि 133 अफगान तालिबान लड़ाके मारे गए और 200 से अधिक घायल हुए।

# न्यूयॉर्क मेयर ममदानी ने ट्रम्प से की मुलाकात

**वाशिंगटन।** न्यूयॉर्क शहर के मेयर जोहरान ममदानी ने व्हाइट हाउस की यात्रा के दौरान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने ट्रम्प को एक नकली अखबार का मुखपृष्ठ भेंट किया, ताकि शहर में बड़े पैमाने पर नए आवास निवेश पर चर्चा की जा सके।



■ एक नकली अखबार का मुखपृष्ठ भेंट किया, ताकि शहर में बड़े पैमाने पर नए आवास निवेश पर चर्चा की जा सके

यह रणनीति डोनाल्ड ट्रम्प को लुभाने के लिए बनाई गई है, जो अपनी मीडिया कवरेज को लेकर काफी चौकन्ने रहते हैं। रिपब्लिकन राष्ट्रपति और डेमोक्रेटिक मेयर के बीच पिछले साल हुई पहली मुलाकात के बाद से सौहार्दपूर्ण संबंध बने हुए हैं। जोहरान ममदानी की संचार निद. शक अन्ना बहर ने बताया कि मेयर की टीम ने ट्रम्प को दिखाने के लिए एक नकली मुखपृष्ठ और सुर्खियां तैयार कीं। जिससे उन्हें पता चले कि नए संघीय आवास निवेश से किस तरह की प्रतिक्रिया हो सकती है। नकली न्यूयार्क डेली न्यूज के मुखपृष्ठ पर लिखा है कि ट्रम्प ने शहर से कहारू चलो निर्माण करें।श यह 1975 के उस मशहूर मुखपृष्ठ का एक व्यंग्यात्मक रूप है, जिस पर लिखा था, 'फोर्ड ने शहर से कहारू मर जाओ।' जो जेराल्ड फोर्ड की ओर से शहर को वित्तीय सहायता पर रोक लगाने की कसम का संदर्भ था। न्यूयॉर्क के मेयर ने ट्रम्प के साथ अखबारों के पहले पन्नों वाली बैठक की तस्वीर अपने सोशल मीडिया पेज पर पोस्ट की। बहर ने कहा कि ट्रम्प, ममदानी के प्रस्ताव को लेकर बेहद उत्साहित थे। इस प्रस्ताव के तहत क्वींस के सनसाइड यार्ड में रेल यार्ड के ऊपर एक डेक बनाने के लिए 21 अरब डालर से अधिक के संघीय अनुदान प्राप्त करके 12000 नए किफायती घर बनाए जा सकेंगे। मेयर कार्यालय का अनुमान है कि इस परियोजना से 30000 नौकरियां पैदा हो सकती हैं और यह पिछले 50 वर्षों में आवास और बुनियादी ढांचे में किया गया सबसे बड़ा निवेश होगा।

# ईरान के अस्पताल बने निगरानी केंद्र !

### एजेंटों पर घायलों के इलाज मे दखल के आरोप, डॉक्टरों ने सुनाई आपबीती

**बेरूत।** पिछले महीने सरकार विरोधी प्रदर्शनों पर कार्रवाई के दौरान जब बड़ी संख्या में घायल प्रदर्शनकारी ईरान के एक अस्पताल में लाए गए, तो एक युवा डाक्टर आपात कक्ष की ओर दौड़ा। वह करीब 40 साल के एक व्यक्ति का इलाज करना चाहता था। उस व्यक्ति के सिर में बहुत नजदीक से गोली मारी गई थी।

डाक्टर और अन्य कर्मियों ने उसे बचाने की कोशिश की। तभी सादे कपड़ों में हथियारबंद सुरक्षाकर्मी वहां आ गए। उन्होंने डाक्टरों को रोक दिया। कुछ को अपनी बंदूकों से धक्का दिया। उस डाक्टर ने समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस को यह बात बताई। उत्तरी शहर रश्त के डाक्टर




■ जनवरी की शुरुआत में कुछ दिनों तक कई शहरों के अस्पतालों में ऐसा ही हुआ

ने कहा, उन्होंने मुझे घेर लिया। हमें आगे बढ़ने नहीं दिया। कुछ ही मिनट बाद उस व्यक्ति की मौत हो गई। सुरक्षाकर्मियों ने उसका शव काले बैग में रखा। फिर अन्य शवों के साथ उसे एक वैन में डालकर ले गए। यह कोई अकेली घटना नहीं थी। जनवरी की शुरुआत में कुछ दिनों तक कई शहरों के अस्पतालों में ऐसा ही हुआ। ईरानी सुरक्षाबलों ने भीड़ पर गोली चलाई थी। ये प्रदर्शन 47 साल पुराने इस्लामी गणराज्य के खिलाफ थे। हजारों लोग घायल हुए। सादे कपड़ों में एजेंट अस्पतालों में फैल गए। वे इलाज पर नजर रखते थे। कई बार इलाज रोकते थे। कर्मचारियों को डराते थे। प्रदर्शनकारियों को पकड़ लेते थे। शवों को बैग में डालकर ले जाते थे।दर्जनों डाक्टरों को गिरफ्तार किया गया। यह रिपोर्ट एसोसिएटेड प्रेस की जांच पर आधारित है। ईरान के तीन डाक्टरों से बात की गई। विदेश में रह रहे छह ईरानी चिकित्सा विशेषज्ञों से भी बात हुई। ये लोग देश के अंदर के डाक्टरों से संपर्क में हैं। मानवाधिकार समूहों की रिपोर्ट देखी गई। सोशल मीडिया के एक दर्जन से ज्यादा वीडियो की जांच की गई। ईरान के अंदर के सभी डाक्टरों ने अपना नाम न छापने की शर्त रखी, क्योंकि उन्हें बदले की कार्रवाई का डर था। समाचार एजेंसी ने बर्लिन स्थित संगठन म्नेमोनिक के साथ काम किया। इस संगठन ने अस्पतालों में हिंसा से जुड़े ऑनलाइन वीडियो और सामग्री की पहचान की। ईरान और विदेश के डाक्टरों ने कहा कि अस्पतालों में इस स्तर की हिंसा पहले कभी नहीं देखी गई। ईरान में दशकों से विरोध पर कार्रवाई होती रही है। सार्वजनिक संस्थानों पर निगरानी भी रहती है।

## अमेरिका ने इजरायल से गैर-आपातकालीन दूतावास कर्मचारियों की रवानगी को दी मंजूरी

**यरूशलम।** इजराइल स्थित अमेरिकी दूतावास ने कहा कि अमे. रिकी विदेश मंत्रालय ने सुरक्षा चिंताओं के कारण गैर-आपातक. ालीन अमेरिकी सरकारी कर्मियों और उनके परिवारों को इजराइल से बाहर जाने की अनुमति दे दी है। दूतावास ने एक वक्तव्य में कहा कि जब तक व्यावसायिक उड़ानों का संचालन हो रहा है, तब तक व्यक्तियों को इजराइल से बाहर जाने पर विचार कर लेना चाहिए। सुरक्षा घटनाओं के जवाब में और बिना किसी अग्रिम सूचना के अमेरिकी सरकारी कर्मचारियों और उनके परिवारों को इजराइल के कुछ क्षेत्रों के साथ-साथ यरूशलम के पुराने शहर और वेस्ट बैंक की यात्रा करने से प्रतिबंधित किया जा सकता है।

## अमेरिका और ईरान के बीच तीसरे दौर की बातचीत समाप्त

**जिनेवा।** अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु हथियारों के मुद्दे पर तीसरे दौर की बातचीत यहां समाप्त हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों देश अगले हफ्ते वियना में तकनीकी स्तर की बातचीत कर सकते हैं।

अमेरिका इस बात को लेकर सोच रहा है कि क्या नई कूटनीति से ईरान के परमाणु हथियारों के इरादों पर रोक लग सकती है या आखिरकार सैन्य बलों का ही सहारा लेना पड़ सकता है। बातचीत से जुड़े सूत्रों के मुताबिक अमेरिकी अधिकारियों ने ईरान पर फोर्डो, नतांज और इस्फाहान में अपने परमाणु केंद्रों को खत्म करने और यूरेनियम के बचे हुए भंडार को देश से बाहर भेजने का दबाव डाला है। सूत्रों के अनुसार ईरान के अपने

■ अगर दोनों पक्ष समझौता पर नहीं पहुंच पाते हैं तो अमेरिका ईरान पर हमला करेगाः अमेरिकी अधिकारी

परमाणु केंद्रों को खत्म करने, काफी यूरेनियम को अमेरिका को भेजने और एक स्थाई समझौते के लिए अमेरिका की ओर से रखी गई शर्तों मानने की उम्मीद कम है। ईरान का प्रस्ताव अमेरिका की मुख्य मांगों को पूरा नहीं करता है और ईरान अमे. रिका से रियायतें लेने के लिए ऐसे आर्थिक फायदे पाने की कोशिश कर रहा है जिनका अमेरिका की मांगों से कोई लेना-देना नहीं है। अमेरिकी अधिकारियों ने पहले कहा था कि अगर दोनों पक्ष समझौता पर नहीं पहुंच पाते हैं तो अमेरिका ईरान पर हमला करेगा।

## प्रवास के दौरान 2025 में 7600 लोग मारे गए या लापता हो गएः आईओएम

**जिनेवा/बर्लिन।** अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) के नए आंकड़ों के अनुसार, 2025 में दुनिया भर में प्रवास करते समय कम से कम 7667 लोगों की मृत्यु हुई है या वे लापता हो गए। ये आंकड़े प्रवासियों के संकट के वैश्विक स्तर को दर्शाते हैं। आईओएम ने इन आंकड़ों का उल्लेख करते हुए उन तस्करी नेटवर्कों को खत्म करने का आह्वान किया है जो प्रवासियों का शोषण करते हैं और उनके जीवन को जोखिम में डालते हैं। आईओएम की महानिदेशक एमी पोप ने कहा कि प्रवास के दौरान जीवन की निरंतर हानि एक वैश्विक किलता है जिसे हम सामान्य रूप में स्वीकार नहीं कर सकते।

## आरोप-बांग्लादेश सरकार ने डिफाल्टर को सेंट्रल बैंक गवर्नर बनाया

■ विपक्ष बोला- ये बर्दाश्त नहीं कर सकते, देश में भीड़तंत्र चल रहा

**ढाका।** बांग्लादेश में सेंट्रल बैंक के नए गवर्नर की नियुक्ति को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। विपक्ष का आरोप है कि तारिक रहमान की सरकार ने एक डिफाल्टर को कारोबारी को सेंट्रल बैंक गवर्नर बना दिया है, जो देश में भीड़तंत्र की शुरुआत जैसा है।

बांग्लादेश बैंक के नए गवर्नर के रूप में मोस्ताकुर रहमान की नियुक्ति के बाद राजनीतिक घमा. सान तेज हो गया। जमात ए इस्लामी के प्रमुख और विपक्ष के नेता शफीकुर रहमान ने कहा कि यह फैसला पीएम की शह पर लिया गया है और इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इससे पहले सरकार ने अहसान हबीब मंसूर का कार्यकाल अचानक खत्म कर दिया था, जिन्हें मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार ने नियुक्त किया था। मंसूर ने कहा कि उन्होंने न इस्तीफा दिया और न ही उन्हें हटाए जाने की कोई आधिकारिक सूचना मिली। उन्हें यह खबर मीडिया के जरिए पता चली। मोस्ताकुर रहमान की नियुक्ति इसलिए अलग मानी जा रही है क्योंकि अब तक बांग्लादेश में केंद्रीय बैंक का गवर्नर आमतौर पर अनुभवी बैंकर, अर्थशास्त्री या वरिष्ठ सिविल सेवक होते रहे हैं। मोस्ताकुर एक कास्ट एंड मैनेजमेंट अकाउंटेंट और गारमेंट कारोबारी हैं। वे हेरा स्वेटर्स लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर हैं और हालिया चुनाव में तारिक रहमान की बीएनपी पार्टी की केंद्रीय चुनाव संचालन समिति से भी जुड़े रहे थे।

# अफगानिस्तान में पत्नी को पीटने पर 15 दिन जेल

### संयुक्त राष्ट्र ने अफगान सरकार से इस कानून को वापस लेने की अपील की, अभिव्यक्ति की आजादी का हवाला दिया

**एथेंस।** संयुक्त राष्ट्र ने अफगान सरकार से इस कानून को वापस लेने की अपील की है और कहा है कि महिलाओं और लड़कियों को समाज से अलग करके कोई देश आगे नहीं बढ़ सकता।


नया कानून अभिव्यक्ति की आजादी पर भी सख्त है। इसमें तालि. बान सरकार या उसके नेताओं की आलोचना करना अपराध माना गया है। कई अपराधों के लिए कोड़े मारने जैसी शारीरिक सजा का भी प्रावधान रखा गया है। अफगानिस्तान में तालि. बान सरकार ने नया दंड संहिता लागू किया है। इस कानून पर जनवरी में वहां के सर्वोच्च नेता हिबतुल्लाह अखुंदजादा ने हस्ताक्षर किए थे। इस नए कानून में कुल 119 धाराएं हैं और इसमें कई ऐसे प्रावधान हैं, जिन पर संयुक्त राष्ट्र और मानवाधिकार



■ अफगानिस्तान में तालिबान सरकार ने नया दंड संहिता लागू किया है, इस कानून पर जनवरी में वहां के सर्वोच्च नेता हिबतुल्लाह अखुंदजादा ने हस्ताक्षर किए थे

संगठनों ने कड़ी आपत्ति जताई है। सबसे बड़ी बात यह है कि इस कानून में पत्नी को पीटने पर सजा सिर्फ 15 दिन की जेल रखी गई है, वह भी तब जब पत्नी अदालत में साबित कर दे कि उसे चोट लगी है और शरीर पर कट, घाव या नीला निशान दिखाई दे रहा है। दूसरी ओर, अगर कोई महिला अपने पति की अनुमति के बिना अपने मायके चली जाती है और वहां रुकती है, तो उसे तीन महीने की जेल हो सकती है। इतना ही नहीं, अगर उसके मायके वाले उसे वापस पति के पास नहीं भेजते, तो उन्हें भी सजा दी जा सकती है। संयुक्त राष्ट्र के मानवा. धिकार प्रमुख वोल्कर तुर्क ने कहा है कि यह कानून अंतर्राष्ट्रीय कानूनों के खिलाफ है और महिलाओं के साथ भेदभाव को कानूनी रूप देता है। यूएन वुमेन की प्रतिनिधि सुसान फर्ग्यूसन ने भी कहा कि इस कानून से पुरुषों को महिलाओं पर अधिकार की स्थिति में रखा गया है और महिलाओं के लिए न्याय पाना और मुश्किल हो जाएगा। इस कानून में एक और चौंकाने वाली बात यह है कि जानवरों को लड़ाने पर पांच महीने तक की जेल हो सकती है। अफगानिस्तान में मुर्गों और तीतरों की लड़ाई एक आम परंपरा रही है, लेकिन तालिबान ने 2021 में सत्ता में आने के बाद इस पर रोक लगा दी थी। अब नए कानून में जानवरों की लड़ाई की सजा पत्नी को गंभीर रूप से पीटने की सजा से कहीं ज्यादा है। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि एक ही अपराध के लिए अलग-अलग सामाजिक वर्गों के लोगों को अलग सजा दी जाएगी। धार्मिक विद्वानों और बड़े लोगों को सिर्फ चेतावनी दी जा सकती है, जबकि आम लोगों को जेल और निचले वर्ग के लोगों को शारीरिक सजा दी जा सकती है। हालांकि हत्या के मामलों में यह फर्क नहीं होगा और दोषी पाए जाने पर मौत की सजा दी जा सकती है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108